

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर, सोमवार 15 सितंबर 2025 ■ आश्विन कृष्ण पक्ष-08 ■ वर्ष -41 ■ अंक-169 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 16 सितंबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये


# पूरे वक्फ कानून पर रोक नहीं, 3 बदलावों पर स्टे

## सेंट्रल वक्फ बोर्ड में 4 और राज्य में 3 से ज्यादा गैर-मुस्लिम मेंबर बनाने पर रोक

नई दिल्ली,15 सितंबर। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आज (सोमवर, 15 सितंबर को) अपना फैसला सुना दिया है। शीर्ष अदालत ने अंतरिम फैसले में इस ऐक्ट के क्रियान्वयन पर रोक लगाने से साफ तौर पर इनकार कर दिया है। यानी वक्फ ऐक्ट लागू रहेगा। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ के लिए संपत्ति दान देने के लिए पांच साल तक इस्लाम का पालन करने वाले मानदंड के कार्यान्वयन समेत कुछ प्रावधानों पर पर रोक लगा दी है। वक्फ ऐक्ट में कहा गया था कि केवल पिछले पांच साल से इस्लाम धर्म का पालन करने वाले ही वक्फ बना सकते हैं। यानी ऐक्ट में एक तरह से मुस्लिम की परिभाषा तय की गई थी, जिस पर कोर्ट ने रोक लगा दी है।देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि हमने इस ऐक्ट की सभी धाराओं को चुनौती देने वाली याचिकाओं की प्रथम दृष्टया समीक्षा की लेकिन पूरे कानून पर रोक लगाने का कोई ठोस कारण



नहीं मिला। पीठ ने कहा कि कानून पर रोक केवल दुर्लभ से दुर्लभतम मामलों में ही लग सकती है।

**वक्फ बोर्ड में तीन से ज्यादा गैर मुस्लिम नहीं**-हालांकि, सीजेआई गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने कहा कि राज्य वक्फ बोर्डों और केंद्रीय वक्फ परिषदों में गैर-मुस्लिम सदस्यों की संख्या तीन से अधिक नहीं हो सकती। यानी बोर्ड के 11 सदस्यों में से बहुमत मुस्लिम समुदाय से होना चाहिए। कोर्ट ने ये भी कहा कि जहां तक संभव हो, बोर्ड का मुख्य कार्यकारी अधिकारी भी मुस्लिम ही होना चाहिए।

**कलेक्टर वक्फ भूमि विवादों का समाधान नहीं कर सकते**-सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि कलेक्टर वक्फ भूमि विवादों का समाधान नहीं कर सकते। सीजेआई गवई ने फैसला सुनाते हुए कहा कि कलेक्टर को नागरिकों के व्यक्तिगत अधिकारों का निर्णय करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। अगर ऐसा हुआ तो यह शक्तियों के पृथक्करण का उल्लंघन होगा। कोर्ट ने कहा कि जब तक न्यायाधिकरण द्वारा फैसला नहीं हो जाता, तब तक किसी भी पक्ष के खिलाफ किसी तीसरे पक्ष के अधिकार का सृजन नहीं किया जा सकता।

**सरकार द्वारा नामित अधिकारी अतिक्रमण पर फैसला नहीं दे सकते**-इसके अलावा वक्फ कानून के सेक्शन 3 और 4 पर भी सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाई है। इसके अलावा, धारा 3 (74) से जुड़े राजस्व रिकॉर्ड के प्रावधान पर भी रोक लगाई गई है। कोर्ट ने उस प्रावधान पर भी रोक लगा दी जो सरकार द्वारा नामित किसी अधिकारी को यह तय करने का अधिकार देता है कि जो वक्फ संपत्ति है वह वास्तव में सरकारी संपत्ति पर अतिक्रमण है या नहीं। हालाँकि, न्यायालय ने वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण की जरूरत पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि यह पहलू पहले के कानूनों में भी मौजूद था। पंजीकरण के लिए निर्धारित समय-सीमा में संशोधन की जरूरत की चिंता के जवाब में, कोर्ट ने कहा कि उसने अपने आदेश में इस पहलू पर विचार किया है।

**दोनों पक्ष गदगद नजर आ रहे**-मुख्य न्यायाधीश ने अंतरिम आदेश के प्रभावी अंशों को लिखवाते हुए कहा, "हमने माना है कि पंजीकरण 1995 से 2013 तक अस्तित्व में रहा है... और अब भी है। इसलिए हमने माना है कि पंजीकरण कोई नई बात नहीं है।" न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि उसकी ये टिप्पणियाँ केवल प्रथम दृष्टया प्रकृति की हैं और वे पक्षकारों को इस ऐक्ट की वैधता को चुनौती देने वाले आगे के तर्कों से नहीं रोकेंगी। फिलहाल इस फैसले से दोनों पक्ष गदगद नजर आ रहे हैं और इसे संतुल्त फैसला बता रहे हैं।

## संक्षेप

### कोकिया नदी पर 3.32 करोड़ की लागत से बनेगा उच्चस्तरीय पुल

**रायपुर,15 सितंबर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले के लिए एक और बड़ी सौगात दी है। भालूमुंडा से खेजूरघाट मार्ग पर कोकिया नदी पर लगभग 3 करोड़ 32 लाख की लागत से उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कराया जाएगा। निविदा प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और पूर्ण होने के पश्चात अब शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू जाएगा। क्षेत्र वासियों ने इस कार्य की मंजूरी मिलने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताया है। इस पुल के बनने से फरसाबहार ब्लॉक के कोरंगामाल, भालूमुंडा, पेटामेरा, अंकिरा, खरीबहार, जुड़वाइन, सागजोर, परेवाआरा समेत दर्जनों गांव सीधे ओडिशा राज्य से जुड़ जाएंगे। वहीं रेडेघाट, सोनाजोरी, बनखेता, माटीहेजा जैसे गांव भी विकासखंड मुख्यालय से जुड़कर तेजी से विकास की मुख्यधारा में शामिल होंगे। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के दिनों में कोकिया नदी पार करना हमेशा से चुनौतीपूर्ण रहा है। अक्सर पानी बढ़ जाने से आवाजाही रुक जाती थी, जिससे स्कूल जाने वाले बच्चों, मरीजों और कामकाजी लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब पुल बनने से यह समस्या पूरी तरह समाप्त हो जाएगी और ग्रामीणों को सुरक्षित व सुगम आवागमन का लाभ मिलेगा। साथ ही विकासखंड मुख्यालय एवं ओडिशा राज्य की ओर आवागमन के लिए दूरी कम हो जाएगी।

### सड़क हादसे में बस्तर फाइटर जवान की मौत

**बीजापुर, 15 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में बीती शाम एक बस्तर फाइटर जवान की सड़क हादसे में मौत हो गई. घटना कोतवाली थाना क्षेत्र की है जब जवान बाइक पर सवार होकर आवापल्ली से बीजापुर की तरफ आ रहा था. इसी दौरान रास्ते में एक तेज रफ्तार कार से बाईक की जबरदस्त भिड़ंत हो गई, जिससे जवान की मौके पर ही मौत हो गई. जानकारी के मुताबिक, मृत जवान की पहचान रामकृष्ण ककेम के रूप में हुई है, जो ग्राम इलमिडी के कसारामपारा का रहने वाला था। वह आज सुबह ही अपनी बाइक से आव्वापल्ली से बीजापुर की ओर आ रहा था। इसी दौरान महादेवघाट के पास उसकी बाइक और कार के बीच जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें उसकी मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का सामने हिस्सा और बाइक भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त होगए. राहगिरों द्वारा हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा. पीएम के बाद मृत जवान के शव को परिजनों को सौंप दिया गया। साथ ही तेज रफ्तार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है.

### 4 ज्योतिर्लिंगों और स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के दर्शन कराएगी भारत गौरव ट्रेन

**नई दिल्ली15सितंबर।** भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (IRCTC) ने श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए एक खास पहल की है। आगामी 25 अक्तूबर से 'भारत गौरव एक्सप्रेस' चलाई जाएगी, जिसके माध्यम से यात्री चार प्रमुख ज्योतिर्लिंग मंदिरों और स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का दर्शन कर सकेंगे। यह यात्रा 9 दिन की होगी। ट्रेन अमृतसर से रवाना होगी और इसमें जालंधर, लुधियाना, चंडीगढ़, अंबाला, कुरुक्षेत्र, पानीपत, सोनीपत, दिल्ली कैंट और रेवाड़ी से यात्री सवार हो सकेंगे।आईआरसीटीसी ने इस पैकेज को "वन-स्टॉप स्पिरिचुअल और कल्चरल टूरिज्म पैकेज" बताया है। कंपनी का मानना है कि पंजाब, हरियाणा और दिल्ली के श्रद्धालुओं में इसकी भारी मांग होगी, क्योंकि एक ही यात्रा में चार पवित्र ज्योतिर्लिंग और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का दर्शन संभव है।

# राजनीतिक दल वर्कप्लेस पर महिला उत्पीड़न कानून के दायरे में नहीं आएंगे : सुको

**नई दिल्ली,15 सितंबर।** सुप्रीम कोर्ट ने कार्यस्थलों पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न को रोकने से जुड़े 2013 के कानून के दायरे में राजनीतिक दलों को लाने से इनकार कर दिया है. भारत के चीफ जस्टिस बी आर गवई की अध्यक्षता वाली तीन जजों की बेंच ने इस मामले में दाखिल अपील को खारिज करते हुए कहा कि ऐसा करने से यह ब्लैकमेल का एक साधन बन जाएगा. चीफ जस्टिस बी आर गवई ने टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसा करना ब्लैकमेल का एक साधन बन जाएगा. इतना ही नहीं इस कानून को राजनीतिक दलों पर लागू करने से ऐसे मामलों के लिए भानुमती का पिटारा खुल जाएगा. चीफ जस्टिस का कहना है कि किसी राजनीतिक दल में शामिल होना उस दल में नौकरी करने के समान नहीं है. राजनैतिक दल और उसके सदस्यों के बीच नियोक्ता और कर्मचारी का संबंध नहीं होता है. चीफ जस्टिस गवई ने सुनवाई के दौरान यह भी कहा कि आप राजनीतिक दलों को कार्यस्थल पर कैसे रखते हैं? वहां कोई रोजगार नहीं है क्योंकि जब कोई व्यक्ति किसी राजनीतिक दल में प्रवेश करता है तो यह नौकरी नहीं है, वहां कोई भुगतान नहीं होता है.दरअसल एडवोकेट अधिवक्ता योगमाया एमजी ने केरल हाईकोर्ट के एक फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी. इससे पहले हाई कोर्ट ने यह माना था कि राजनीतिक दल, कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के अनुसार इस अधिनियम के तहत,आंतरिक शिकायत समिति की स्थापना के लिए कानूनी रूप से उत्तरदायी नहीं हैं.

# वंचित वर्ग के उत्थान और जनसुविधाओं के विस्तार के लिए सरकार प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री

**रायपुर, 15 सितंबर**

गंगरेल बांध डुबान क्षेत्र की मछुआ सहकारी समितियों को पुनः मछली पालन का हक मिलने पर प्रभावित समितियों के सदस्यों ने विगत दिवस मुख्यमंत्री निवास पहुँचकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार जताते हुए अभिनंदन किया। इस अवसर पर गंगरेल डुबान क्षेत्र के तीन जिलों—धमतरी, कांकेर और बालोद की 11 मछुआ सहकारी समितियों के सदस्यगण उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री साय ने इस मौके पर ग्रामीणों की मांग पर डुबान क्षेत्र में जनसुविधा हेतु एक एम्बुलेंस उपलब्ध कराने और राष्ट्रीय बैंक की शाखा शीघ्र खोले जाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि गरीबों और वंचितों के उत्थान के लिए हमारी सरकार लगातार प्रयासरत है। विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के माध्यम से आम जनता को उनका अधिकार दिलाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर ही स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध हों और लोग सीधे लाभान्वित हो




सकें।मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत घर-घर में शौचालय निर्माण को बढ़ावा देकर बेटियों और महिलाओं को सम्मान दिलाने का कार्य किया है। आज स्वच्छ भारत मिशन एक जन आंदोलन का रूप ले चुका है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री जनधन योजना के माध्यम से आम नागरिकों को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा गया है और विभिन्न योजनाओं का लाभ अब सीधे डीबीटी के माध्यम से हितग्राहियों तक पहुँच रहा है। इस व्यवस्था ने बिचौलियों की भूमिका समाप्त की है और भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगाया है।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने महिला स्व-सहायता समूहों को पुनः रेडी-टू-ईट कार्य का जिम्मा सौंपा है, जिससे महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक वर्ग के उत्थान और सम्मान के लिए हमारी सरकार सतत कार्य कर रही है।इस अवसर पर धमतरी महापौर रामू रोहरा एवं पूर्व महिला आयोग अध्यक्ष हर्षिता पांडेय उपस्थित थीं। कार्यक्रम में गंगरेल बांध डुबान क्षेत्र की 11 मछुआ समितियों में ग्राम उरपुरी, तेलगुड़ा, मोगरागहन, कोलियारी पुराना, कोलियारी नया, गंगरेल, फुटहामुड़ा, तुमाबुजुर्ग, अलोरी, भिलाई एवं देवीनवागांव के सदस्यगण सहित अन्य गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# नितिन गडकरी ने इथेनॉल नीति के आलोचकों को दिया करारा जवाब

**नई दिल्ली,15 सितंबर।** सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने इथेनॉल नीति की आलोचनाओं को खारिज करते हुए अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला दिया और कहा कि उनका दिमाग "200 करोड़ रुपये प्रति माह का है।" उन्होंने अपने बेटों की इथेनॉल कंपनियों से जुड़ी कथित संलिप्तता के आरोपों का खंडन करते हुए स्पष्ट किया कि उनके व्यावसायिक सुझाव लाभ से नहीं, बल्कि विकास से प्रेरित हैं। सरकार के इथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल कार्यक्रम की आलोचना को राजनीति से प्रेरित बताकर खारिज करते हुए, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि उनका दिमाग "200 करोड़ रुपये प्रति माह का है" और उनके पास पैसों की कोई कमी नहीं है। नागपुर में एग्रीकोस वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मेरा दिमाग 200 करोड़ रुपये प्रति माह का है। मेरे पास पैसों की कोई कमी नहीं है, और मैं नीचे नहीं गिरता। उनकी यह टिप्पणी सरकार द्वारा इथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल के प्रचार की आलोचना के बीच आई है। सरकार ने इस बात पर ज़ोर दिया है कि 20 प्रतिशत इथेनॉल (E20) मिश्रित पेट्रोल एक स्वच्छ ईंधन है और इससे किसानों को गन्ना और मक्का जैसी अपनी फसलों के लिए बेहतर दाम मिल रहे हैं। आलोचकों का आरोप है कि इस कार्यक्रम से पानी की कमी होगी और वाहनों को नुकसान होगा। मंत्री पर निशाना साधते हुए, उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि दो प्रमुख इथेनॉल कंपनियाँ गडकरी के बेटों द्वारा संचालित हैं। गडकरी ने सीधे तौर पर विवाद का ज़िक्र किए बिना कहा, "मैं अपने बेटों को सुझाव देता हूँ, लेकिन धोखाधड़ी नहीं करता।" मंत्री ने कहा कि हाल ही में, मेरे बेटे ने ईरान से 800 कंटेनर सेब आयात किए और भारत से ईरान को 1,000 कंटेनर केले निर्यात किए। ईरान के साथ कोई आर्थिक लेन-देन नहीं है। मेरा बेटा आयात-निर्यात का काम करता है। मेरे पास एक चीनी मिल, एक डिस्टिलरी और एक बिजली संयंत्र भी है। मैं निजी फ़ायदे के लिए कृषि में कोई प्रयोग नहीं कर रहा हूँ। गडकरी ने स्थानीय सब्ज़ी विक्रेताओं को नागपुर में फल मॉल स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करने के अपने प्रयासों पर भी प्रकाश

# हादसे में छत्तीसगढ़ के 4 श्रद्धालुओं की मौत

## सीएम साय ने जताया शोक, घायलों के इलाज और मृतकों के पार्थिव शरीर घर पहुंचाने के दिए निर्देश

**रायपुर,15 सितंबर।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में वाराणसी-लखनऊ राजमार्ग पर आज सुबह भीषण बस दुर्घटना में छत्तीसगढ़ के चार श्रद्धालुओं की मौत और छह लोगों के गंभीर रूप से घायल होने की घटना पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर लिखा – वाराणसी-लखनऊ राजमार्ग पर हुई बस दुर्घटना में कांकेर और राजनांदगांव जिले के चार श्रद्धालुओं के असमय निधन व छह के गंभीर रूप से घायल होने का हृदय विदारक समाचार प्राप्त हुआ। प्रभु श्रीराम दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और उनके परिजनों को यह अपार दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।




घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूँ। मुख्यमंत्री ने कहा कि संबंधित जिला प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहयोग, घायलों का समुचित इलाज और मृतकों के पार्थिव शरीर को उनके घर तक पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। अयोध्या से दर्शन कर लौट रही छत्तीसगढ़ के कांकेर और राजनांदगांव जिले की डबल डेकर टूरिस्ट बस सीहीपुर क्रॉसिंग के पास ओवरटेकिंग के दौरान ट्रक से टकरा गई। हादसे में चार श्रद्धालुओं की मौके पर मौत हो गई, जबकि छह यात्री गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। मृतकों की पहचान कांकेर जिले की आशा भवल, गुलाब, बस चालक दीपक और एक अन्य अज्ञात यात्री के रूप में हुई है। सभी श्रद्धालु अयोध्या दर्शन के बाद काशी विश्वनाथ मंदिर जाने के लिए रवाना हुए थे। हादसे वक्त बस में कुल 50 यात्री सवार थे। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं। वहीं, अस्पताल में भर्ती घायलों का उपचार जारी है।



# ब्रिटेन में अप्रवासियों के खिलाफ गुस्सा या बढ़ती मुस्लिम आबादी का विरोध?

**लंदन,15 सितंबर।** मेलबर्न से लेकर लंदन और सिडनी से लेकर पेरिस तक में इन दिनों प्रवासियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन चल रहे हैं. ये तीनों ही देश हाई माइग्रेशन रेट की मार झेल रहे हैं और ऐसे में यहां के स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है. इनमें से दो देश ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया में जल्द चुनाव भी आने वाले हैं, इस वजह से भी एंटी इमिग्रेशन के मुद्दे ने जोर पकड़ लिया है. स्थानीय लोगों की शिकायत है कि प्रवासियों की वजह से उनके देश में नौकरियों की कमी, सांस्कृतिक बदलाव और संसाधनों पर बोझ बढ़ गया है. कई तरह के राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक कारणों से इन देशों में एंटी-इमिग्रेशन रैलियां आयोजित की जा रही हैं. भारत और चीन जैसे एशियाई देशों से लाखों की तादाद में लोग पश्चिम देशों में पढ़ाई या रोजगार की तलाश में पलायन करते हैं. इससे इन देशों की जनसंख्या भी बढ़ रही है. साथ ही घरों, नौकरियों और सेवाओं पर दबाव पड़ा है. इसका दोष प्रवासियों के मत्थे ही मढ़ा जा रहा है, भले ही अर्थव्यवस्था में वे कितना ही बड़ा योगदान क्यों न देते हों. उदाहरण के तौर पर ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन दोनों देशों में प्रवासी भारतीयों की तादाद बहुत बड़ी है. भारतीय छात्र ऑस्ट्रेलिया की अर्थव्यवस्था में सालाना करीब 6 अरब डॉलर का योगदान देते हैं. इसी तरह ब्रिटेन में भारतीय प्रोफेशनल्स हेल्थकेयर और टेक्नोलॉजी सेक्टर में अहम भूमिका निभाते हैं. लेकिन फिर भी इन देशों में भारतीयों का विरोध हो रहा है.

देश में अवैध तरीके से दाखिल होने वाले प्रवासियों के लेकर सुरक्षा चिताएं भी हैं और उन्हें अक्सर तस्करी रैकेट से जोड़ दिया जाता है. इसके अलावा इन प्रदर्शनों की सबसे बड़ी वजह नस्लवाद, मुस्लिम और अश्वेत विरोधी मानसिकता है. इसी वजह से एशियाई मूल और मुस्लिम प्रवासियों को सबसे ज्यादा निशाना बनाया जा रहा है. दूसरी अहम बात यह है कि एंटी-इमिग्रेशन रैलियां में दक्षिणपंथी समूहों की बड़ी भूमिका है. ऑस्ट्रेलिया में बड़े पैमाने पर चल रहे 'मार्च फॉर ऑस्ट्रेलिया' रैलियां और ब्रिटेन में चैनल क्रॉसिंग यानी अवैध प्रवासन पर सख्ती और फ्रांस में यूरोपीय यूनियन की नीतियों की वजह से भी एंटी-इमिग्रेशन प्रोटेस्ट की बाढ़ आ गई है.लंदन की सड़कों पर पिछले दिनों एक




लाख से ज्यादा प्रदर्शनकारियों ने एंटी-इमिग्रेशन मार्च निकाला. आंदोलन को एक्टिविस्ट टॉमी रॉबिन्सन लीड कर रहे थे, जो इस्लाम और ब्रिटेन में बढ़ती प्रवासन समस्या का मुद्दा उठाते रहे हैं. देश की कमजोर होती अर्थव्यवस्था के बावजूद लोग अवैध प्रवासन से काफी बड़ा मुद्दा मान रहे हैं. साल 2025 में अब तक 28 हजार से ज्यादा लोग छोटी नावों के जरिए इंग्लिश चैनल पार करके ब्रिटेन पहुंचे हैं. प्रदर्शनकारी ब्रिटेन को भी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तर्ज पर 'यूनाइट द किंगडम' की मांग के साथ सड़कों पर उतरे थे. लंदन में ये प्रदर्शन सबसे पहले उन होटलों के बाहर शुरू हुए, जहां शरणार्थियों को जगह दी जाती है. इसके बाद प्रोटेस्टर्स 'नो प्रोटेस्ट जोन' में चले गए और तब सुरक्षाकर्मियों के साथ झड़पें भी देखने को मिलीं. टॉमी रॉबिन्सन और उनके समर्थकों का आरोप है कि ब्रिटेन की अदालतों में बिना दस्तावेज़ वाले प्रवासियों के अधिकारों को स्थानीय लोगों के अधिकारों से ऊपर रखा जाता है. साथ ही इस विरोध प्रदर्शन में अरबपति कारोबारी एलन मस्क भी वीडियो लिंक के ज़रिए जुड़े और उन्होंने बड़े पैमाने पर प्रवासन को लेकर चिंता जताई और ब्रिटेन के लोगों से सरकार बदलने का आह्वान किया. ब्रिटेन में बढ़ती मुस्लिम आबादी भी एक बड़ा मुद्दा है. अनुमान है कि साल 2035 तक ब्रिटेन की कुल आबादी में 25% मुस्लिम हो सकते हैं. पहले से ही, लंदन जैसे शहरों में 'नो-गो जोन' बन गए हैं, जहां मुस्लिम बहुल इलाकों में गैर-मुस्लिमों को खतरा महसूस होता है. 2025 में एंटी-मुस्लिम क्राइम रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा, जो कि दो साल पहले की तुलना में 72% ज्यादा है.

### राजनाथ ने बड़े रक्षा सुधार के तहत नई रक्षा खरीद नियमावली को मंजूरी दी

**नई दिल्ली,15 सितंबर।** रक्षा मंत्रालय ने सुधारों की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाते हुए राजस्व खरीद प्रक्रिया को सुव्यवस्थित, सरल, सक्षम और युक्तिसंगत बनाने के लिए नयी रक्षा खरीद नियमावली 2025 को मंजूरी दे दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के कार्यालय ने रविवार को बताया कि रक्षा मंत्री ने नयी नियमावली को मंजूरी दे दी है। बजट अनुमान 2025 में राजस्व खरीद का बजट लगभग एक लाख करोड़ रुपये है। नयी नियमावली रक्षा क्षेत्र मेंआत्मनिर्भरता को बढ़ावा देते हुए सेनाओं के लिए राजस्व खरीद में तेजी लाएगी, स्टार्टअप और एमएसएमई सहित भारतीय उद्योग को सरल प्रक्रियाओं के साथ सक्षम बनाने के साथ साथ नवाचार और उद्यमशीलता को बढ़ावा देगी।

# राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय कलाकारों का किया गया नागरिक अभिनंदन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 15 सितंबर।** ललित कला अकादमी समूह छत्तीसगढ़ द्वारा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकारों का नागरिक अभिनंदन सिविक सेंटर स्थित कृष्ण अर्जुन रथ परिसर में आयोजित हुआ।

इन कलाकारों ने सुरक्षा, पर्यावरण और लोककला जैसे विषयों पर अद्वितीय चित्र उकेरे हैं। इन कृतियों ने मात्र दीवारों को रंगों से सजाया नहीं, बल्कि उन्हें एक जीवंत ओपन आर्ट गैलरी का रूप प्रदान किया है। औद्योगिक परिवेश में गूंजती मशीनों की आवाज़ों के बीच यह चित्रकला कर्मचारियों के लिए मानसिक शांति और नवीन ऊर्जा का माध्यम बन रही है।

कार्यक्रम के संयोजक समाजसेवी प्रवीण कालमेघ ने कहा कि छत्तीसगढ़ के शीर्षस्थ कलाकारों ने अपनी रचनाधर्मिता से न केवल राज्य, बल्कि पूरे देश का मान बढ़ाया है। उनकी कृतियाँ चीन, जापान, दुबई, फ्रांस और इंग्लैंड जैसे देशों में प्रदर्शित होकर अंतरराष्ट्रीय कला-जगत में भारत की सशक्त उपस्थिति दर्ज करा चुकी हैं। इस अभिनंदन समारोह में सुप्रसिद्ध चित्रकार हुकुमलाल वर्मा (पटेवा), ध्रुव तिवारी (रायपुर), जितेन साहू (रायपुर), अनंत साहू (खैरागढ़), गिरजा निर्मलकर (महासमुंद), किशोर साहू (नई दिल्ली), विवेक सोलंकी (रायपुर) तथा भिलाई के प्रख्यात कलाकार डी.एस. विद्यार्थी, हरीसेन, बी.एल. सोनी, मोहन बराल, ब्रजेश तिवारी, गुंजन शर्मा, अभिषेक सपन और मूर्तिकार अंकुश देवांगन सम्मिलित हुए। संचालन साहित्यकार मेनका वर्मा और विजय शर्मा ने किया।

यह अभिनंदन मात्र कलाकारों के सम्मान का अवसर नहीं था, बल्कि यह संदेश देने का भी माध्यम बना कि कला केवल सौंदर्यबोध नहीं, बल्कि समाज और परिवेश को संवेदनशील बनाने का साधन भी है।

## समाचार संक्षेप

### महापौर अलका बाघमार ने पुष्पक नगर मेन रोड का किया निरीक्षण



- सड़क पर सब्जी-फल बाजार हटाकर सीमित जगह पर लगाने के निर्देश
- नॉनवेज ठेले हटेंगे, केवल वेज ठेले लगाने की अनुमति
- महापौर ने स्पष्ट की दुर्ग की सीमाः स्मृति नगर बोर्ड से साइकिल रिपेयरिंग दुकान तक

**दुर्ग, 15 सितंबर।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत महापौर अलका बाघमार ने वार्ड क्रमांक 60 पुष्पक नगर मेन रोड का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ लोककर्म प्रभारी देवनारायण चंद्राकर, बाजार विभाग प्रभारी शेखर चंद्राकर एवं प्रभारी बाजार अधिकारी अभ्युदय मिश्रा, अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर,ईश्वर वर्मा,शशिकांत यादव उपस्थित रहे।

महापौर ने सड़क किनारे अनियंत्रित रूप से लगाए गए अस्थायी सब्जी एवं फल बाजार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे सड़क पर दुकानें लगाना बंद करें और निर्धारित सीमित स्थान में ही ठेला या दुकान लगाएं, जिससे आम नागरिकों को आने-जाने में परेशानी न हो और यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे। महापौर ने यह भी कहा कि नॉनवेज ठेले तत्काल हटाए जाएं और केवल शाकाहारी खाद्य सामग्री के ठेले लगाने की ही अनुमति दी जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो भी दुकानें निगम की सीमा में आती हैं, उनके बोर्ड अनिवार्य रूप से अपने-अपने सीमा क्षेत्र के भीतर ही लगाए जाएं। यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने हेतु सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को तुरंत हटाने के आदेश भी दिए गए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में पुनः अतिक्रमण पाया गया तो संबंधित व्यक्तियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। महापौर बाघमार ने मौके पर ही सीमा क्षेत्र को स्पष्ट करते हुए बताया कि स्मृति नगर बोर्ड तक दुर्ग नगर निगम की सीमा है और साइकिल रिपेयरिंग दुकान तक का क्षेत्र पुष्पक नगर के अंतर्गत आता है। इससे नागरिकों को क्षेत्र की वास्तविक सीमा की जानकारी भी दी गई।

## एक नजर

### युवक ने फांसी लगाकर की घर में आत्महत्या

**भिलाई, 15 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुपेला थाना अंतर्गत एक युवक ने पत्नी से तलाश के गम में अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है सुपेला पुलिस ने बताया कि घटना तिरंगा चौक शास्त्री नगर निवासी डीजे संचालक दुर्गेश यादव (27) का उसकी पत्नी से तलाक हो गया था इसके कारण से वह काफी परेशान चल रहा था दुर्गेश ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली सूचना पर सुपेला थाने पुलिस मौके पर पहुंची ने शव को मरच्युरी भेजा।

### गणेश मूर्ति विसर्जन पश्चात् निगम ने विसर्जन कुंड की सफाई प्रारंभ करवाई

**रायपुर, 15 सितंबर।** राजधानी शहर रायपुर में दस दिवसीय श्रीगणेश उत्सव और श्रीगणेश मूर्ति विसर्जन श्रद्धालुओं द्वारा किये जाने के पश्चात महादेवघाट के समीप विसर्जन कुण्ड की सफाई पोकलेन और जेसीबी मशीन की सहायता से प्रारम्भ करवा दी गयी है. रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर मीनल चौबे, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री सुनील चंद्राकर, आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम स्वास्थ्य विभाग जोन क्रमांक 8 द्वारा जोन क्षेत्र के अंतर्गत माधव राव सप्रे वार्ड क्रमांक 69 क्षेत्र अंतर्गत महादेवघाट के समीप विसर्जन कुण्ड की सफाई पोकलेन और जेसीबी मशीन लगाकर करवाई जा रही है. सफाई अभियान की मॉनिटरिंग जोन 8 जोन अध्यक्ष प्रीतम सिंह ठाकुर, माधव राव सप्रे वार्ड पार्षद महेन्द्र औसर, उपायुक्त स्वास्थ्य प्रीति सिंह, स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही, जोन 8 जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी गोपीचंद देवांगन और स्वच्छता निरीक्षक रितेश झा कर रहे हैं।

### आबकारी उपनिरीक्षक ने अपने जन्मदिन पर बच्चों के संग साझा की खुशियां

**रायपुर, 15 सितंबर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिले में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना और न्योता भोज के अंतर्गत संचालित अभिनव पहल प्रोजेक्ट आओ बांटे खुशियां के तहत रायपुर जिले के अधिकारी एवं कर्मचारी अब अपने जन्मदिवस को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए नन्हें बच्चों संग खुशियां बांट रहे हैं। इसी कड़ी में विजय नगर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में आबकारी विभाग की उपनिरीक्षक सुश्री अनुला झाड़े ने अपने जन्मदिन के अवसर पर आंगनबाड़ी तथा स्कूली बच्चों के साथ विशेष समय बिताया। बच्चों के साथ केक काटा तथा उन्हें फल, मिठाई, पौष्टिक आहार वितरित की। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के मार्गदर्शन में जिले के 14 कर्मचारियों को जन्मदिन की पूर्व संध्या पर एसएमएस और ई-कार्ड के माध्यम से शुभकामनाएं भेजी गई और उन्हें पास के आंगनबाड़ी या विद्यालय में बच्चों संग जन्मदिन मनाने हेतु प्रेरित किया गया।

### पीसीसी अध्यक्ष बैज समाज में बिगड़ते माहौल पर चिंता जताई, किसानों और मध्यमवर्ग की समस्याएं उठाईं

**रायपुर, 15 सितंबर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने आज पत्रकारों से चर्चा करते हुए हाल ही में चर्चा में आए एक आयोजन को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ जैसे सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टि से समृद्ध राज्य में ऐसे आयोजन सार्वजनिक तौर पर होना सामाजिक मर्यादा और कानून व्यवस्था दोनों के लिए चुनौतीपूर्ण है। उन्होंने अपील की कि शासन-प्रशासन को इस तरह की घटनाओं पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए जनता के बीच भरोसा कायम रखना चाहिए। समाज के भीतर गरिमा और अनुशासन बनाए रखने के लिए सभी राजनीतिक दलों और प्रशासन को मिलकर काम करने की आवश्यकता है। बैज ने कहा कि धान खरीदी के लिए एग्री स्टेक पोर्टल में पंजीयन को लेकर किसानों को कई व्यवहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। तकनीकी दिक्कतें, पोर्टल का समय पर काम न करना, और उचित मार्गदर्शन की कमी जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं। कांग्रेस पार्टी का मानना है कि किसानों को अनावश्यक परेशानियों से बचाने के लिए पंजीयन प्रक्रिया को सरल, सहज और पूर्व की तरह अधिक व्यवहारिक बनाया जाना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि सरकार को इस विषय पर पुनर्विचार करते हुए सभी किसानों के लिए सुलभ व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए ताकि किसी को भी समर्थन मूल्य से वंचित न रहना पड़े। ष्ठस्ञ्ज जीएसटी दरों में सुधार स्वागत योग्य, पर संतुलन जरूरी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में जीएसटी दरों में की गई कुछ कटौतियों का स्वागत है, लेकिन यह भी जरूरी है कि टैक्स प्रणाली आम आदमी की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए और अधिक संतुलित बनाई जाए। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में कई आवश्यक वस्तुओं पर अपेक्षाकृत ऊंचे दरों से कर लगाया गया, जिससे मध्यमवर्गीय और निम्न आय वर्ग प्रभावित हुआ।

## अग्रसेन भवन, सेक्टर-6 में राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता

# रोमांचक योग प्रदर्शन, खिलाड़ियों ने दिखाया संतुलन का अद्भुत कौशल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भिलाई, 15 सितंबर।** अग्रसेन भवन, सेक्टर-6 में चल रही राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता के चौथे और अंतिम दिन रविवार को एथलीटों ने रोमांचक प्रदर्शन कर दर्शकों और अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों ने पारंपरिक एवं नवीन योगासनों का अभ्यास प्रस्तुत करते हुए योग के महत्व को उजागर किया। मुख्य अतिथि एवं योगासन भारत के अध्यक्ष उदित सेठ ने कहा कि योग न सिर्फ स्वस्थ जीवनशैली की ओर अग्रसर करता है बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की योग परंपरा को सशक्त भी बनाता है। संस्थान योग में पारदर्शिता और इसके वैश्विक प्रचार-प्रसार के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर उन्होंने प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष गोस्वामी जयंत विष्णु भारती, संरक्षक अनूप बंसल और सचिव डॉ. मेजर सिंह को विशेष सम्मान प्रदान किया। विशिष्ट अतिथि संजय मालपानी (उपाध्यक्ष, योगासन भारत) रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद विजय बघेल ने की। साथ ही संभाग आयुक्त दुर्ग सत्यनारायण राठौर, चौकसे ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. आशीष जायसवाल, धनलक्ष्मी डायरेक्टर डॉ. लक्ष्मी प्रसाद अनंत, योगासन सरगुजा के अशोक जायसवाल और समाजसेवी चतुर्भुज राठी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के अंतिम दिन संतुलन साधने में एथलीटों ने अपनी महारत दिखाई। लेग बैलेंस व्यक्तिगत वर्ग प्रदीप्ता कुमार मोहापात्रा (ऑल इंडिया पुलिस) - स्वर्ण, सुधांशु शेखर (बिहार) - रजत। फॉरवर्ड बैंड व्यक्तिगत वर्गः दलीप सिंह (चंडीगढ़)- स्वर्ण, अर्णव (हरियाणा) - रजत, ध्रुव पोखरियाल (उत्तराखंड) - कांस्य। सीनियर वर्ग की आर्टिस्टिक ग्रुप प्रतियोगिता में राजस्थान के अर्जुन परमार, महाराष्ट्र के वैभव, हरियाणा के रोहित और चंडीगढ़ के दलीप सिंह ने भाग लिया। निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों के कौशल का मूल्यांकन कर विजेताओं की घोषणा की। कार्यक्रम देर शाम तक चला। दर्शकों ने एथलीटों के संतुलन और लयात्मक प्रस्तुतियों को देखकर रोमांचित होते हुए प्रतियोगिता को अविस्मरणीय बताया।

## नगर निगम की टीम ने टाटीबंध में 1746 वर्गफुट अवैध निर्माण को हटाया



**रायपुर, 15 सितंबर।** रायपुर नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री विश्वदीप के निर्देशानुसार नगर निगम जोन 8 नगर निवेश विभाग द्वारा जोन 8 अंतर्गत शहीद भगत सिंह वार्ड क्रमांक 21 क्षेत्र के अंतर्गत टाटीबंध क्षेत्र में स्वीकृति के विपरीत लगभग 1746 वर्गफुट पर किये गए अवैध निर्माण को हटाए जाने की कार्यवाही अभियान चलाकर की गयी.

नगर निगम जोन 8 जोन कमिश्नर श्रीमती राजेश्वरी पटेल के निर्देश पर स्थल में नगर निवेश विभाग के उप अभियंता श्री लोचन प्रसाद चौहान की उपस्थिति में स्वीकृति विपरीत अवैध निर्माण को स्थल पर तत्काल तोड़ा गया एवं भविष्य में नियमानुसार निर्माण करवाने की कड़ी हिदायत सम्बंधित निर्माणकर्ता को नगर निगम जोन 8 नगर निवेश विभाग द्वारा दी गयी.

## मां-बेटे ने किया मृत्यु के बाद शरीरदान का संकल्प



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 15 सितंबर।** इस्पात नगर, रिसाली निवासी श्रीमती शांति ढल्ले एवं उनके पुत्र चमन ढल्ले ने मृत्यु उपरांत अपने शरीर को मेडिकल कॉलेज में दान करने का संकल्प लिया है। यह निर्णय न केवल समाज के लिए प्रेरणादायी है बल्कि भावी चिकित्सकों की शिक्षा और शोध कार्यों के लिए अत्यंत उपयोगी भी होगा।

पिछले 20 वर्षों से आस्था संस्था मानव शरीर दान के प्रति जन जागरूकता का अभियान चला रही है। संस्था के संरक्षक एवं दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल इस मुहिम से लंबे समय से जुड़े हुए हैं। संस्था द्वारा शरीर दान का संकल्प लेने वालों को सम्मान पत्र देकर प्रोत्साहित किया जाता है। इसी कड़ी में ढल्ले परिवार का स्वागत एवं सम्मान किया गया।

श्रीमती शांति ढल्ले ने कहा यह शरीर नश्वर है। यदि इसे जलाने या दफनाने की बजाय मेडिकल कॉलेज में दिया जाए, तो विद्यार्थी हमारे शरीर से प्रैक्टिकल कर चिकित्सा शिक्षा ग्रहण करेंगे। यह हमारे लिए सौभाग्य और समाज के लिए पुण्य का कार्य होगा।

हम चाहते हैं कि अधिक से अधिक लोग इस दिशा में आगे आएं ताकि देश में योग्य डॉक्टर तैयार हो सकें। सांसद विजय बघेल ने मां-बेटे के इस संकल्प की सराहना करते हुए कहा कि व्यक्ति जीवन भर अपने और परिवार के लिए जीता है, लेकिन ढल्ले परिवार ने मृत्यु उपरांत शरीर को समाज और देश की सेवा में समर्पित करने का निर्णय लिया है। यह अत्यंत पुण्य और अनुकरणीय कार्य है। इस अवसर पर आस्था संस्था के संस्थापक प्रकाश गेडाम सहित संस्था के अन्य सदस्य भी मौजूद थे। उपस्थित जनों ने ढल्ले परिवार के निर्णय की मुक्तकंठ सराहना की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया।

## बाइक छीनकर भागने वाले युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 15 सितंबर।** वैशाली नगर थाना क्षेत्र के बाइक छीनकर भागने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

वैशाली नगर प्रभारी अमित अंदानी ने बताया कि रामनगर शासकीय स्कूल के पीछे वैशाली नगर निवासी सुनील यादव 28 अगस्त को अपनी मां के घर अर्जुन नगर से खाना खाकर बाइक सीजी-07 सी.टी 2584 से जा रहा था रामनगर शुलभ के पास वो बाइक रोककर खड़ा था, इसी दौरान वहां अर्जुन नगर कैम्प-1 दक्षु बाड़ी निवासी प्रेम सिंह, मोहम्मद आलम पहुंचे उन्होंने सुनील की बाइक की बाइक की चाबी छीनना शुरू कर दिया।

सुनील ने उन्हें रोका तो उन्होंने उससे गाली गलौज कर मारपीट की और बाइक लेकर फरार हो गए शिकायत के बाद पुलगांव पुलिस ने आरोपी प्रेम को गिरफ्तार किया पूछताछ करने पर उसने अपने साथी मोहम्मद आलम के साथ मिलकर अपराध करना स्वीकार किया आरोपी प्रेम को पकड़कर जेल भेज दिया गया है। वहीं मोहम्मद आलम की तलाश जारी है।

## युवती से 88 हजार की ऑनलाइन ठगी, मामला दर्ज

**भिलाई, 15 सितम्बर।** नेवई थाना अंतर्गत युवती ने एक साइट से कॉस्मेटिक का सामान ऑर्डर किया इसके बाद आरोपी ने कॉल कर पेमेंट नहीं आना बताकर उसके खाते से 88 हजार रुपए की रकम पार कर लिया।

रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 318(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है नेवई पुलिस ने बताया कर्का ग्राम कानाकोट उतई निवासी जयश्री साहू (32 साल ) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 9 सितंबर को ऑनलाइन पिलग्रीम कंपनी से अपने लिए कास्मेटिक सामान का आर्डर किया,जिसका पेमेंट उसने मरोदा ब्रांच की एसबीआई बैंक से कर दिया। 12 सितंबर को उसके नंबर पर मैसेज आया कि आपके सामान की डिलवरी होना है। इसके बाद उसी दिन उसके नंबर पर एक अनजान नंबर से कॉल आया कि वह पिलग्रीम कंपनी से बोल रहा है। आपके आर्डर का पेमेन्ट अभी तक नहीं आया है। तब प्रार्थिया ने बोला कि मेरे द्वारा पेमेन्ट कर दिया गया है। मेरे मोबाईल में मेसेज आया है तब मोबाईल धारक ने कहा कि आपको रिपेमेन्ट करना होगा।

## मोबाइल और वाट्सऐप के जरिए से सट्टा खेलने और खिलाने वाले चार गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 15 सितंबर।** वैशाली नगर थाना क्षेत्र के मोबाइल और वाट्सऐप के जरिए से सट्टा खेलने और खिलाने वाले चार आरोपियों को वैशाली नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से 4 मोबाइल और 6 हजार रुपए नगद जब्त किए हैं वैशाली नगर थाने पुलिस जांच में आरोपियों के मोबाइल से करीब 35 लाख रुपए की सट्टा पट्टी से जुड़ी चैट भी बरामद हुई है एक आरोपी की तलाश जारी है।

वैशाली नगर प्रभारी अमित अंदानी ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि रामनगर मुक्तिधाम शासकीय स्कूल के पास कुछ लोग कल्याण, राजधानी नामक सट्टा गेम मे अंकों पर रुपए पैसों का दाव लगाकर सट्टा खेल एवं खिला रहे हैं। सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश में तत्काल पुलिस टीम गठित कर मौके पर रवाना किया गया। पुलिस टीम ने मुखबीर के बताये स्थान पर पहुंचने पर कुछ लोग पुलिस को देखकर भागने लगे, जिसे पुलिस टीम ने घेराबंदी कर पकड़ा पूछताछ करने पर अपना नाम सूरज वर्मा (62) निवासी रामनगर, कुलेश्वर साहू (45) निवासी रामनगर साहू पारा, विकास शर्मा (38) निवासी ग्रिनवेली जुनवानी व आजम अहमद (35) निवासी शॉप नं 66 सेक्टर-7 बताया तथा कल्याण, राजधानी नामक गेम में अंको पर रूपए पैसों का दाव लगाकर सट्टा धनसिंह देवांगन निवासी रूआबांधा के साथ खेलना तथा खिलाना बताये इनके कब्जे से 1 नग किपेड मोबाइल, 3 नग एन्ड्राइड मोबाइल इसमें करीब 35 लाख रूपए का सट्टा खेलने एवं खिलाने के वाट्सएप चैट मिले हैं तथा 6 हजार रुपए नगद बरामद किया है एक आरोपी धनसिंह देवांगन निवासी रूआबांधा की पुलिस तलाश कर रही है।

## संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जामुल, 15 सितम्बर।** सद्गुरु बाबा हरदेव सिंह के पावन कथन कि मानव का रक्त नालियों में नहीं, मनुष्य की नाड़ियों में बहना चाहिए को चरितार्थ करते हुए, सद्गुरु माता सुदीक्षा महाराज के आशीर्वाद से संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन वार्ड क्रमांक 1 के मंगल भवन, जामुल में किया गया।

इस अवसर पर अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्रीमती सरस्वती बंजारे अध्यक्ष, जिला पंचायत, ईश्वर ठाकुर अध्यक्ष, नगर पालिका जामुल, रेखराम बंछोर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, वरिष्ठ पार्षद एवं उपाध्यक्ष, भाजपा जिला भिलाई, प्रशांत बंटी गुप्ता मंडल अध्यक्ष जामुल, श्रीमती सुनीता चेन्नेवार उपाध्यक्ष, नगर पालिका जामुल, श्रीमती सरोजनी चंद्राकर पार्षद, वार्ड क्रमांक 4, करीम खान (पार्षद, वार्ड क्रमांक 1, ओमप्रकाश साहू, ध्रुव देवांगन महामंत्री, अरुण यादव उपाध्यक्ष, सोनू यादव युवा मोर्चा अध्यक्ष तथा अनुप राय महामंत्री ने विशेष आतिथ्य के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। शिविर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और समाजसेवियों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया।

## छत्तीसगढ़ जकात फाउंडेशन का 11वां सालाना स्कॉलरशिप (वजीफा) प्रोग्राम

# मेरिट में आने वाले 128 छात्रों को 10 लाख की स्कॉलरशिप वितरित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 15 सितंबर।** छत्तीसगढ़ जकात फाउंडेशन का 11वां सालाना स्कॉलरशिप (वजीफा) प्रोग्राम शनिवार शाम जामा मस्जिद कम्युनिटी हॉल, सेक्टर-6, भिलाई में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कक्षा 6वीं से कॉलेज स्तर तक मेरिट में आने वाले कुल 128 छात्रों को 10 लाख रुपये की स्कॉलरशिप प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही विभिन्न कक्षाओं में मेरिट लिस्ट में स्थान बनाने वाले छात्रों को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडिशनल एसपी सुखनंदन राठौड़ तथा विशिष्ट अतिथि जिल्लुर रहमान सेवानिवृत्त जीएम, सीएसपीटीसीएल, रिजवान खान एजीएम), भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट के सदर मिर्जा आसिम बेग और नगर पुलिस अधीक्षक सत्यप्रकाश तिवारी ने छात्रों को मेहनत और लगन से शिक्षा ग्रहण करने का संदेश देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को अपनी उपलब्धियों से न केवल परिवार बल्कि समाज और देश का नाम भी रोशन करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ जकात फाउंडेशन के संस्थापक सदस्य ताहिर और अकील ने बताया कि संस्था पिछले 11 वर्षों में लगभग 9,000 छात्रों की उच्च शिक्षा में सहायक बनी है। भिलाई चैप्टर के प्रतिनिधि मोहम्मद इमरान खान ने सभी अतिथियों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर फाउंडेशन से फजल फारूकी, शब्बीर मीर, रिजवान, रियाज, डॉ. शबाना, पालकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## एक नजर

### स्वच्छता ही सेवा अभियान 17 से

**बलौदाबाजार, 15 सितंबर।** स्वच्छता के प्रति सक्रियता और सामूहिक प्रयास को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से वर्ष 2017 से निरन्तर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक यह अभियान स्वच्छोत्सव थीम पर आयोजित किया जजाएगा।अभियान अन्तर्गत अंतिम दिवस को स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया जाएगा। कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले स्वच्छता हीउ सेवा अभियान अंतर्गत विविध कार्यक्रम आयोजन हेतु तैयारी के निर्देश अधिकारियों को दिये है। स्वच्छता ही सेवा अभियान में पहुंचविहीन, उपेक्षित एवं गंदे स्थलों का चिन्हांकन, आईटी पोर्टल पर मैपिंग एवं समयबद्ध रूप से निराकरण, सार्वजनिक स्थानों, शासकीय एवं निजी कार्यालय एवं अन्य जन आवाजाही के केन्द्र की साफ सफाई,सफाई कर्मचारियों हेतु स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन एवं उन्हें केन्द्र एवं राज्य प्रवर्तित योजनाओं से लाभान्वित करना, पर्यावरण के अनुकूल एवं शून्य अपशिष्ट उत्सव का आयोजन, विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम जैसे वेस्ट-टू-आर्ट, स्वच्छ स्ट्रीट फूड आदि का क्रियान्वयन किया जाएगा। इसके साथ ही स्कूल एवं कोलेजो में विभिन्न जागरूकता एवं प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

### मोक्ष का पुरुषार्थ ही अंतिम लक्ष्य और जीवन जीने की कला : मनीष सागर महाराज

**रायपुर, 15 सितंबर।** टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में 14 सितंबर से पांच दिवसीय भेद विज्ञान साधना शिविर का शुभारंभ हुआ। प्रथम दिन परम पूज्य उपाध्याय प्रवर युवा मनीषी श्री मनीष सागरजी महाराज ने अर्थ, भोग, धर्म और मोक्ष पथ के भेद को धर्मसभा में समझाया। उन्होंने बताया कि मोक्ष का पुरुषार्थ ही अंतिम लक्ष्य और जीवन जीने की कला है। इस सत्य को जो समझ जाएगा वह सुखी और आत्म-आनंद में रहेगा। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि मोक्ष का पुरुषार्थ ही व्यक्ति का अंतिम लक्ष्य होना चाहिए। मोक्ष को हम काल्पनिक मान बैठे हैं। जैसे-जैसे आत्मा से राग और द्वेष निकलेंगे तो मोक्ष के पथ पर आगे बढ़ते जाएंगे। मोक्ष जीवन जीने की कला है। मोक्ष को जितना अपनाएंगे राग और द्वेष काम होगा। उतना आनंद बढ़ते जाएगा। आप संसार में सुखी भी होते जाएंगे। आनंद बढ़ाने की कला मोक्ष है। आप यदि इसे आनंद समझेंगे तो आप इस साधना को कहीं पर भी कर सकते हैं। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि संसार में व्यक्ति का एक ही लक्ष्य है सुख की चाहत। व्यक्ति दुख से मुक्ति चाहता है। आप सोचते हैं कि धन का मार्ग सुख प्रदान करेगा। धन रहेगा तो सुख रहेगा। चिंतन करें क्या धन का रास्ता हमें आत्म शांति तक पहुंचा सकता है। धन आने से भोग बढ़ता है। धन खूब कमा लिया तो वह भोग भी बहुत हो जाता है। भोग में तो रोग का भय होता है।

### राज्य स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में बलरामपुर को मिला पहला पुरस्कार

**बलरामपुर, 15 सितंबर।** सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा राज्य स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन एससीईआरटी शंकर नगर, रायपुर में किया गया। प्रतियोगिता में बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय जरहाडीह, बलरामपुर एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरतीकला, वाड्रफनगर के कुल 20 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश से 15 स्कूलों के 150 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के विकासखण्ड बलरामपुर के स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय जरहाडीह ने प्रथम स्थान प्राप्त जिले का नाम रोशन किया। प्रथम स्थान आने पर स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय जरहाडीह को 35 हजार रुपये एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरतीकला को सांत्वना पुरस्कार के रूप में 10 हजार रुपये प्रदान किया गया।

### आंगनबाड़ी केंद्र में बच्ची की मृत्यु पर हटाई गई आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका

**कोण्डागांव, 15 सितंबर।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार आंगनबाड़ी केंद्र पदेली स्कूलपारा, सेक्टर- मर्दापाल-02 परियोजना कोण्डागांव-03 में करेंट लगने से एक बच्ची की मृत्यु की घटना पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को बर्खास्त किया गया है। वहीं पर्यवेक्षक को निलंबित किया गया है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना कोंडागांव 3 द्वारा जारी आदेश के अनुसार उक्त घटना में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमति धसनी बाई एवं आंगनबाड़ी सहायिका श्रीमति ममता कोर्राम के घोर लापरवाही प्रदर्शित होने के कारण आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को तत्काल प्रभाव से पद से पृथक किया गया है।

साथ ही जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार पर्यवेक्षक द्वारा पर्यवेक्षण कार्य में लापरवाही तथा स्वेच्छाचारी आचरण पाये जाने पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत संबंधित श्रीमती मनीषा कतलाम, पर्यवेक्षक, सेक्टर मर्दापाल-02 को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में श्रीमती मनीषा कतलाम, पर्यवेक्षक का मुख्यालय कार्यालय, जिला कार्यक्रम अधिकारी, मबावि जिला-कोण्डागांव में निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। कलेक्टर के निर्देशानुसार एसडीएम अजय उरांव ने विभागीय अधिकारियों के साथ घटना स्थल पहुंचकर मृतक बच्ची के परिजनों से मुलाकात की और प्रशासन की ओर सहायता के रूप में 20 हजार रुपए की राशि दी गई।

# शहरसीमा का प्रवेश द्वार नाका नं. 1 तिराहा जोखिम भरा

## स्थायी डिवाइडर व मोड पर स्पीड ब्रेकर बनाया जाना बहुत जरूरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 15 सितंबर।** शहरसीमा का प्रवेश द्वार नाका नं. एक तिराहा जोखिम भरा तिराहा है दिन भर छोटे बडे वाहनो की आवाजाही शहर के अंदर व बायपास खप्पर बाबा मंदिर रोड पर बनी रहती है किन्तु जिस तरह से यह तिराहा सुरक्षित होना चाहिए वैसा है नही क्योंकि खप्पर बाबा की ओर से आने वाले वाहन व शहर के अंदर तरेंगा नादघाट की ओर से आने वाले वाहनो का साईड एक ही होता है क्योंकि खप्पर बाबा मंदिर की ओर से जो वाहन आते है वे वाहन वहीऔ से मुडकर नादघाट की ओर जाते है। ऐसे मे दोनो ओर से आने वाले वाहनो का संगम स्थल होता है ऐसे मे वाहनो की गति को नियंत्रित रखना बहुत जरूरी है लेकिन देखने मे हमेशा यही आता है वाहन अपनी तेज गति मे ही होते ऐसे मे कभी भी कोई भी अप्रिय स्थिति निर्मित हो जाये इससे इंकार नही किया जा सकता।इस तिराहा को सुरक्षित बनाया जाना बहुत ही जरूरी है क्योंकि इसमें मार्ग पर शहर के दो बडे स्कूल भी स्थित है जहाँ के बच्चे इसी मार्ग से घर जाते है ।बिजली आफिस तिराहा को जिस



तरह से सुरक्षित व सुव्यवस्थित करना चाहिए वैसा किया नही गया है केवल वैकल्पिक व्यवस्था के लिए पुराने टायरो से दायें बायें साईड के लिए डिवाईडर बनाकर व्यवस्था किया गया है जो मात्र वैकल्पिक है जबकि इतने महत्वपूर्ण तिराहे जहाँ सुबह से रात तक हजारों वाहन आते जाते है वहां स्थायी डिवाईडर व मोड पर स्पीड ब्रेकर बनाया जाना बहुत जरूरी है वैसे भी इस तिराहे से शहर के अंदर आने वाले हमेशा अंजाना सा भय व्याप्त रहता है कि विपरीत व सामने से आने वाले वाहन की गति क्या है क्योंकि गति नियंत्रण की कोई व्यवस्था नही है।

# मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 15 सितम्बर।** प्रार्थी टाकेश्वर वर्मा निवासी ग्राम रवान द्वारा दर्ज कराया गया कि दिनांक 13.09.2025 के रात्रि 09:00 अपना उधारी का पैसा लेने दीपक वर्मा के घर गया था, जिस पर उसकी मां ने बताया कि वह अभी खाना खा रहा है। तब प्रार्थी वापस आया एवं अपने साथी के साथ बाजार चौक रवान में बैठा था। तभी इसी बीच आरोपी दीपक वर्मा वहां पर आया एवं उसके द्वारा मेरे घर क्यों आया कहकर अश्लील गाली गलौज करते हुए, अपने हाथ में रखे लोहे की राड से मारपीट किया गया। इसके बाद चाकू को बाहर निकाल कर लहराते हुए जान से मारने की धमकी दिया गया। कि रिपोर्ट पर अपराध क्र. 922/2025 धारा 296,351(2),115(2) बीएनएस 25,27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी दीपक वर्मा को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर प्रार्थी के उसके घर आकर, उधारी के पैसे मांगने संबंधी बात को लेकर, आवेश में आकर प्रार्थी के ऊपर लोहे की राड से हमला करना एवं चाकू दिखाकर उसे जान से मारने की धमकी देना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में आरोपी को आज दिनांक 14.09.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी- दीपक वर्मा उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम रवान थाना सिटी कोतवाली।



# एग्री स्टेट में पंजीयन नहीं होने से किसान परेशान : राजू शर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा नेवरा, 15 सितंबर।** एग्री स्टेट में पंजीयन नहीं होने से किसान परेशान और चिंतित है किसान नेता राजू शर्मा ने कहा कि वित्तीय वर्ष में 2025 26 में किसानों को धान बेचने के लिए एग्री स्टेट पोर्टल में पंजीयन कराना अनिवार्य है किसानों के सामने सर्वर डाउन होना समय में पोर्टल नहीं खुलना किसान चॉइस सेंट्रो का चक्कर लगाकर पोर्टल नहीं खुलने के कारण परेशान और चिंतित हैं जिला सहकारी बैंक शाखा तिल्दा शाखा सिलियरी शाखा खरोरा शाखा तर्पूंगी के किसानों का 24 सरकारी समितियां में 50 प्र. से अधिक नहीं हुआ है शहरी क्षेत्र तिल्दा नेवरा के किसानों का एग्री स्टेट पोर्टल नहीं खुलने से पंजीयन नहीं हो पा रहा है 2023 के बाद किसान खरीदी बिक्री किए हैं बटवारा कई किसान 2 से 3 गांव में अलग-अलग खेती की जमीन है ऐसे किसानों का पोर्टल में नाम नहीं जुड़ा हुआ है शासन प्रशासन उपर्युक्त कृषक के लिए कोई नया आदेश नहीं है अन्यथा ऐसे में उक्त किसानों का धान समर्थन मूल्य में नहीं बिक पाया तो उन किसानों के साथ अन्याय होगा राज्य सरकार ने किसानों का 21 क्विंटल धान खरीदी का वादा किया है ऐसे में मोदी की गारंटी का क्या होगा किसानों को पोर्टल में पंजीयन करने का पर्याप्त समय दे वर्तमान समय में पंजीयन की प्रक्रिया जारी है इसमें कई तकनीकी खामियां हैं सम्मिलित खातेदार किसानों का अलग-अलग नाम से पंजीयन नहीं हो पा रहा है खसरा नंबर डालने से पति या पिता का नाम की जगह दूसरे का नाम दिख रहा है किसान अब धान खरीदी केंद्र पटवारी तहसीलदार कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं किसी कारण से पंजीयन नहीं होने पर समर्थन मूल्य किसान धान बिक्री नहीं कर पाएगा। उक्त बातें किसान नेता पूर्व जिला पंचायत सभापति राजू शर्मा ने पत्र प्रेषित करके राज्य सरकार से मांग की है।

# श्री गुजराती लोहार के नवीन सामुदायिक भवन का बृजमोहन ने किया लोकार्पण

**रायपुर, 15 सितंबर।** रायपुर लोकसभा सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने रायपुर नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 1 के यतियतनलाल वार्ड क्रमांक 4 के अंतर्गत अशोक विहार क्षेत्र में जनहित में सार्वजनिक जनउपयोग हेतु नवनिर्मित श्री गुजराती लोहार समाज सामुदायिक भवन का लोकार्पण प्रदेश के पूर्व केबिनेट मन्त्री रायपुर पश्चिम विधायक श्री राजेश मूणत, रायपुर ग्रामीण विधायक श्री मोतीलाल साहू, रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे, पूर्व विधायक श्री देवजी भाई पटेल, रायपुर नगर निगम एमआईसी सदस्य श्री महेन्द्र खोडियार, यतियतनलाल वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद एवं एमआईसी सदस्य श्री नंदकिशोर साहू, जोन 1 जोन अध्यक्ष श्री गज्जू साहू, जोन 8 जोन अध्यक्ष श्री प्रीतम सिंह ठाकुर, संत कबीर दास वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद



डॉक्टर मनमोहन मनहरे, सहित नगर निगम जोन 1 जोन कमिश्नर डॉक्टर दिव्या चंद्रवंशी, कार्यपालन अभियंता श्री डी. के. पैकरा और श्री गुजराती लोहार समाज के पदाधिकारियों, गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, आमजनों की उपस्थिति में फीता काटकर करते हुए शानदार सौगात दी. सांसद ने श्री गुजराती लोहार समाज के पदाधिकारियों से सामुदायिक भवन का सदुपयोग कर उसके रखरखाव में सहभागी बनने की विनम्र अपील की.

# कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने पर लिपिक निलंबित

**बलरामपुर।** कार्यालय तहसीलदार रामानुजगंज विकासखंड रामचन्द्रपुर में सहायक ग्रेड-03, प्रवीण कुमार लकड़ा, प्रभारी लिपिक काननूगो शाखा तथा नायब नाजीर शाखा रामानुजगंज के द्वारा नशे के हालत में अपने कार्य पर उपस्थित होने एवं अपने पदीय दायित्वों के प्रति घोर लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता बरतने पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम-9 (1) (क) के तहत् कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के द्वारा प्रवीण कुमार लकड़ा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में प्रवीण कुमार लकड़ा का मुख्यालय कार्यालय जिला निर्वाचन कार्यालय (स्थानीय) बलरामपुर नियत किया गया है। निलंबन अवधि में प्रवीण लकड़ा को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

# स्कूल के फर्नीचर बेचने वाले प्राचार्य पर जिला प्रशासन सख्त

## निलंबन का प्रस्ताव शासन को प्रेषित

**बलौदाबाजार, 15 सितम्बर।** स्कूल के फर्नीचर को निजी स्कूलों को विक्रय करने के मामले को कलेक्टर दीपक सोनी ने गंभीरतापूर्वक लेते हुए जांच में तथ्य पाए जाने पर शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय टुण्डरा के प्रभारी प्राचार्य रमेश बंजारे के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिये। निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रभारी प्राचार्य रमेश बंजारे पर निलंबन की कार्यवाही हेतु प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार टुण्डरा नगरवासियो द्वारा शासकीय शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय टुण्डरा के प्रभारी प्राचार्य रमेश बंजारे एवं शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की सहमति से स्कूल के फर्नीचर को निजी विद्यालयों को बेच देने के सम्बन्ध में शिकायत13 सितम्बर 2025 शनिवार को प्राप्त हुई। शिकायत की जांच हेतु टीम गठित किया गया जिसमें तहसीलदार टुण्डरा,विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कसडोल, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी कसडोल विकासखंड स्त्रोत समन्वयक संकुल समन्वयक के द्वारा शनिवार को ही स्थल पर जाकर मौक़ा जांच किया गया।जांच में पाया गया कि 8 सितम्बर 2025 को शासकीय शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय टुण्डरा के शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के पदाधिकारियों द्वारा पुराना जर्ज़र भवन को डिसमेन्टल कराए जाने हेतु वहां रखे कबाड़ एवं अनुपयोगी सामान को बेचने एवं प्राप्त राशि को शाला विकास समिति की खाते में जमा करने का निर्णय लिया गया। शाला के प्रभारी प्राचार्य श्री बंजारे द्वारा उक्त निर्णय के आधार पर टुण्डरा नगर के ज्ञान अमृत विद्यालय को 67 नग टेबल -चेयर एवं धविका पब्लिक स्कूल शिवरीनारायण को 40 नग टेबल -चेयर को कबाड़ मानकर उपयोगी फर्नीचर को बेच दिया गया। दोनों विद्यालय को बेचे गये फर्नीचर को शनिवार को लगभग 3 बजे शासकीय शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय टुण्डरा के गेट पर नगरवासियों द्वारा रोका गया जिस पर भौतिक सत्यपन कराया गया। सत्यापन में शिकायत की सत्यता की पुष्टि हुई ।जांच दल द्वारा शिकायतकर्ताओ के समक्ष 3 पिकअप में लाए गए फर्नीचर की शासकीय शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय टुण्डरा के एक कृक्ष में सुरक्षित सीलबंद किया गया एवं पंचनामा तैयार कर ताले की चाबी जांच दल द्वारा अपने कब्जे में लिया गया है।

# शहर में सर्वसुविधायुक्त बस स्टैंड की आवश्यकता : राधेश्याम शर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 15 सितंबर।** भाटापारा शहर को एक सर्वसुविधायुक्त बस स्टैण्ड की आवश्यकता है काफी लम्बे समय से भाटापारा शहर से संचालित होने वाली बसे सडक के किनारे से संचालित हो रही है जिले का सबसे बडा शहर बस स्टैण्ड विहीन है सर्वसुविधायुक्त बस स्टैण्ड नही होने से यहां से अपनी यात्रा शुरू करने वाले यात्रियों को काफी दिक्कत व तकलीफें का सामना करना पडता है खासकर परिवार के साथ यात्रा करने वाले लोगो के सामने समस्याओं के साथ साथ सडक के किनारे से बस मे बैठने के दौरान आने जाने वाले भारी वाहनो से दुर्घटना का भय हमेशा बना रहता है ।आदि गौण ब्राह्मण समाज के संरक्षक समाज सेवी राधेश्याम शर्मा फगा महराज ने शहर मे एक अच्छे बस स्टैण्ड की मांग शासन प्रशासन के लोगो से की है शर्मा ने कहा कि लगभग एक लाख की आबादी पहुंचने वाले शहर मे एक सर्वसुविधायुक्त बस स्टैण्ड की कमी हमेशा खलती है वही बाहर से आने जाने वाले लोग यहां बस स्टैण्ड नही होने पर अचंभित महसूस करते हैं। ज्ञात हो कि कुछ वर्ष पूर्व बसो का संचालन नया बस स्टेण्ड मे बने बस स्टैण्ड से होता रहा किन्तु अब वह स्थान भी जर्जर व टूट फूट गया है जिससे वहां बस वाले बस नही ले जाते जहां पहले बस स्टैण्ड था वह कृषि उपज मण्डी की जमीन है चूंकि अच्छे लोकेशन व पर्याप्त जगह होने से मण्डी प्रसाशन की सहमति से बस स्टैण्ड के लिए जगह प्रदान की गई थी किन्तु बीते दो तीन साल से जर्जर व अव्यवस्था के चलते लगभग बस स्टैण्ड वहां से हटाकर सडक के किनारे से किया जा रहा है यहां से लगभग 150 टायमिंग की बसे बलौदाबाजार, मुंगेली, नवांगढ, बेमेतरा, सुहेला, करहीबाजार, सिंगारपुर मावली माता , पथरिया,आदि जगहो के लिए बसे यहां से छूटती है वहीं यात्री सडक के किनारे बसो के इंतजार मे रहते है जहां उनके लिए बैठने की जगह है न ही सुरक्षित खडे रहने की, जिससे यात्रियों को हमेशा जोखिम बना रहता है ।



# घर-घर पहुंचा नल से जल, पानी की चिंता अब बीता हुआ कल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 15 सितंबर।** जल जीवन मिशन अंतर्गत हर गांव में घर- घर नल से जल पहुंचाने का कार्य लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसके साथ ही जल स्वच्छता, जल संरक्षण एवं एफक्टेी किट से जल परीक्षण की भी जानकारी विभिन्न संगठन के माध्यम से दी जा रही है। गांव के गली -घर में नल से स्वच्छ पानी पहुंचने पर ग्रामीणों को बहुत सुविधा मिली है जिससे अब पानी की चिंता उनके लिए बीते दिनों की बात हो गई है। सिमगा विकासखंड के ग्राम रबेली में जल जीवन मिशन अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा टंकी निर्माण, बोर खनन एवं पाइप लाइन का कार्य पूर्ण कर नल से जल आपूर्ति किया जा रहा है।ग्रामीणों को जागरूक करने टीम द्वारा जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्यों, मितानीन दीदी एवं ग्रामवासियों को जल संरक्षण हेतु समुदाय आधारित कार्यक्रम मे पानी के संरक्षण एवं पानी के सदुपयोग संबंधी विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की जा रही है।



# विद्यार्थियों को दी गई वन एवं पर्यावरण संरक्षण की जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 15 सितम्बर।** वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील के निर्देशानुसार बारनवापारा परिक्षेत्र के चरौदा सर्किल अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा (ब) के विद्यार्थियों के लिए जल जंगल यात्रा का आयोजन किया गया। आयोजन में स्कूली बच्चों को वन एवं पर्यावरण संरक्षण की जानकारी दी गई।



कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को वनों के महत्व और उनसे प्राप्त विभिन्न औषधीय प्रजातियों जैसे दशमूल, भोईनीम, नागरमोथा आदि के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही वृक्ष प्रजातियों की पहचान, खाद्य एवं अखाद्य घास प्रजातियाँ, वन्यप्राणियों हेतु चारागाह विकास तथा भू-जल संरक्षण कार्य जैसे गेबियन स्ट्रक्चर और लूज बोल्डर चेक डैम का महत्व समझाया गया। बच्चों को यह भी बताया गया कि जल संकट और जंगलों की कमी हमारे जीवन पर किस प्रकार प्रभाव डालती है और इनके संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास क्यों आवश्यक हैं। विद्यार्थियों को वन एवं वन्यप्राणियों की सुरक्षा में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत चरौदा (ब) की सरपंच शांतिबाई ठाकुर, उपसरपंच ललिता यादव, पूर्व सरपंच माधव तिवारी, ग्राम प्रमुख भूपेंद्र बारीक, पंच भानु ठाकुर, लोमेश ठाकुर, ग्राम महिला समूह अध्यक्ष रेशम बाई ठाकुर तथा विद्यालय के प्रधान पाठक श्रीमती शीला बघेल और शिक्षक श्री संतोष धृतलहरे,परिक्षेत्र सहायक सूर्यप्रकाश जाधव, बीट प्रभारी अमिताभ कुमार बंजारे रोशन निषाद,राहुल जोशी वन चौकीदार कुलेश्वर निषाद उपस्थित थे।

# महापौर ने भारत रत्न महान अभियंता मोक्ष गुण्डम विश्वेश्वरैय्या को 165 वीं जयंती पर दी श्रद्धांजलि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 15 सितंबर।** आज रायपुर नगर पालिक निगम संस्कृति विभाग के तत्वावधान में नगर निगम जोन कमांक 4 के सहयोग से संयुक्त अभियंता आयोजन समिति के तत्वावधान में राजधानी शहर रायपुर के सिविल लाईन्स पीडब्ल्यूडी चौक में स्थित भारत रत्न महान अभियंता मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरैय्या की 165वीं जयंती पर रखे गये संक्षिप्त पुष्पांजलि आयोजन में पहुंचकर राजधानी शहर की प्रथम नागरिक रायपुर नगर निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने सभी राजधानीवासियो की ओर से भारत रत्न महान अभियंता मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरैय्या को जयंती पर सादर नमन कर



आदरांजलि अर्पित की।महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने सभी अभियंताओं को अभियंता दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं दी। महापौर ने कहा कि रायपुर शहर के विकास में सभी विभागो के अभियंताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होने सभी अभियंताओं से रायपुर शहर को राजधानी के अनुरूप सुन्दर स्वच्छ, हरित, स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने सक्रिय सहभागिता दर्ज करवाने की अपील की। संक्षिप्त पुष्पांजलि आयोजन में रायपुर नगर निगम संस्कृति विभाग के अध्यक्ष श्री अमर गिदवानी, छ.ग. विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष श्री हेमंत वर्मा, वरिष्ठ अभियंता श्री चंद्रकांत पिल्लीवार, पीएचई के मुख्य प्रमुख अभियंता श्री ओंकेश चंद्रवंशी, सेवानिवृत्त वरिष्ठ अभियंता श्री पी.एन. सिंह, नगर निगम के सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता सूडा के संविदा मुख्य अभियंता श्री राजेश शर्मा, राविप्रा के सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता श्री डी.एस. परोहा, वास्तुविद श्री मनीष पिल्लीवार, रायपुर नगर निगम अधीक्षण अभियंता श्री राजेश राठौर, वरिष्ठ अभियंता सर्वश्री सी.पी शर्मा, श्री मनोज वर्मा, श्री योगेश शर्मा सहित वरिष्ठ अभियंताओ एवं कनिष्ठ अभियंताओं ने मूर्ति स्थल पर पहुंचकर भारत रत्न महान अभियंता मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरैय्या को उनकी 165 वीं जयंती पर नमन करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस अवसर पर संयुक्त अभियंता आयोजन समिति के तत्वावधान में महान अभियंता के मूर्ति स्थल के समीप रक्त दान शिविर का आयोजन रखा गया। जिसमे वरिष्ठ व कनिष्ठ अभियंताओं ने स्वेच्छिक रक्तदान किया।

# वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन ने विचार गोष्ठी में किया सुनील,नमिता,कनकलता का सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 15 सितंबर।** वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद के सोशल एक्टीविटी ग्रुप द्वारा विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर रविवार , दिनांक 14, सितम्बर, 2025 को होटल एमराल्ड, रायपुर में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया. इस गोष्ठी का विषय वर्तमान में हिन्दी की दशा व दिशा रखा गया था जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा एवं महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा द्वारा की गयी.

इस विचार गोष्ठी में उपस्थित सदस्यों ने अपने विचार प्रकट प्रकट किये एवं डॉ सुनील कुमार ओझा, नमिता शर्मा ने हिन्दी पर विशेष काव्य पाठ भी किया. गोष्ठी में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु डॉ सुनील कुमार ओझा,



नमिता शर्मा एवं समय पर उपस्थिति हेतु कनकलता मिश्रा को सम्मानित किया गया.

इस अवसर विशेष रूप से प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा, महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा, प्रदेश महासचिव अजय अवस्थी, डॉ सुनील कुमार ओझा, महिला महासचिव सुमन मिश्रा, सलाहकार त्रिभुवन तिवारी, गिरजा शंकर दीक्षित, सांस्कृतिक सचिव प्रीति मिश्रा, कनकलता मिश्रा, अनिमा शर्मा, लक्ष्मी राव, रामबृत तिवारी, अभिषेक त्रिपाठी, अर्चना तिवारी आदि उपस्थित रहे.

इस कार्यक्रम का संचालन अजय अवस्थी एवं आभार प्रदर्शन सुमन मिश्रा द्वारा किया गया.

## संपादकीय

### ट्रंप की बात कोई मान नहीं रहा

ऐसा पहले कभी होता नहीं था कि विश्व का सबसे शक्तिशाली देश अमरीका किसी देश या समूह से कोई बात कहे और वह देश का समूह उस बात को मानने से इंकार कर दे।सोवियत रूस के विघटन के बाद एकध्रुवीय दुनिया में अमरीका का दबदबा हुआ करता था। बाइडेन के बाद यह दबदबा कम होता चला गया है।ट्रंप के समय तो यह इतना कम हो गया है कि अब कोई देश अमरीकी राष्ट्रपति की बात को मानता नहीं है, अमरीकी राष्ट्रपति कुछ भी कहते हैं तो कई देश ऐसे हो गए हैं जिन्होंने दो टूक अमरीकी राष्ट्रपति की बात मानने से ही इंकार कर दिया है। इसकी एक मुख्य वजह यह है कि वह अमरीका जो पहले पूरी दुनिया के देशों को पैसा बांटता था आज वह पूरी दुनिया के देशों से पैसा टैरिफ लगाकर वसूल रहा है। दुनिया के ज्यादातर देश आज अमरीका से नाराज हैं तो उसके लगाए टैरिफ के कारण। अमरीका खुद तो टैरिफ तो लगाता ही है साथ ही अपने समर्थक देशों से भी जिन देशों को वह पसंद नहीं करता है, उन पर टैरिफ लगाने को कहता है। हाल ही में अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप ने यूरोपीय यूनियन के देशों से कहा था कि वह भारत व चीन पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाएं।यूरोपीय यूनियन के देशों ने ट्रंप की यह बात मानने से इंकार कर दिया और यह भी कह दिया कि वे तो इस साल के अंत तक भारत के साथ फ्री ट्रेड डील करने वाले है।,इसके बाद अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप ने नाटो देशों से कहा कि वह चीन पर 50-100 प्रतिशत टैरिफ लगाएं। साथ यह भी कहा कि नाटो देशों को रूस से तेल खरीदना बंद कर देना चाहिए। इससे पहले ट्रंप ने जी-7 देशों से रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर टैरिफ लगाने का आव्हान किया था लेकिन कोई देश अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप की बात मानने को तैयार नहीं है क्योंकि यह उनके देश हित के खिलाफ है। अमरीका राष्ट्रपति ट्रंप ने राष्ट्रपति चुनाव के दौरान वादा किया था कि वह यूक्रेन व रूस युध्द कुछ दिनों में ही रुकवा देंगे लेकिन वह अकेले ऐसा नहीं कर सके हैं और अब वह चाहते हैं कि नाटो देश,यूरोपीय यूनियन, जी-7 देश सहयोग करें। लेकिन कोई भी देश ट्रंप का सहयोग करने को तैयार नहीं हैं क्योंकि ट्रंप की नीति हों या बातें मानने योग्य नहीं है।

## राशिफल

मेष आज आपकी कोई अधूरी इच्छा पूरी हो सकती है और आप अपनी आय को बढ़ाने के लिए मेहनत में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। आपके बॉस आपसे काफी खुश रहेंगे, लेकिन वाहनों का प्रयोग आप जल्दबाजी में ना करें। परोपकार के कार्य से जुड़कर आप अच्छा नाम कमाएंगे। आपको अपनी किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। कार्यक्षेत्र में कोई आपको झूठा साबित करने की कोशिश करेगा। आप किसी अजनबी से लेन-देन ना करें।

वृषभ आज आपका मन किसी बात को लेकर परेशान रहेगा। आप अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए जो काम करेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। आपको अपने रूपए पैसे से संबंधित कोई जरूरी जानकारी किसी को नहीं देनी है। शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट करने वाले लोगों को थोड़ा समझदारी दिखानी होगी। आपका कोई परिजन आपसे मेल मुलाकात करने आ सकता है। दोस्तों के साथ आप किसी पार्टी आदि को करने की योजना बनाएंगे।

मिथुन आज का दिन आपके लिए सफलता दिलाने वाला रहेगा। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा। आपको अपने कामों को पूरा करने के लिए मेहनत जारी रखनी होगी। परिवार में किसी सदस्य की सेहत में गिरावट आ सकती हैं। आप आज संतान की फरमाइश पर किसी नए वाहन को लेकर आ सकते हैं। आप अपने खर्चों को लेकर थोड़ा परेशान ही रहेंगे, लेकिन आपको किसी अजनबी पर भरोसा करने से बचना होगा।

कर्क आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आप आज कोई फैसला बहुत ही समझदारी से ले। पारिवारिक मामलों को मिल बैठकर निपटाएं। किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी की यदि आप योजना बना रहे थे, तो उसके लिए आप कोई लोन अप्लाई कर सकते हैं। किसी सरकारी मामले में फैसला आने में कुछ समय और लगेगा। आपका मन में थोड़ी निराशा हो सकती है और अधिकारियों की कृपा पर बनी रहेगी। आप अपने कर्जो को भी उतारने की पूरी कोशिश करेंगे।

सिंह आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको कामों में अच्छे सफलता हासिल होगी। आप किसी दूसरे पर डिपेंड नहीं रहेंगे और कोई रुका हुआ काम पूरा करने के पूरे कोशिश करेंगे। बिजनेस में आप योजनाओं को लेकर अपने पार्टनर से बातचीत कर सकते हैं। आप अच्छे खान-पान का आनंद लेंगे और आपको इन्वेस्टमेंट संबंधित कोई प्लान मिले, तो उसमें इनवेस्टमेंट सोच समझकर करें। धन-धान्य में वृद्धि होने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

कन्या आज का दिन आपके लिए किसी बड़े प्रोजेक्ट पर काम करने के लिए रहेगा। आपको किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का मौका मिले, तो अवश्य करें और वाहनों का प्रयोग आप थोड़ा सावधान रहकर करें, इसलिए किसी से मांगकर वाहन ना चलाएं। यदि आप किसी यात्रा पर जाने की तैयारी कर रहे थे, तो उसे कुछ समय के लिए स्थापित कर दें। माता-पिता आपको काम को लेकर कोई सलाह दें, तो आप उस पर अमल अवश्य करें। आप अपनी संतान को किसी नौकरी से संबंधित कोर्स के लिए तैयारी करा सकते हैं। आज आपकी अच्छी सोच का आपको लाभ मिलेगा।

तुला आज का दिन आपके लिए सावधान रहकर कामों को करने के लिए रहेगा। आपके विरोधी सतर्क रहेंगे, जो आपको परेशान करने की कोशिश कर सकते हैं। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है और आप अपनी इन्कम को बढ़ाने के कोई किसी मौके भी हाथ से जाने नहीं देंगे, लेकिन आपको किसी दूसरे के मामले में बेवजह बोलने से बचना होगा। आपको सामाजिक कामों के लिए कोई पुरस्कार आदि मिल सकता है, जिससे आपको खुशी होगी।

वृश्चिक आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपको अपने पारिवारिक खर्चों पर पूरा ध्यान देना होगा। सेहत आपकी नरम गरम रहेगी, जिसको लेकर एहतियात बरतनी होगी। आपकी जीवनसाथी से खटखटा हो सकती है। आपको उन्हे मनाने की पूरी कोशिश करनी होगी। वाहनों का प्रयोग आप थोड़ा सावधान रहकर करें और आप अपने बिजनेस को और बेहतर करेंगे, जिससे आपकी काम की क्वालिटी बेहतर होगी और आपको कुछ बड़े-बड़े ऑर्डर भी मिल सकते हैं।

धनु आज का दिन आपके लिए प्रभाव और प्रताप में वृद्धि लेकर आने वाला है। सरकारी कामों को करने की योजना बना सकते हैं। आपको अपने किसी दूर रह रहे परिजन की याद सता सकती हैं। आपके घर किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपको अपने कामों को लेकर थोड़ा सा ध्यान रखना होगा। आप अपनी संतान के करियर को लेकर कोई महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं।

मकर आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आपको अपने आसपास में हो रहे वाद-विवाद से दूरी बनाकर रखनी होगी। नौकरी की तलाश में लगे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं, अविवाहित जातकों के जीवन में किसी नये मेहमान की दस्तक हो सकती है। आपके सगे-संबंधी आपके कामो में पूरा साथ देंगे। सिंगल लोगों की अपने साथी से मुलाकात होगी। विद्यार्थीयो को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा।

कुंभ आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपको किसी नए काम को करना बेहतर रहेगा। आपके रिश्तेदारों से आपका किसी बात को लेकर वाद-विवाद छिड़ सकता है। वरिष्ठ सदस्यों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आपको महिला मित्रों से व्यापार में अच्छा लाभ मिलेगा। आप अपनी किसी पुराने गलती से सबक ले और उसे दोबारा ना दोहराएं, तभी आपके रिश्ते बेहतर रहेंगे। आपको घूमने सुनने के दौरान कोई जानकारी प्राप्त होगी। आप किसी नये वाहन की खरीदारी कर सकते हैं।

मीन आज आपके मन में कुछ संशय रहने के कारण उलझनों का सामना करना पड़ेगा। आपकी कोई डील भी फाइनल होते-होते लटक सकती हैं। कार्यक्षेत्र में आपके साथी आपको तनाव दे सकते हैं। आप किसी दूसरे नौकरी के लिए अप्लाई कर सकते हैं। आपकी किसी बात को लेकर जीवनसाथी से कहासुनी होने की संभावना है। आप अपने पेट का खास ख्याल रखें, इसलिए अत्यधिक मिर्च मसाले वाले भोजन से परहेज रखें और बेफिजूल के खर्चों पर रोक लगाएं।

# नैतिकता और यौन शुचिता के विचार को नष्ट करती पैसा कमाने की अंधी होड़

मनोज कुमार अग्रवाल

देश के अलग अलग शहरों में इन दिनों निर्लज्जता भरी अनैतिक पेशा करने वालों की बढ़ती गतिविधियां काफी चिंता जनक है ।अब पश्चिमी देशों की तरह हमारे देश में भी सैक्स को एक आम प्रोफेशन की तरह अपनाकर पैसे कमाने की होड़ लगी है। सबसे अधिक चिंता का विषय यह है कि इस अवैध धंधेबाजो के द्वारा कम उम्र की स्कूली छात्राओं को बहला फुसला कर जिस्म के धंधे की अंधेरी सुरंग में धकेला जा रहा है। ये लोग पैसे कमाने के लिए जायज नाजायज वैध अवैध का विचार किए बिना किसी भी स्तर तक गिर सकते हैं। हाल ही में रांची से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है. जहां पर एक गर्ल्स हॉस्टल में सेक्स रैकेट चल रहा था. ये मामला शहर के लालपुर स्थित ओम गर्ल्स हॉस्टल का है. पुलिस ने इस मामले में 10 युवतियों सहित 11 को हिरासत में लिया गया है. पुलिस पूछताछ में रैकेट के पूरे नेटवर्क तक पहुंचने की कोशिश कर रही है. पुलिस को जानकारी मिली थी कि हॉस्टल परिसर से संगठित तरीके से देह व्यापार चलाया जा रहा है. जानकारी के बाद पुलिस तुरंत एक्शन में आई और जांच में लग गई. पुलिस को पता चला कि यहां से युवतियों को अलग-अलग स्थानों पर भेजा जाता था।



आपको बता दें कि जांच में काफी परेशान करने वाले तथ्य सामने आए हैं। मौके से पकड़े गए युवक-युवतियों से गहन पूछताछ की गई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शुरुआती जांच में यह सामने आया है कि लंबे समय से हॉस्टल का इस्तेमाल सेक्स रैकेट के ठिकाने के रूप में हो रहा था. गिरोह लड़कियों को यहां रखकर बाहर भेजता था और इसके बदले मोटी रकम वसूली जाती थी. छापेमारी अभियान में सिटी डीएसपी वेंकटेश रमन, कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय, लालपुर थाना प्रभारी रूपेश कुमार समेत जिले के कई पुलिस अधिकारी शामिल थे। अधिकारियों ने बताया कि यह मामला गंभीर है और इसमें हॉस्टल प्रबंधन की भूमिका की भी जांच की जा रही है। पुलिस ने संदेह जताया कि इस रैकेट से कई बाहरी लोग भी जुड़े हो सकते हैं. जांच का दायरा बढ़ाते हुए संभावित सरगनाओं और सहयोगियों को चिह्नित किया जा रहा है। इसके पहले 19 अगस्त को झारखंड के हजारीबाग में पुलिस ने बड़ा सेक्स रैकेट पकड़ा था. यहां हाईवे के किनारे छह होटलों पर छापेमारी कर 26 युवक-युवतियों को संदिग्ध स्थिति में हिरासत में लिया गया था. बाद में इनमें से 17 लोगों को जेल भेजा गया था। इनमें होटलों के संचालक और मैनेजर भी शामिल थे. धार्मिक नगरी मथुरा शहर के कृष्णा नगर इलाके में पुलिस ने स्पा सेंटर की आड़ में चल रहे देह व्यापार के धंधे पर बड़ी कार्रवाई की है। कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार देर शाम सूचना के आधार पर अलग-अलग दो स्थानों पर छापा मारा। पहली छापेमारी बैंक कॉलोनी, लिंक रोड स्थित हेवन स्पा सेंटर पर और दूसरी कार्रवाई कृष्णा नगर चौराहा के पास स्थित ब्लॉसम थाई स्पा एंड सैलून पर हुई। पुलिस ने दोनों जगहों से पंद्रह लड़की चार लड़कों को पकड़ा गया। छापे के दौरान पकड़े गए लोगों को थाने लाकर पूछताछ की जा रही है।आगे और छापेमारी की तैयारी पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इन दोनों जगहों पर धंधा संगठित तरीके से लंबे समय से चल रहा था। कृष्णा नगर चौकी क्षेत्र शहर का सबसे व्यस्त इलाका माना जाता है और यहां ऐसी गतिविधियों की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। सूचना की पुष्टि के बाद ही भारी पुलिस बल के साथ कार्रवाई की गई। पुलिस को शक है कि इस नेटवर्क से जुड़े अन्य ठिकाने भी हो सकते हैं। फिलहाल निगरानी तेज कर दी गई है और आगे और छापेमारी की तैयारी की जा रही है।

इस पूरे मामले के उजागर होने के बाद इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। स्थानीय लोग हैरान हैं कि शहर के बीचोंबीच ऐसी गतिविधियां संचालित हो रही थीं और किसी को भनक तक नहीं लगी। पुलिस का दावा है कि जल्द ही पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जाएगा और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। पुलिस के अनुसार, देह व्यापार करने वालीं युवतियां चेन्नई, दिल्ली और आगरा की बताई जा रही हैं। इसमें ज्यादातर आगरा की रहने वालीं हैं। कुछ महिलाएं भी शामिल हैं। फिलहाल पुलिस पूछताछ कर रही है हरियाणा के कैथल शहर में भी अनैतिक कार्य की शिकायत पर पुलिस ने अंबाला रोड स्थित गोल्डन थाई स्पा सेंटर में छापा मारकर दो महिलाओं और स्पा सेंटर चलाने वाले दो युवकों को गिरफ्तार किया है।महिलाओं ने बताया कि स्पा मालिक कमीशन देकर गलत काम करवाते हैं। यूपी के हाथरस में एक ओयो होटल में 8 युवतियां खुशी-खुशी पहुंची. सभी को आजू-बाजू कमरा मिल गया. अंदर 12 युवक बेसब्री से उनका इंतजार कर रहे थे. कुछ देर बाद पीछे-पीछे पुलिस पहुंच गई, जब पुलिस अफसर ने कमरों का दरवाजा खोला, तो होटल में भागमभाग मच गई. जिसके बाद पुलिस ने 8 लड़कियों को और 12 लड़कों को पकड़ लिया. यह पूरी घटना यूपी के हाथरस शहर के एक होटल की बताई जा रही हैदरअसल, हाथरस शहर में संचालित हो रहे होटलों पर निगरानी अभियान के तहत बुधवार को पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की. कोतवाली हाथरस गेट क्षेत्र के दयानंतपुर स्थित ओयो पैराडाइज होटल पर सीओ सिटी के नेतृत्व में छापेमारी की गई. इस दौरान पुलिस ने होटल के कमरों से संदिग्ध परिस्थितियों में मौजूद 12 युवक और 8 युवतियों को पकड़ लिया. आइए जानते हैं पूरा मामला बताया गया है कि होटल में लंबे समय से गलत गतिविधियों की शिकायतें मिल रही थीं. स्थानीय लोगों ने भी होटल के अंदर आने-जाने वालों की गतिविधियों पर सवाल उठाए थे. इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने होटल पर अचानक दबिश दी. छापेमारी होते ही होटल परिसर में हड़कंप मच गया. कई लोग भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन पुलिस ने सभी को पकड़कर हिरासत में ले लिया.इसी तरह यूपी के सहारनपुर में दिल्ली-यमुनोत्री हाईवे पर बने एक होटल पर शनिवार को अचानक प्रशासन और पुलिस की टीम ने छापा मारा। होटल के कमरों से 20 से अधिक युवक-युवतियां पकड़े गए। इनमें से एक लड़की स्कूल ड्रेस में मिली, जबकि दूसरी कॉलेज ड्रेस में थी। मौके पर अफरातफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से होटल में संदिग्ध गतिविधियां चल रही थीं।


जांच के दौरान होटल के अनुमति संबंधी कागजातों में कई अनियमितताएं पाई गईं। इस पर एसडीएम ने मौके पर ही होटल को सील करने के निर्देश दिए और पुलिस की मौजूदगी में शटर बंद कर ताला लगवा दिया। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि होटल के खिलाफ पिछले कुछ समय से लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इन्हीं शिकायतों के आधार पर यह कार्रवाई की गई।छापेमारी की खबर आसपास के क्षेत्र में तेजी से फैल गई। बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए और प्रशासन की कार्रवाई को देखते रहे। अब प्रशासन की सख्ती से ऐसे होटलों पर लगाम लगने की उम्मीद है। एसडीएम डॉ. पूर्वा शर्मा ने कहा कि नियम विरुद्ध तरीके से चल रहे होटलों और उनमें होने वाली अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी

पिछले दिनों कन्नौज में देह व्यापार के धंधे का एक बड़ा राज फाश हुआ है। छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के सौरिख रोड पर स्थित काकरी तालाब के पास ओयो के बोर्ड तले चल रहे एक होटल पर पुलिस ने छापा मारा, जहां से 8 युवक और 7 युवतियों को आपत्तिजनक हालत में पकड़ा गया। होटल को ओयो की फ्रेंचाइजी बताकर चलाया जा रहा था, लेकिन हकीकत कुछ और ही थी।

स्थानीय लोगों की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद एसपी बिनोद कुमार ने तत्काल एक्शन लेते हुए छापेमारी के आदेश दिए। सीओ मनोज कुमार और कोतवाली प्रभारी अजय अवस्थी के नेतृत्व में टीम ने छापा मारकर इस रैकेट का भंडाफोड़ किया। पकड़े गए युवकों में होटल संचालक भी शामिल है, जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है। वहीं, युवतियों को परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस की शुरुआती जांच में खुलासा हुआ है कि होटल में लंबे वक्त से देह व्यापार का गोरखधंधा चल रहा था। चौंकाने वाली बात यह है कि इन होटल्स में स्कूली छात्राओं को झांसे में लेकर लाया जाता था। उनके आपत्तिजनक वीडियो बनाकर महीनों तक ब्लैकमेल किया जाता और जबरन दूसरे युवकों के साथ संबंध बनाने के लिए मजबूर किया जाता था। इससे कई बच्चियों का भविष्य बर्बाद हो चुका है। यह तो सिर्फ सेमपल सूचनाएं है तकरीबन हर जिले और बड़े शहर में स्पा सेंटर और ब्यूटी पार्लर के आड़ में इस तरह के जिस्म के धंधेबाजो द्वारा इस तरह के अवैध धंधों का संचालन किया जा रहा है। यह लोग मासूम नादान कम आयुकी गरीब छात्राओं को पैसे कमाने का लालच दे कर अनैतिक कार्य में उतारने का समाज विरोधी तंत्र विकसित किया जा रहा है। सरकार को छात्राओं को जागरूक करने के लिए सचेतना टीम बनानी चाहिए।

# अनियंत्रित इस्राईल विश्व शांति के लिये सबसे बड़ा ख़तरा

तनवीर जाफ़री



गत 9 सितंबर को दोपहर बाद इस्राईल के 15 फ़ाइटर जेट्स और 10 से अधिक म्यूनिशन ने जिसमें स्टैंड-ऑफ़ मिसाइलें और स्टील्थ तकनीक शामिल थी, ने इस्राईल से 1800 किलोमीटर की उड़ान भरकर क़तर की राजधानी दोहा के कटारा और वेस्ट बे लैगून इलाक़ों में हमले करके उन सभी इमारतों को उड़ा दिया जहां हमास के कई शीर्ष नेता या तो रहा करते थे या उनके कार्यालय थे। इस हमले में 40 से ज़्यादा लोग मारे गए। हमास ने दावा किया कि इस्राईली हमले में उनकी मुख्य वार्ताकार टीम बच गई, लेकिन पांच सदस्य, जिसमें ख़लील अल-हय्या का बेटा और एक क़तरी सुरक्षा अधिकारी शामिल था, मारे गए। क़तर में हुआ यह हमला मध्य पूर्व में तनाव को और बढ़ाने वाला साबित हो सकता है। इस्राईल के इस क़दम को क्षेत्रीय स्थिरता के लिए बड़ा ख़तरा माना जा रहा है। यह पहला अवसर है जबकि इस्राईल ने अपने लक्ष्य को भेदने की ग़रज़ से क़तर में हमला किया है। इस हमले के तुरंत बाद क़तर ने अपने हवाई क्षेत्र की निगरानी बढ़ा दी। हालांकि, क़तर एयरवेज की उड़ानें सामान्य रूप से जारी रहीं। क़तर के प्रधानमंत्री शेख़ मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल-थानी ने कहा कि यह हमला ग़ज़ा में युद्ध विराम की मध्यस्थता के लिए क़तर के प्रयासों को पटरी से उतार सकता है। क़तर ने इस हमले को "कायराना" और "अंतरराष्ट्रीय क़ानूनों का घोर उल्लंघन" क़रार दिया। क़तर के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजेद अल-अंसारी ने इस हमले को क़तर की संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा के लिए ख़तरा बताया।



उधर इस्राईल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और इस्राईल सुरक्षा बलों ने इस हमले की पूरी ज़िम्मेदारी लेते हुये कहा कि यह हमला सटीक हथियारों से और पुख़्ता ख़ुफ़िया जानकारी के आधार पर किया गया, ताकि नागरिकों को नुक़सान कम हो। इस्राईल के अनुसार हमास के नेता, जिन्हें दोहा में निशाना बनाया गया वही 7 अक्टूबर 2023 के हमले के लिए ज़िम्मेदार थे और ग़ज़ा में युद्ध को संचालित कर रहे थे। अमेरिका में इस्राईली राजदूत ने यह भी कहा कि अगर इस हमले में हमास के कुछ नेता बच गए हैं तो अगले हमले में उन्हें भी निशाना बनाया जाएगा। इस क़दम को इस्राईल की आक्रामक रणनीति के उस हिस्से की शक्ल में देखा जा रहा है, जिसका उद्देश्य हमास को पूरी तरह समाप्त करना है, चाहे वह किसी भी देश में क्यों न हो। परन्तु हमास नेताओं को लक्षित कर क़तर पर किये गये इस्राईली हमले को एक अभूतपूर्व क़दम के रूप में इसलिये देखा जा रहा है क्योंकि क़तर अमेरिका का प्रमुख सहयोगी और ग़ज़ा युद्धविराम वार्ता का मध्यस्थ है। क़तर में ही अमेरिका का अल-उदईद एयरबेस भी है जहां क़रीब 10,000 अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। यह एयरबेस इस्राईल द्वारा किये गये हमले की जगह से केवल 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इस्राईल की इस आक्रामक कार्रवाई ने क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तनाव को और बढ़ा दिया है, और ग़ज़ा में शांति प्रक्रिया को और जटिल कर दिया है। इस हमले ने मध्य पूर्व में अमेरिकी प्रभाव को भी कमज़ोर किया है और तुर्की जैसे अन्य देशों के लिए भी ख़तरे की आशंका पैदा की है इस्राईल की इस आक्रामक व उकसाने वाली कार्रवाई की विश्व के अनेक देशों ने निंदा की है। क़तर सरकार ने हमले को "आपराधिक हमला" क़रार देते हुए इसकी कड़ी निंदा की और इसे अंतरराष्ट्रीय क़ानून तथा संयुक्त राष्ट्र चार्टर का स्पष्ट उल्लंघन बताया है । क़तर ने अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए सभी उपायों का समर्थन किया। जबकि जॉर्डन के किंगअब्दुल्ला द्वितीय ने फ़िलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास से मुलाक़ात के दौरान क़तर में हुये इस्राईली हमले की निंदा की। उन्होंने इज़राइल के ग़ज़ा पर नियंत्रण बढ़ाने और वेस्ट बैंक में बस्तियों के विस्तार को भी ख़ारिज किया साथ ही ग़ज़ा में युद्धविराम, मानवीय सहायता और द्वि -राष्ट्र समाधान पर ज़ोर दिया। वहीँ संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्री शेख़ अब्दुल्ला बिन ज़ायद ने मिस्र के विदेश मंत्री से मुलाक़ात में इस हमले को अंतरराष्ट्रीय क़ानून तथा यूएन चार्टर का उल्लंघन क़रार दिया। उन्होंने वैश्विक स्तर पर इस्राईल की "आक्रामकताओं" को रोकने की अपील भी की। इसी तरह मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फ़तह अल-सीसी ने कुवैत के अमीर से फ़ोन पर हुई बातचीत में क़तर के प्रति "पूर्ण एकजुटता" व्यक्त करते हुये इस हमले को क़तर की संप्रभुता पर अस्वीकार्य अतिक्रमण बताया और इसे अंतरराष्ट्रीय क़ानून का उल्लंघन क़रार दिया। जबकि कुवैत के अमीर, शेख़ मिशाल अल-अहमद अल-जाबर अल-सबाह ने भी हमले को संप्रभुता पर अतिक्रमण बताया और अंतरराष्ट्रीय क़ानून का उल्लंघन क़रार दिया। ईरान के विदेश मंत्री सैय्यद अब्बास अराघची ने इस हमले को "आतंकवादी आक्रामकता" बताते हुये क़तर के प्रति एकजुटता व्यक्त की और इज़राइल को क्षेत्रीय तथा वैश्विक शांति के लिए "तत्काल ख़तरा" बताया। ट्यूनीशिया के विदेश मंत्रालय ने भी हमले को "कुटिल और दुष्ट हमला" क़रार देते हुये क़तर के प्रति पूर्ण एकजुटता व्यक्त की और अरब सुरक्षा को इस्राईल के ख़तरों से बचाने पर ज़ोर दिया। दुनिया के कई देशों ने इस हमले को लेकर सुरक्षा परिषद् की आपात बैठक बुलाने की बात भी की। अभी क़तर के हमले को लेकर दुनिया के अनेक देश अपनी तीखी प्रतिक्रिया दे ही रहे थे कि इसी बीच नेतन्याहू ने यह घोषणा भी कर दी कि ग़ज़ा के 40 प्रतिशत हिस्से पर इस्राईली सुरक्षा बालों का नियंत्रण हो चुका है। साथ ही इस्राईली सुरक्षा बालों की ओर से ग़ज़ा में बचे शेष लोगों से भी ग़ज़ा छोड़ने को कहा गया है। और इसी के अगले दिन यानी 11 सितंबर को इस्राईली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक बार फिर फ़िलिस्तीनी राज्य के अस्तित्व को मानने से ही स्पष्ट रूप से इंकार कर दिया। उन्होंने वेस्ट बैंक के मा'अले अदुमिम निपटान में एक समारोह के दौरान कहा कि "फ़िलिस्तीनी राज्य नहीं बनेगा" और "यह जगह हमारी है।" यह बयान उस समय दिया गया जब वे एक विवादास्पद निपटान विस्तार समझौते पर हस्ताक्षर कर रहे थे, जो फ़िलिस्तीनी क्षेत्र को विभाजित करने का प्रयास माना जा रहा है। दक्षिणपंथी नेतन्याहू पहले भी द्वि राष्ट्र का विरोध करते रहे हैं। उनका यह ताज़ा बयान भी फ़िलिस्तीनी राज्य की संभावना को नष्ट करने का प्रयास माना जा रहा है। नेतन्याहू उस फ़िलिस्तीनी राज्य के अस्तित्व को मानने से इंकार कर रहे हैं जिसने जर्मन से हिटलर द्वारा निष्कासित इन्हीं यहूदियों को मानवता के नाते अपनी धरती पर पनाह दी। अभी पिछले दिनों फ़िलिस्तीन को राज्य का दर्जा देने के पक्ष में संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत सहित 142 देशों द्वारा एक बार फिर मतदान किया गया। फ़िलिस्तीन के समर्थन में आये इस प्रस्ताव में इस्राईल द्वारा की जा रही हिंसा की निंदा की गयी साथ ही ग़ज़ा में इस्राईली बस्ती बसाने की योजना को भी समाप्त करने की मांग की गई है। अमेरिका व इस्राईल सहित केवल 10 देशों ने इस प्रस्ताव का विरोध किया जबकि शेष दुनिया फ़िलिस्तीन के साथ खड़ी दिखाई दी। परन्तु अतिवादी सोच के नेतन्याहू पूरी दुनिया को ठेंगा दिखाने की ठाने हुये हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि मानवता के दुश्मन व अंतर्राष्ट्रीय नियमों की धज्जियाँ उड़ाने वाले दक्षिणपंथी नेतन्याहू फ़िलिस्तीन में अपना जंगल राज स्थापित करना चाहते हैं। मानवता की रक्षा के लिये ऐसे कुत्सित इस्राईली प्रयासों को पूरे विश्व को मिलकर रोकना होगा।

# दुपट्टे से बनाएं डांडिया नाइट्स के लिए नए कपड़े

नवरात्रि का त्योहार आने में अब ज्यादा दिन बचें नहीं। ऐसे में महिलाओं को डांडिया नाइट्स में जाने आउटफिट को लेकर काफी चिंता हो रही है। न्यू आउटफिट खरीदें या फिर पुराना ही कुछ पहन लें। लड़कियों अब आपको टेंशन लेने की कोई जरुरत नहीं है, अगर आपके पास न्यू चानिया-चोली या घाघरा के लिए बजट नहीं हैं, तो आप दुपट्टे के जरिए डांडिया नाइट्स के लिए आउटफिट बना सकते हैं। शारदीय नवरात्रि शुरु होने में अब ज्यादा नहीं है। कुछ ही दिनों में नवरात्र के दौरान हर जगह मां दुर्गा का पंडाल नजर आएंगे। चारों-तरफ मां दुर्गा की पूजा की धूम देखने को मिलेगी। इस दौरान डांडिया और गरबा भी खूब खेले जाते हैं। डांडिया नाइट्स में सजधज के जाने में काफी मजा आता है। इस दौरान डांडिया नाइट्स में खूब क्रेज होता है। महिलाएं अपने दोस्तों के साथ के जाती है। इसको लेकर अभी काफी टेंशन बढ़ गई होगी कि नए कपड़े खरीदने की। अब हर साल इसके लिए नए कपड़े खरीदना भी मुश्किल होता है। अगर आपके बजट में नहीं है कपड़े खरीदना, तो आप कपड़ों सस्टेनेबल तरीके से कपड़ों को रीयूज कर सकते हैं। आप पुराने बांधनी प्रिंट, मिरर वर्क या कलरफुल दुपट्टे से डांडिया नाइट्स के लिए कपड़ा रेडी कर सकते हैं। आइए आपको इन टिप्स के बारे में बताते हैं।

**बना सकते हैं रैप स्कर्ट**-गरबा नाइट्स के लिए आप स्टाइलिश लुक चाहती हैं, तो आप स्कर्ट को किसी भी शेप वियर वाले पेटीकोट के ऊपर स्कर्ट की तरह रैप कर सकती हैं। बेल्ट की मदद से ऊपर से इसे सिक्योर कर सकते हैं।

**दुप्पटे से बना सकते हैं जैकेट**-यदि आपके पास मिरर वर्क वाला दुपट्टा है तो इसकी मदद से लांग या शॉर्ट जैकेट स्टिच करवा सकती हैं। ये जैकेट आपके कुर्ते और स्कर्ट दोनों पर सुंदर नजर आएगी। इसके साथ ही आप पलाजो और क्रॉप टॉप के साथ भी पेयर कर सकते हैं।

**दुपट्टे को करें ड्रैप**-आप लांग स्कर्ट और टॉप के साथ मिरर वर्क वाले या कलरफुल दुपट्टे को वन शोल्डर पर पिनअप करके दूसरी साइड तक ड्रेप करें। इससे दुपट्टे का पूरा लुक आएगा। इसके साथ ही आप एक्सेसरीज कैरी करें।

**कफ्तान पहन सकते हैं**-आप चाहें तो कलरफुल दुपट्टे से कफ्तान स्टिच करा सकती हैं। स्लीव को हटके बनाने के लिए निचले किनारों पर पॉम पॉम या मिरर वाली लैस भी लगवा सकते हैं। इसके साथ आप ऑक्सीडाइज्ड ज्वैलरी और ईयरिंग्स पहन सकते हैं।

## सू- दोकू क्र.171

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.170 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

## एक नजर

### संकुल केंद्र टेकनार में बच्चों को जाति प्रमाणपत्र वितरित

**दंतेवाड़ा, 15 सितम्बर।** आज संकुल केंद्र टेकनार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जनपद सदस्य श्री रामू नेताम एवं सरपंच श्री मनीराम भोगमी द्वारा बच्चों को जाति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। जनपद सदस्य श्री रामू नेताम ने इस पहल पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि अब कक्षा पहली से ही बच्चों को जाति एवं निवास प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे अभिभावकों को कार्यालय के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं होगी।उन्होंने संकुल के सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने बच्चों के जाति प्रमाण पत्र के फॅार्म भरकर कार्यालय में जमा करवाए। कार्यक्रम में बताया गया कि संकुल से कुल 84 फॅार्म जमा किए गए थे, जिनमें से 50 जाति प्रमाण पत्र तैयार होकर प्राप्त हो चुके हैं और बच्चों को वितरित किए जा चुके हैं। इस तरह शालाओं में बच्चों को जाति प्रमाण पत्र मिलने से अभिभावकों ने भी प्रसन्नता जाहिर की है।

### मिनी माता सम्मान के लिए 26 सितंबर तक आवेदन

**उत्तर बस्तर कांकेर, 15 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं विशेष रूप से अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक महिलाओं के उत्थान के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला, अशासकीय संस्था से मिनी माता सम्मान (महिला उत्थान) के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 26 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। इस योजना के तहत एक महिला या संस्था को 02 लाख रुपये की राशि तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। विस्तृत जानकारी के लिए विभागीय वेबसाइट का अवलोकन किया जा सकता है।

### वीरांगना अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार के लिए 26 तक प्रविष्टि

**उत्तर बस्तर कांकेर, 15 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं में विशेषकर वीरता, शौर्य, साहस तथा महिलाओं में आत्मबल को सशक्त करने के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली राज्य की महिलाओं को प्रतिवर्ष वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार प्रदान किया जाता है, इसके लिए 26 सितम्बर 2025 तक प्रविष्टि आमंत्रित किया गया है। योजना के तहत एक महिला को 02 लाख रूपये की राशि तथा प्रशस्ति पत्र सम्मान के रूप में प्रदान किये जाने का प्रावधान है। इस संबंध में अधिक जानकारी विभागीय वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

### माता बहादुर कलारिन सम्मान के लिए आवेदन 26 तक

**उत्तर बस्तर कांकेर, 15 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष, नारी उत्थान हेतु अभूतपूर्व कार्य करने वाली राज्य की महिलाओं को प्रोत्साहित करने हेतु माता बहादुर कलारिन सम्मान वर्ष 2025 के लिए 26 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

इसके तहत महिलाओं को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से प्रतिवर्ष राज्य अलंकरण समारोह में एक महिला को 02 लाख रूपये की राशि तथा प्रशस्ति पत्र सम्मान स्वरूप प्रदान किया जाता है। उक्त सम्मान के संबंध में विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

### शिक्षक दिवस पर सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान

**कोरबा, 15 सितंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25वर्ष (रजत जयंती वर्ष) पूर्ण होने के अवसर पर शासन के निर्देशानुसार सेजस गोपालपुर में विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया इसी क्रम में विगत दिवस सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान समारोह में सेवानिवृत्त प्राचार्य दिनेश कुमार भारद्वाज, सेवानिवृत्त व्याख्याता श्रीमती निर्मला पटेल, सेवानिवृत्त प्रधान पाठक श्रीमती सिसिलिया लकड़ा विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्या डॉ श्रीमती सीमा भारद्वाज के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि शिक्षक के रूप में शासन के द्वारा एक बहुत महत्वपूर्ण जवाबदेही हम सबको दिया गया है,जिसका निर्वहन हम सभी को सच्ची लगन से करना चाहिए। आज के विद्यार्थी कल के देश के भविष्य हैं,उनका भविष्य संवारने का दायित्व शिक्षकों का है।

# कमीशन मांगने वाले एसडीओ के खिलाफ सरपंचों ने खोला मोर्चा

## कलेक्टर से की लिखित शिकायत, उचित कारवाई की मांग की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 15 सितंबर।** भाजपा की साय सरकार ने सत्ता सम्हालते ही भ्रष्टाचार एवं कमीशनखोरी खत्म करने एवं भ्रष्टाचारियों पर सख्त कारवाई करने की बड़ी बड़ी बातें कही थी। वहीं आज भ्रष्टाचार एवं कमीशनखोरी सरकारी विभागों में नासूर सा बनता जा रहा है। आम लोगों का कागजी काम बगैर घूस, कमीशन दिए होता ही नहीं। कमीशनखोरी का एक नया मामला दंतेवाड़ा जनपद कार्यालय से सामने आया है जहां सरपंचों ने कार्यालय के अनुविभागीय अधिकारी के खिलाफ कलेक्टर से शिकायत किया है और कहा है कि एसडीओ साहब कार्य के पूर्णता प्रमाण पत्र के एवज में हमसे कमीशन की मांग करते हैं।

सरपंचों की एसडीओ के खिलाफ शिकायत का पूरा मामला इस प्रकार है कि मेटापाल पंचायत-1 के उप सरपंच विज्जो पोडियामी जो शिकायतकर्ता हैं उन्होने बताया कि बीते 09 सितंबर को कावड़गांव, मेटापाल, जारम, पोंदुम, चितालंका एवं कुंदेली समेत कई अन्य पंचायतों के सरपंचों ने आरोप लगाते कलेक्टर को शिकायत किया है कि जनपद पंचायत दंतेवाड़ा में पदस्थ एसडीओ प्रमेंद्र समरथ कार्य पूर्ण होने के बाद भी पूर्णता प्रमाण पत्र नहीं देते हैं। प्रमाण पत्र देने के एवज में सरपंचों से खुलेआम कमीशन की मांग उनके द्वारा की जाती है। राशि नहीं देने पर पूर्णता प्रमाण पत्र देने में उनके द्वारा आनाकानी अथवा देरी की जाती है। सरपंचों ने अपनी शिकायत पत्र में एक घटना का जिक्र करते कहा है कि कुछ दिनों पूर्व चितालंका पंचायत में सीसी सड़क का कार्य हुआ था जिसका पूर्णता प्रमाण पत्र 1 माह तक नहीं दिया गया था। कमीशन की राशि दिया गया तब जाकर कार्य पूर्णता का प्रमाण पत्र एसडीओ के द्वारा जारी किया गया। सरपंचों का कहना है कि उनके जनपद के अलग अलग पंचायतों में करीब 100 से अधिक कार्य पूर्ण कराया जा चुका है लेकिन पूर्णता प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया है। सीईओ जनपद को शिकायत भी किया गया है लेकिन कोई जांच कारवाई उनके द्वारा नहीं की गई है। उप सरपंच विज्जो पोडियाम ने कहा कि सरपंच सचिव हार्डवेयर दुकानों से उधारी में गिटटी, सीमेंट, छड़, इत्यादि सामाग्री उठाते हैं और काम को किसी तरह से पूर्ण करते हैं वहीं दुसरी ओर एसडीओ द्वारा पूर्णता प्रमाण पत्र देने में विलम्ब किया जाता है राशि की मांग की जाती है जिसके वजह से हमें पेमेंट विलंब से मिलता है दुकानदारों को भी पेमेंट देने में देरी होती है। शिकायत पत्र में सरपंचों ने एसडीओ के विरूद्ध यह भी आरोप लगाते कहा है कि एसडीओ प्रमेंद्र समरथ कहते हैं कि जहां मेरी शिकायत करना है कर दो मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता जब तक मेरा कमीशन मुझे नहीं मिलेगा मैं पूर्णता प्रमाण पत्र नहीं दुंगा। ज्यादा से ज्यादा कलेक्टर मेरी जांच होगी इससे ज्यादा मेरा कुछ नहीं कर सकते इस तरह की बातें एसडीओ द्वारा कही जाती है।

विदित हो कि उक्त एसडीओ के खिलाफ में जनप्रतिनिधियों ने समाधान शिविर में भी किया था लेकिन उक्त शिकायत पर आज पर्यत कोइ जांच कारवाई नहीं की गई है। लिहाजा अत्यधिक परेशान होकर सरपंचों ने अब सीधे कलेक्टर से एसडीओ के विरूद्ध गंभीर शिकायत करी है और उचित जांच कारवाई की मांग की है । अब देखने वाली बात होगी कि कलेक्टर सर इस मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं और इस पर आगे क्या कारवाई होती है।

**- आरोप मिथ्या और निराधार है। अगर जनप्रतिनिधियों को मुझसे कोई दिक्कत है तो आकर अपनी बात सामने रख सकते हैं मैं उनकी हर समस्या का समाधान करने को तैयार हूं। । मेरी कार्यशैली से अगर वे संतुष्ट नहीं है तो मुझे हटाने की मांग करें मैं हट जाउंगा। मगर इस तरह से बेबुनियाद आरोप लगाना अनुचित है। ऐसे आरोपों से मनोबल गिरता है। अगर मेरी गलती होगी तो उच्चाधिकारी मुझ पर जो भी कारवाई करेंगे उसके लिए भी मैं तैयार हूं।**

**- प्रमेंद्र समरथ**
**एसडीओ, जनपद पंचायत दंतेवाड़ा**

## नई उद्योग नीति में बस्तर सम्भाग को विशेष तौर पर फोकस किया जा रहा : मुख्यमंत्री



**उत्तर बस्तर कांकेर, 15 सितम्बर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज जिले के नरहरपुर प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने आदिवासी समाज द्वारा आयोजित 'ठाकुर जोहारनी' कार्यक्रम में शामिल होकर क्षेत्रवासियों को विभिन्न सौगातें दीं। इस अवसर पर उनके साथ झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री श्री अर्जुन मुंडा भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने ठाकुर जोहारनी कार्यक्रम के तहत आदिवासी समाज के ईष्ट आराध्य देवी-देवताओं की पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नई उद्योग नीति में आदिवासी विकास को प्राथमिकता देते हुए बस्तर सहित सरगुजा को विशेष तौर पर फोकस किया गया है, ताकि यहां के निवासियों को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़कर उन्हें माकूल लाभ दिलाया जा सके।

ब्लॉक मुख्यालय नरहरपुर के उन्मुक्त खेल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय ने आदिवासी समाज के ईष्ट देवी-देवताओं का जयघोष करते हुए उपस्थित लोगों को ठाकुर जोहारनी और नवाखाई की बधाई दी।

# एनएमडीसी डैम मार्ग पर भूस्खलन से लोडिंग प्रभावित

## बीटीओए संस्था ने जताई चिंता, लक्ष्मी देवी ने की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**किरंदुल/बचेली, 15 सितंबर।** औद्योगिक नगर की जानी-मानी सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती लक्ष्मी देवी ने बीटीओए संस्था की ओर से एनएमडीसी प्रबंधन से त्वरित कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि विगत दिनों बचेली एनएमडीसी डैम के नीचे लोडिंग जाने वाले मार्ग पर भूस्खलन होने से ट्रक संचालन और लोडिंग कार्य प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि–यह समस्या कोई नई नहीं है, हर वर्ष बारिश के मौसम में यही स्थिति उत्पन्न होती है। मार्ग की हालत लंबे समय से खराब है, जिससे न केवल ट्रक मालिक बल्कि पूरे क्षेत्र का औद्योगिक कार्य प्रभावित होता है। यह क्षेत्र एनएमडीसी के अंतर्गत आता है, और इस सड़क की मरम्मत एवं रख-रखाव की जिम्मेदारी एनएमडीसी की है। श्रीमती लक्ष्मी देवी ने एनएमडीसी प्रबंधन से अनुरोध किया कि– शीघ्र सड़क का निर्माण और स्थायी समाधान किया जाए। लोडिंग कार्य में रुकावट दूर हो, जिससे ट्रक मालिक, चालक और श्रमिक प्रभावित न हों। औद्योगिक गतिविधियों की सुचारु व्यवस्था बनी रहे। सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती लक्ष्मी देवी ने प्रबंधन से सड़क निर्माण की अपील की। इस मुद्दे को लेकर नगरवासी और बीटीओए संस्था के सदस्य भी चिंतित हैं और सभी ने एनएमडीसी से जल्द समाधान की अपेक्षा जताई है।

# किरंदुल में बसों के लिए सुरक्षित पार्किंग स्थल नहीं

## आए दिन होते हैं हादसे,त्वरित समाधान की मांग की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**किरंदुल।** औद्योगिक नगरी किरंदुल में लंबे समय से चली आ रही बस पार्किंग और वाहन चालकों की मूलभूत सुविधाओं की समस्या अब विकराल रूप धारण कर चुकी है। इस गंभीर मुद्दे पर नगर की सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती लक्ष्मी देवी ने शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए तत्काल कदम उठाने की मांग की है।

नागरिकों और चालकों की बड़ी परेशानी श्रीमती लक्ष्मी देवी ने कहा कि बसों के लिए सुरक्षित पार्किंग स्थल न होने के कारण सड़क किनारे ही बसें खड़ी करनी पड़ती हैं। इससे आए दिन छोटे-बड़े हादसे होते हैं। यह समस्या केवल चालकों की नहीं, पूरे नगर की है।

कई बस चालकों ने बताया कि मजबूरी में मुख्य मार्ग पर बसें खड़ी करनी पड़ती हैं। कभी-कभी ट्रक और डंपर बसों से रगड़ खाकर निकल जाते हैं जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो जाते हैं। वहीं चालक-परिचालक रातभर यात्रा करने के बाद थके हारे होते हैं, लेकिन सुरक्षित स्थान न होने से उन्हें सड़क किनारे ही विश्राम करना पड़ता है।

बैलाडीला औद्योगिक नगरी राज्य में अपनी पहचान रखती है, फिर भी यातायात और पार्किंग व्यवस्था पूरी तरह अस्त-व्यस्त है। मुख्य मार्ग के दोनों ओर खड़े भारी वाहनों के कारण पैदल यात्रियों को कठिनाई होती है और दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। नागरिकों को आशा है कि नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और पार्षद इस गंभीर समस्या का समाधान शीघ्र करेंगे तथा चालकों के लिए सुरक्षित पार्किंग और आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था करेंगे।

# नेशनल लोक अदालत के प्रथम चरण में उलझे हजारों मामले सुलझे

**दंतेवाड़ा, 15 सितम्बर।** विगत दिवस जिला सत्र न्यायालय में संपन्न नेशनल लोक अदालत में प्रधान जिला न्यायाधीश के निर्देशानुसार तीनो राजस्व जिला दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर एवं बचेली के न्यायालय में कुल 11 खंडपीठों का गठन किया गया था। सभी न्यायालयों में लंबित नियमित मामले कुल 3945 रखे गये थे जिनमें से कुल- 3804 का अवार्ड पारित किया गया। उक्त लोक अदालत वर्चुअल एवं भौतिक दोनों रूप में आयोजित किया गया था। इस क्रम में नेशनल लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण दंतेवाड़ा के खंडपीठ क्रमांक-1 के पीठासीन अधिकारी प्रधान जिला न्यायाधीश श्री विजय कुमार होता के न्यायालय के मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों में कुल 08 प्रकरणों का निराकरण करते हुए कुल राशि 1,69,35,000 रुपये का अवार्ड पारित किया गया। तथा 02 सिविल निष्पादन प्रकरण का निराकरण किया गया।

इसके अलावा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी दंतेवाड़ा एवं बचेली के द्वारा भी अधिक से अधिक मामले इस लोक अदालत में राजीनामा हेतु रखे गये थे और कुल- 2282 रेगुलर मामलों का निराकरण किया गया।

# विधायक-कलेक्टर ने शारदीय नवरात्र पर्व की तैयारियों का लिया जायजा

**दंतेवाड़ा, 15 सितंबर।** आज विधायक श्री चैतराम अटामी एवं कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत द्वारा मां दंतेश्वरी मंदिर परिसर में आगामी शारदीय नवरात्र पर्व के लिए दर्शनार्थियों के लिए आवश्यक व्यवस्था यथा साफ-सफाई, पेयजल की सुलभता,प्रसाधन कक्षों में साफ-सफाई, अतिवर्षा से हुए क्षतिग्रस्त स्थलों के मरम्मत, बैरिकेडिंग, रास्ता मरम्मत,विद्युत व्यवस्था, मंदिर प्रांगण एवं सुविधा केंद्र में चिकित्सा सुविधा, ट्रैफिक परिचालन जैसे अनेक बिन्दुओं पर दिशा-निर्देश दिए गए। इस मौके पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को नदी तट एवं घाटों की साफ-सफाई, अति बारिश टूटे हुए रेलिंग के रिस्टोर करने, माईजी की बगिया में रेत के मलवा को हटाने,बारिश से हुए गढ़ड़ों को पटाव करने जैसे विभिन्न कार्यों को नवरात्र के पूर्व करने को कहा गया। कलेक्टर ने यहां भी कहा कि पूर्व वर्षों के भांति मंदिर परिसर मे लाईटिंग व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान यहा भी कहा गया कि कॉरिडोर में दर्शनार्थियों हेतु पंखे एवं पेयजल के व्यवस्था का अधिकारी सुनियोजित प्रबंधन करे। इस दौरान कलेक्टर ने दर्शनार्थियों हेतु निर्माणाधीन नये धर्मशाला,पार्किंग हेतु आंवराभाटा एवं हाई स्कूल ग्राउंड का भी जायजा लेकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

# लेखा सेवा में पद बढ़ाने की मांग का सौंपा ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा, 15 सितंबर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कोषालय शासकीय कर्मचारी संघ के उपप्रांताध्यक्ष पूरनलाल ताती ने बताया कि वर्ष 2014 से अधीनस्थ लेखा सेवा पदोन्नति एवं परीक्षा के लिए कोषालय लिपिक के पद को शासन द्वारा कम कर दिया गया है जबकि पूर्व में कोषालय लिपिक के लिए पद अधिक था अन्य विभागों में पदोन्नति एवं परीक्षा के पद अधिक है जिसके लिए संगठन द्वारा कई बार शासन को ज्ञापन दिया गया लेकिन आज तक कर्मचारी हित में आदेश जारी नहीं किया गया, और ना ही इस संबंध में शासन द्वारा कोई ठोस पहल की जा रही है पूर्व में चरणबद्ध तरीके से माह अगस्त 2023 से काली पट्टी लगाकर जिला स्तर संभाग स्तर एवं प्रदेश स्तर पर मुख्यमंत्री निवास घेराव किया दिनांक 13 सितंबर 2023 को सचिव स्तर पर पदाधिकारी द्वारा चर्चा की गई जिसमें अधीनस्थ लेखा सेवा में पद बढ़ाने हेतु सहमति दिया गया था लेकिन आज दिनांक तक कार्यवाही नहीं किया गया है जिससे कर्मचारियों में आक्रोश प्राप्त हो रहा है उक्त मांग के लिए प्रदेश के समस्त जिला अध्यक्ष एवं संभागीय अध्यक्ष द्वारा कई बार पत्राचार किया गया लेकिन आज दिनांक तक कार्यवाही अपेक्षित है। उक्त परिपालन में एक सूत्री मांग को लेकर संगठन द्वारा जिला अध्यक्ष एवं संबंधित अध्यक्ष द्वारा ज्ञापन दिया जा रहा है यदि 15 दिवस के भीतर मांग पूरी न किया जाए तो संगठन चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

# बाइक ट्रेल पर्यटन और संस्कृति का अनोखा अनुभव

**दंतेवाड़ा, 15 सितम्बर।** जिले की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर को नई पहचान दिलाने के उद्देश्य से 13 सितंबर को दंतेवाड़ा बाइक ट्रेल कार्यक्रम प्रारंभ हो चुका है। इस बाईक टेऊल में देशभर से आए लगभग 100 राइडर्स उत्साहपूर्वक भागीदारी कर रहे है। और उन्होंने बस्तर की धरती को करीब से जानने-समझने का अवसर मिला है। इस क्रम विगत दिवस बाइक राइडर्स की टोली सबसे पहले बारसूर पहुँची, ऐतिहासिक स्थल बारसूर जो कि अपने प्राचीन मंदिरों और ऐतिहासिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ पर राइडर्स ने मंदिरों के दर्शन कर न केवल धार्मिक आस्था से जुड़ाव महसूस किया बल्कि बारसूर की स्थापत्य कला और सांस्कृतिक धरोहर को भी नजदीक से देखा। इसके बाद सभी राइडर्स ने प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर सातधार जलप्रपात का भ्रमण किया और वहां की मनोहारी छटा का आनंद उठाया। इस अवसर पर दंतेवाड़ा विधायक श्री चैतराम अटामी और जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नंदलाल मुड़ामी भी उपस्थित रहे। दोनों जनप्रतिनिधियों ने सभी बाइक राइडर्स के साथ जिले में पर्यटन की संभावनाओं पर विस्तार, एवं दंतेवाड़ा को आने वाले समय में एक प्रमुख पर्यटन गंतव्य के रूप में विकसित किये जाने के संबंध में विचार विमर्श किया। उल्लेखनीय है कि इस बाईक टेऊल का उद्देश्य सिर्फ पर्यटन स्थलों का भ्रमण ही नहीं, बल्कि राइडर्स को यहां की समृद्ध संस्कृति से भी परिचित कराना भी है। अतः इसके लिए यहां पारंपरिक सांस्कृतिक प्रस्तुति की भी विशेष व्यवस्था की गई थी।

# मवेशियों की तस्करी, एक आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 15 सितम्बर।** दिनांक 09.09.2025 को चौकी सोनाखान पुलिस द्वारा ग्राम नवागांव सोनाखान के पास एक माजदा वाहन एवं 407 वाहन को पकड़ा गया। दोनों वाहनों से कुल 21 नग मवेशी (भैंसा-भैंस) बरामद किया गया, जो कि दोनों वाहनों में ठूंस-ठूंस कर बिना पानी एवं चारा के भरा गया था। कि प्रकरण में अपराध क्रमांक 585/2025 धारा पशुओं के प्रति क्रूरता अधिनियम 1960 की धारा 11(1)(घ), छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4,6,10,11 पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। साथ ही प्रकरण में 03 आरोपियों को हिरासत में लिया गया। आरोपियों से विस्तृत पूछताछ किया गया, जिसमें पता चला कि मवेशियों को दोनों वाहनों में भरकर आरोपियों द्वारा बटोराबाजार उड़ीसा ले जाया जा रहा था। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशक में चौकी सोनाखान पुलिस द्वारा प्रकरण में शामिल अन्य आरोपियों का पता तलाश किया जा रहा था। संपूर्ण घटनाक्रम में एक



बात पता चली की एक अन्य आरोपी द्वारा अपने ईको कार से मवेशी भरे दोनों वाहनों के आगे-आगे एक प्रकार से पायलेटिंग किया जा रहा था। कि प्रकरण में पूर्व में गिरफ्तार तीनों आरोपियों से पूछताछ, परिस्थितिजन्य एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी शिवकुमार सागर को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों के साथ मिलकर मवेशियों को माजदा और 407 वाहन में भरकर उड़ीसा राज्य ले जाना स्वीकार किया गया। साथ ही प्रकरण में आरोपी से घटना में प्रयुक्त ईको कार क्र. छ्त्त22 ड्ड4346 जप्त किया गया है। कि प्रकरण में आरोपियों को आज दिनांक 14.09.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

# सायबर संबंधी प्रकरणों की विवेचना के लिए कार्यशाला में दिया एक दिवसीय प्रशिक्षण

**बलौदाबाजार, 15 सितम्बर।** 14.09.2025 को प्रातः 10:30 बजे से सायं 05:00 तक पुलिस कम्युनिटी हाल बलौदाबाजार में जिले के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारी, थाना/चौकी प्रभारी तथा सहायक उप निरीक्षकों के लिए एनडीपीएस/विवेचना/सायबर संबंधी एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में एनडीपीएस/विवेचना/सायबर संबंधित प्रकरणों की विवेचना के दौरान अभियोजन संबंधी होने वाली त्रुटियों को दूर करने तथा एन.डी.पी.एस./सायबर संबंधी मामलों में शत प्रतिशत आरोपियों को सजा दिलाये जाने के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रारंभिक उद्बोधन में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा प्रशिक्षण के महत्व तथा प्रशिक्षण सत्र में पढ़ाये जाने



वाले विषय पर प्रकाश डालते हुए प्रशिक्षण कार्यशाला का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारियों एवं विवेचकों को निर्देशित किया गया।

माननीय विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट) बलौदाबाजार श्री राकेश कुमार वर्मा द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम में बताया गया कि नारकोटिक्स में लगातार वृद्धि परिलक्षित हो रही है, इस पर रोक लगाने के लिए उनके द्वारा नशे के डिमाण्ड एवं सप्लाई चेन को नियंत्रित करने की आवश्यकता है। इसके लिए एन.डी.पी.एस. मामलों की इन्ड टू इन्ड इन्वेस्टीगेशन के साथ फायनेंसियल इन्वेस्टिगेशन की कार्यवाही पर बल दिये जाने की बात कही गई तथा उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को एन.डी.पी.एस. मामलों की विवेचना में त्रुटिरहित विवेचना के लिए अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करने निर्देशित किया गया, जिससे ऐसे मामलों में प्रक्रियात्मक त्रुटि के कारण दोषी को लाभ प्राप्त न हो सके। इसके साथ ही उनके द्वारा एनडीपीएस के मामले में आगे आने वाली विवेचना संबंधित चुनौतियों के संबंध में प्रकाश डाला गया। इस दौरान उपस्थित पुलिस अधिकारियों द्वारा एनडीपीएस मामलों के संबंध में विभिन्न प्रश्न पूछे गए, जिनका माननीय न्यायाधीश द्वारा उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा प्रशिक्षण सत्र के दौरान अंधेकत्ल के मामले में किन-किन बातों का ध्यान रखा जाना चाहिए, इस संबंध में जिला बेमेतरा में घटित एक अंधेकत्ल के मामले का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए जानकारी दिया गया। उन्होंने कहा कि अंधेकत्ल के मामले में घटना स्थल को सुरक्षित रखना एवं इसमें बारीक से बारीक चीजों का ध्यान रखते हुए पूरी तत्परता एवं सावधानी बरतते हुए अनुसंधान कर, घटना प्रत्येक पहलू के संबंध में पूरी जानकारी एकत्र करने हेतु बताया गया। प्रशिक्षण के अगले क्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता श्री अनादि शंकर मिश्रा एवं श्रीमती दीपा सोनी द्वारा बचाव पक्ष की तरफ से पुलिस विवेचना में सामने आने वाली कमियों एवं त्रुटियों के संबंध में जानकारी दिया गया, जिसको दूर करते हुए विवेचना एवं जांच क्रम को और अधिक मजबूत किया जा सकता है। कार्यशाला में श्री एम.के.देशपांडे विशेष लोक अभियोजक बलौदाबाजार द्वारा समस्त प्रशिक्षार्थी को जानकारी देते हुए कहा गया कि, किसी प्रकरण में चालान आपके अनुसंधान का आईना होता है। किसी प्रकरण की पूर्ण विवेचना एवं समस्त जांच बिंदु आपके चालान में अनिवार्य रूप से होने चाहिए। नवीन कानून के आने पर अनुसंधान की कई चीजों में परिवर्तन आया है, अतः उनमें निहित समस्त बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए किसी प्रकरण में अनुसंधान पूर्ण करना चाहिए।

# संतान की सलामती के लिये माताओं ने रखा जिऊतिया व्रत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 15 सितंबर।** संतान की दीर्घायु व स्वस्थ्य जीवन के लिये माताओं ने रविवार को जिऊतिया पर्व पर 24 घंटे का निर्जला व्रत रखा । परंपरानुसार माताएं शाम को शीतला मंदिर प्रांगण में सामुहिक रूप से एकत्र होकर भगवान जिमुतवाहन की पूजा अर्चना कर जिउतिया की कथा का श्रावण किया और भगवान जिमुतवाहन से परिवार में सुख शांति एवं समृद्धि का आर्शीवाद मांगा। व्रतधारी महिलाओं ने आज दशमी तिथि को सुबह व्रत का पारण किया। गौरतलब है कि जिऊतिया पर्व हर साल अश्विन माह की कृष्ण पक्ष की सप्तमी से नवमी तिथि तक मनाया जाता है। मुख्य रूप से यह पर्व वैसे तो तीन दिनों का होता है।



पहले दिन नहाय खाय और दूसरे दिन खर जिऊतिया यानी निर्जला व्रत माताएं रखती हैं। वहीं तीसरे दिन सुबह व्रत का पारण के साथ यह पर्व संपन्न होता है। जिऊतिया पर्व मुख्य रूप से बिहार व उत्तर प्रदेश में मनाया जाता है। इस पर्व को मनाने के पीछे कई अलग अलग पौराणिक कथाएं भी हैं। हर साल की तरह इस वर्ष भी माताओं ने पुरी श्रद्धाभाव के साथ जिऊतिया पर्व पर व्रत रखकर कथा का श्रवण किया। नगर में यूपी/बिहार की माताओ ने रविवार को जिउतिया पर्व व्रत पूरी श्रद्धा व भक्तिभाव के मनाया इस अवसर पर महिलाओं ने अपने पुत्र पुत्रियों की सलामती के लिए 24 घंटे का निर्जला व्रत भी रखा। शाम को माताएं सामुहिक रूप से पूजा अर्चना कर भगवान जिमुतवाहन से अपने बच्चों की सलामती व स्वस्थ्य जीवन का आर्शीवाद मांगा। पर्व के मद्देनजर माताओं ने पूजा के लिये मुख्य रूप से काले एवं लाल धागे से जिऊतिया की माला गुथवाया।

# टाटीखारा प्राथमिक शाला में शिक्षकों की नियुक्ति से बच्चों की पढ़ाई में आया सुधार



**मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर शिक्षा गुणवत्ता में हो रहा उन्नयन**

**रायपुर, 15 सितम्बर।** शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को बेहतर पढ़ाई उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा शिक्षक युक्तियुक्तकरण नीति के अंतर्गत लिए गए निर्णय का सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। सरगुजा जिले के सीतापुर विकासखंड के ढोढ़ागांव संकुल अंतर्गत प्राथमिक शाला टाटीखारा में अब बच्चों को नियमित रूप से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलने लगी है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर शिक्षा गुणवत्ता में सुधार लाने नीति बनाई गई। जिससे टाटीखारा स्कूल में दो शिक्षकों की पदस्थापना की गई है। इनमें सुखलाल सिंह और संतोषियुस तिग्गा शामिल हैं। इनकी नियुक्ति से पहले स्कूल में पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध नहीं थे, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही थी।

टाटीखारा गांव के अभिभावकों ने बताया कि पहले बच्चों की पढ़ाई को लेकर काफी कठिनाई होती थी। लेकिन अब नियमित कक्षाएं संचालित हो रही हैं और बच्चों की उपस्थिति में भी वृद्धि देखी जा रही है। शिक्षक युक्तियुक्तकरण से शिक्षा व्यवस्था संतुलित हो रही है और ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों को भी पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

गांव के ग्रामीणजनों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और शिक्षा विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब बच्चों का भविष्य सुरक्षित होगा और उन्हें भी बड़े शहरों के बच्चों की तरह गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

## समाचार संक्षेप

### जिले के पसान गांव में हाथी ने घंटों मचाया उत्पात, ग्रामीण दहशत में



**कोरबा, 15 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। हाल ही में, कोरबा के पसान गांव में एक दंतैल हाथी ने जमकर तबाही मचाई। हाथी बस्ती में घुस आया और लगभग तीन घंटे तक उत्पात मचाता रहा, जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई।

हाथी ने कई घरों, दुकानों, गाड़ियों और मोटरसाइकिलों को तोड़ दिया। उसकी चिंघाड़ सुनकर ग्रामीण डर गए और अपनी जान बचाने के लिए घरों की छतों पर चढ़ गए। हालांकि, इस दौरान भी कुछ लोग खतरा मोल लेकर हाथी का वीडियो बनाते और सेल्फी लेते दिखाई दिए, जो बेहद जोखिम भरा था। गनीमत रही कि इस घटना में किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ। पसान के डिप्टी रेंजर, ईश्वर दास मानिकपुरी ने बताया कि वन विभाग की टीम ने हाथी को सुरक्षित तरीके से जंगल की ओर खदेड़ दिया है। उन्होंने ग्रामीणों को ऐसी स्थिति में सतर्क रहने और हाथी से दूर रहने की सलाह दी है, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। यह घटना एक बार फिर इंसानों और हाथियों के बीच बढ़ते संघर्ष को उजागर करती है।

### दंतेश्वरी चौक में नशा मुक्ति व साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**धमतरी, 15 सितंबर।** शास.हाई स्कूल मोहंदी के स्काउट-गाइड छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति से दिया नशा मुक्ति का संदेश। बैंक ठगी,साइबर फ्रॉड और यातायात नियमों पर भी दी गई महत्वपूर्ण जानकारी।

एसपी. धमतरी के निर्देशन में धमतरी पुलिस थाना प्रभारी मगरलोड द्वारा ग्राम जामली स्थित दंतेश्वरी चौक में नशा मुक्ति एवं साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हाई स्कूल मोहंदी के स्काउट-गाइड छात्रों ने नशा मुक्ति के संबंध में आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। गीत, नाटक एवं नारों के माध्यम से छात्रों ने समाज को यह संदेश दिया कि नशा जीवन को बर्बादी की ओर ले जाता है और इससे दूर रहना ही उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है। साइबर क्राइम और यातायात नियमों पर जागरूकता। पुलिस अधिकारियों ने उपस्थित छात्रों एवं ग्रामीणजनों को बढ़ते साइबर अपराधों की जानकारी देते हुए बताया कि इंटरनेट एवं मोबाइल का सुरक्षित उपयोग करना आज के समय की आवश्यकता है। किसी भी अज्ञात कॉल/लिंक पर विश्वास न करना। ओटीपी, बैंक डिटेल या पासवर्ड साझा न करना, किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करना, जैसे सुरक्षा उपायों पर विशेष बल दिया गया। साथ ही यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों का पालन करने के महत्व पर प्रकाश डाला। हेलमेट, सीटबेल्ट का उपयोग करने और ओवरस्पीडिंग व नशे की हालत में वाहन न चलाने की अपील की गई।

थाना प्रभारी मगरलोड द्वारा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, मगरलोड शाखा के प्रबंधक प्रवीण कुमार साहू से समन्वय स्थापित कर ग्रामीणजनों को बैंक धोखाधड़ी एवं साइबर फ्रॉड से बचने के उपाय बताए गए। उन्होंने समझाया कि किसी भी स्थिति में अपने बैंक खाते की गोपनीय जानकारी साझा न करें तथा संदिग्ध लेन-देन की स्थिति में तुरंत बैंक एवं पुलिस से संपर्क करें।

### मानिकपुरी पनिका समाज शिवरीनारायण के पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए





**जांजगीर चांपा/शिवरीनारायण, 15 सितंबर।** छत्तीसगढ़ मानिकपुरी पनिका-पनका समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष गोपाल दास पड़वार के मार्गदर्शन में आठों राज मानिकपुरी पनिका, पनका समाज शिवरीनारायण सद्गुरु कबीर आश्रम में नये पदाधिकारियों का चुनाव निर्विरोध शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। तत्पश्चात नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथग्रहण एवं रायपुर के प्रदेश पदाधिकारियों का सम्मान समारोह 07 सितम्बर को सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक पामगढ़ शेषराज हरवंश ने उद्बोधन में समाज की एकता एवं भाईचारे की सराहना करते हुए कहा कि समाज ने उत्कृष्ट जनप्रतिनिधि दिए हैं, समाज को हरसंभव सहयोग मिलता रहेगा। प्रदेश अध्यक्ष भरत दास मानिकपुरी ने अपने उद्बोधन में समाज के सम्मान और समानता के प्रति कार्य करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम अध्यक्ष संरक्षक गुहा दास महंत ने निर्विरोध चुनाव सम्पन्न कराने हेतु आभार जताया। प्रदेश महासचिव नान्हीदास दीवान ने समारोह को ऐतिहासिक बताते हुए समाज की एकजुटता की प्रशंसा की। युवा उपाध्यक्ष पवन दास मानिकपुरी ने भी सभा को संबोधित कर आठों राज के तत्वाधान में हुए आयोजन पर हर्ष व्यक्त किया।

### प्रभु श्रीराम का आदर्श जीवन भारतीय संस्कृति का मेरुदंड हैं : रंजना साहू

**धमतरी, 14 सितंबर।** ग्राम कलारतराई एवं ग्राम बोड़रा में ग्रामवासियों के सहयोग से भव्य रामधुनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें श्रीरामचरितमानस का भावपूर्ण पाठ एवं भक्ति संगीत क्षेत्र के ख्याति प्राप्त विभिन्न मंडलियों द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं धमतरी पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। साहू ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर सर्वप्रथम प्रभु राम की छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर समस्त क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए ग्रामवासियों एवं आयोजन समिति को इस पुण्य कार्य के आयोजन हेतु हार्दिक बधाई दी और इस धार्मिक कार्यक्रम में आमंत्रण देने के लिए आभार व्यक्त किया। रंजना साहू ने कहा कि प्रभु श्रीराम का आदर्श जीवन भारतीय संस्कृति का मेरुदंड है और रामचरितमानस के माध्यम से हम सभी को धर्म, मर्यादा, सेवा और समर्पण की प्रेरणा मिलती है। गांव की मिट्टी से जुड़ा ऐसा धार्मिक आयोजन जिसमें प्रभु श्रीराम के जीवन और चरित्र का गान हो, श्रीरामचरितमानस का पाठ हो, और पूरा वातावरण भक्ति और श्रद्धा से ओतप्रोत हो यह न सिर्फ हमारी धार्मिक आस्था को सुदृढ़ करता है, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता को भी और मजबूत बनाता है।

## एक नजर

### 8 साल की मासूम बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**सक्ती, 15 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। एक 45 वर्षीय व्यक्ति ने 8 साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म किया है। इस अमानवीय कृत्य के बाद, पुलिस ने आरोपी दुजराम सोनवानी को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना मालखरौदा थाना क्षेत्र की है, जहां आरोपी दुजराम सोनवानी ने बच्ची को अकेला पाकर उसे बाजार घुमाने का लालच दिया। बहला-फुसलाकर वह उसे अपने घर ले गया और वहाँ इस घिनौनी वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद, बच्ची ने रोते हुए अपने परिवार को आपबीती बताई, परिवार ने तुरंत मालखरौदा थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट ([illegible]) और अन्य गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी दुजराम सोनवानी को न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। यह घटना एक बार फिर समाज में मासूमों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

### बलरामपुर में पुलिसकर्मी की पत्नी ने की आत्महत्या

**बलरामपुर, 15 सितंबर।** जिले के पुलिस लाइन स्थित सरकारी आवास में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां एक आरक्षक की पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। यह मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, मृतिका के पति संदीप भगत अरमोरी शाखा में आरक्षक के पद पर तैनात हैं। शनिवार की रात, उनकी पत्नी ने सरकारी क्वार्टर में फांसी लगा ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस के आलाधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे। फिलहाल, आत्महत्या के पीछे का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस इस बात की गहनता से पड़ताल कर रही है कि आखिर किस वजह से महिला ने इतना बड़ा कदम उठाया।

### मोबाइल के लिए छात्रा ने पी लिया कीटनाशक, जान बची

**सूरजपुर, 15 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां मोबाइल चलाने से मना करने पर एक 10वीं कक्षा की छात्रा ने गुस्से में आकर कीटनाशक पी लिया। यह घटना सूरजपुर कोतवाली थाना क्षेत्र के डूमरिया गांव की है।

**डांट पड़ने पर उठाया खौफनाक कदम:** 15 साल की नाबालिग छात्रा को उसके पिता ने मोबाइल चलाते हुए देख लिया और उसे डांटकर पढ़ाई करने को कहा। पिता की इस डांट से गुस्सा होकर छात्रा ने घर में रखे खेतों में इस्तेमाल होने वाले कीटनाशक का सेवन कर लिया।

**समय पर इलाज से बची जान:** कीटनाशक पीने के बाद छात्रा की तबीयत बिगड़ने लगी। घबराए परिजनों ने उसे तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने समय पर इलाज शुरू किया, जिससे उसकी जान बच गई। डॉक्टरों के मुताबिक, अब छात्रा खतरे से बाहर है। यह घटना दर्शाती है कि बच्चों पर मोबाइल की लत किस कदर हावी हो चुकी है, जिसके कारण वे ऐसे खतरनाक कदम उठाने से भी नहीं हिचक रहे हैं।

### दो ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविर में 145 से अधिक श्रमिकों के हुए पंजीयन

**जशपुरनगर, 15 सितंबर।** रजत जयंती महोत्सव अंतर्गत श्रम विभाग द्वारा पंजीयन एवं नवीनीकरण शिविर का आयोजन 12 सितम्बर से 19 सितम्बर 2025 तक जशपुर जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज ग्राम पंचायत नारायणपुर विकासखंड कुनकुरी में 78 एवं ग्राम पंचायत घटमुंडा विकासखंड कुनकुरी में 67 से अधिक श्रमिकों का पंजीयन किए गए। पिछेल 3 दिनों के भीतर 335 से अधिक श्रमिकों का पंजीयन किया गया। पंजीयन एवं नवीनीकरण शिविर का आयोजन 15 सितम्बर को ग्राम पंचायत रनपुर और बुढ़ाडॉड़, 16 सितम्बर को ग्राम पंचायत दोकड़ा और बटाईकेला, 17 सितम्बर को ग्राम पंचायत मोडा और हर्राडीपा, 18 सितम्बर को ग्राम पंचायत अम्बाकछार और पण्ड्रीपानी, 19 सितम्बर को ग्राम पंचायत आरा और लोदाम में किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री ने कैम्प कार्यालय बगिया में 'जशपुर पर्यटन एवं कृषि क्रांति' का किया शुभारंभ

# प्रकृति व संस्कृति का संगम है जशपुर : साय

**जशपुर जम्बूरी से जिले के पर्यटन को मिल रही नई पहचान, नए सीजन का आयोजन 6 से 9 नवंबर तक**



**रायपुर, 15 सितम्बर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज रविवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय बगिया में पर्यटन एवं कृषि क्रांति का शुभारंभ किया। जशपुर पर्यटन एवं कृषि क्रांति इको टूरिज्म और होमस्टे से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम जशपुर के स्व सहायता समूह और किसानों को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। इस अवसर पर झारखंड सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, सरगुजा आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष और पत्थलगांव विधायक श्रीमती गोमती साय, जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनि भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, कलेक्टर रोहित व्यास, एस एस पी शशि मोहन सिंह, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, सुनील गुप्ता, मुकेश शर्मा सहित जनप्रतिनिधिगण और बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रविवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय जशपुर में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ विकास के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर सबका साथ सबका विकास को चरितार्थ किया जा रहा हैं। मुख्यमंत्री ने जशपुर जिले में पर्यटन के क्षेत्र में कार्य करने वाले स्व सहायता समूह और युवाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नए दायित्वों और जिम्मेदारियों की वजह से अब ज्यादातर समय मुझे जशपुर से बाहर रहना पड़ता है, लेकिन जशपुर निरंतर आता रहूंगा और विकास के क्षेत्र में बेहतर कार्य करते रहेंगे।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद जशपुर जम्बूरी के जरिए जशपुर को पर्यटन के नक्शे पर नयी पहचान दिलाने की पहल की गई है। वर्ष 2024 में हुए जशपुर जम्बूरी में हमारे पड़ोसी राज्यों से भी बड़ी संख्या में लोग हिस्सा लेने और उस अवसर का गवाह बनने पहुँचे। जशपुर जम्बूरी में न सिर्फ ईको-टूरिज्म और एडवेंचर स्पोर्ट के लिए लोगों ने नया महौल दिया, बल्कि जनजातीय परम्पराओं से भी रूबरू कराया गया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि सांस्कृतिक प्रदर्शन, स्थानीय व्यंजनों का मेला और जनजातीय नृत्यों ने पर्यटकों को आकर्षित किया, जिससे स्थानीय कारीगरों और गाइड्स को रोजगार मिला।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक बार फिर जशपुर जम्बूरी के नए सीजन का आयोजन होने जा रहा है। जिसमें आगामी 6 से 9 नवम्बर तक देश, दुनिया के लोग यहाँ पहुँचकर रोमांच, कला और सामुदायिक अनुभवों से परिचित हो पाएँगे। जशपुर की मिट्टी की खुशबू को जीवंत करने के लिए कर्मा, सरहुल जैसे जनजातीय नृत्य के साथ गोदना कला, काष्ट शिल्प और लौह शिल्प जैसे हस्तशिल्प की प्रदर्शनी और लोकनाट्य पर आधारित सांस्कृतिक संध्या आयोजित की जाएगी। इससे न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण और प्रसार होगा, बल्कि स्थानीय कला और हस्तशिल्प को वैश्विक पहचान भी मिलेगी। जशपुर जम्बूरी एक ऐसा उत्सव है जो प्रकृति, संस्कृति और विकास को एक सूत्र में पिरोता है। यह आयोजन जशपुर की प्राकृतिक सुंदरता, जनजातीय विरासत और आधुनिक विकास को एक साथ पेश करता है। जशपुर जंबूरी केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि आर्थिक सशक्तीकरण का माध्यम भी है।

#### दूसरी जम्बूरी 6 से 9 नवम्बर तक, पहली 2024 में हुई

जशपुर जम्बूरी जशपुर की वादियों और झरनों के बीच हर साल एक ऐसा उत्सव मनाया जाता है, जो केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि इस जिले की आत्मा का अनुभव है। जशपुर जम्बूरी ने 2024 में अपनी शानदार शुरुआत की और अब 2025 में एक और भव्य रूप में लौट रहा है। 2024 में आयोजित पहली जशपुर जम्बूरी ने रोमांच, संस्कृति और समुदाय का ऐसा संगम पेश किया, जिसने देशभर से प्रतिभागियों को आकर्षित किया। झारखंड, ओडिशा, रायपुर और छत्तीसगढ़ के कई जिलों से आए लोगों ने इस उत्सव में हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने रानी दाह, टी-गार्डन और जशपुर संग्रहालय जैसे स्थलों की सैर कर इतिहास और संस्कृति को करीब से महसूस किया। फूड लैब ने स्थानीय व्यंजनों को आधुनिक रूप में प्रस्तुत कर सबका दिल जीता। सरहुल और कर्मा नृत्य की प्रस्तुतियों ने जनजातीय परंपराओं की गहराई दिखाई। चार दिन रोमांचक गतिविधियों, सांस्कृतिक रंग और सामुदायिक मेलजोल के नाम रहे। इस आयोजन ने जशपुर को ईको-टूरिज्म और एडवेंचर स्पोर्ट्स का नया गंतव्य बना दिया।

### जांजगीर लूटकांड में व्यापारी का नाबालिग कर्मचारी निकला मास्टरमाइंड

जांजगीर, 15 सितंबर। 6 सितंबर की रात नैला में एक खाद व्यापारी से हुई। 10 लाख की लूट का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा कर दिया है। इस सनसनीखेज वारदात का मास्टरमाइंड कोई और नहीं, बल्कि पीड़ित व्यापारी की दुकान में काम करने वाला एक नाबालिग कर्मचारी निकला। उसने अपने दो साथियों के साथ मिलकर इस लूट की योजना बनाई थी। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लूटी गई पूरी रकम भी बरामद कर ली है। लूट की यह घटना 6 सितंबर की रात को हुई थी, जब नैला शहर के लोग गणेश विसर्जन में व्यस्त थे। खाद व्यापारी अरुण अग्रवाल अपनी दुकान बंद करके 10 लाख की कलेक्शन राशि बैग में रखकर स्कूटी से अपने घर जा रहे थे। तभी दो नकाबपोश युवकों ने उन्हें हथियार दिखाकर रोका, धक्का दिया और रुपयों से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने के तुरंत बाद, पुलिस और डॉग स्क्वाड की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। कड़ी मशक्कत के बाद, पुलिस ने इस मामले को सुलझा लिया। पुलिस टीम की इस सफलता पर, आईजी और एसपी ने उन्हें पुरस्कृत करने की घोषणा की है। इस खुलासे से यह साफहो गया है कि आपराधिक घटनाओं में अक्सर करीबी लोग ही शामिल होते हैं।

# अवैध रेत परिवहन:5 हाइवा व ट्रैक्टर जब्त




**धमतरी, 15 सितंबर।** खनिज विभाग, राजस्व तथा पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त जांच करते हुए विगत 11 और 12 सितंबर को। दो दिनों से अछोटा, दोनर, कलारतराई, राजपुर आदि स्थानों पर निरीक्षण के दौरान 05 वाहनों हाइवा/ट्रैक्टर को बिना पिट पास के अवैध रेत परिवहन पर कार्यवाही करते हुए जप्ती कर कंपोजीट बिल्डिंग धमतरी में अभिरक्षा में रखते हुए खान और खनिज ( विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 तथा छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के तहत कार्यवाही किया गया है। इस प्रकार संयुक्त टीम द्वारा जिले के विभिन्न शिकायती क्षेत्रों में निरंतर कार्यवाही किया जा रहा है।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिले में किसी भी प्रकार की अवैध खनन गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा ङ्क ÷रेत सहित अन्य गौण खनिजों का अवैध उत्खनन और परिवहन न केवल शासन की राजस्व हानि करता है, बल्कि पर्यावरण और जनहित को भी प्रभावित करता है। जिला प्रशासन इस पर सख्ती से नियंत्रण हेतु निरंतर कार्रवाई कर रहा है। सभी विभागीय अधिकारी एवं राजस्व अमला सजग रहकर कार्य करें और नियम विरुद्ध गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाएँ। खनिज अधिकारी ने बताया कि विभागीय दल दिन-रात लगातार भ्रमण कर जांच कर रहा है और भविष्य में भी ऐसी कार्यवाहियाँ जारी रहेंगी। जिला प्रशासन ने चेतावनी दी है कि अवैध परिवहन या उत्खनन करने वालों पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

# प्रत्येक मामले के पीछे एक मानवीय कहानी होती है संघर्ष की आशा की, और न्यायपालिका में विश्वास की : रमेश सिन्हा




**रायपुर, 15 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी द्वारा बस्तर संभाग के न्यायिक अधिकारियों के लिए एक दिवसीय संभागीय न्यायिक सेमिनार का आयोजन प्रेरणा हॉल, कलेक्टरेट भवन, जगदलपुर में किया गया। इस सेमिनार में बस्तर संभाग के चार जिलों जगदलपुर, कांकेर, दंतेवाड़ा, कोंडागांव के 43 न्यायिक अधिकारियों ने भाग लिया।छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा एवं मुख्य संरक्षक, छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी ने वर्चुअल माध्यम से सत्र का उद्घाटन किया। सेमिनार में अमितेंद्र किशोर प्रसाद, न्यायाधीश, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, पोर्टफोलियो न्यायाधीश, जिला कांकेर की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।

मुख्य न्यायाधीश ने बस्तर संभाग के न्यायिक अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में न्यायपालिका से अपेक्षाएँ बहुत अधिक हैं। लोग हमसे अत्यधिक आशा रखते हैं। यह सेमिनार केवल सीखने का मंच ही नहीं, बल्कि न्याय, निष्पक्षता और विधि के शासन के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता की पुष्टि भी है। मुख्य न्यायाधीश ने अपने संबोधन में कहा कि न्यायिक शिक्षा एक बार की प्रक्रिया नहीं है; बल्कि यह सतत प्रक्रिया है। आज के दौर में जहाँ कानून तेजी से विकसित हो रहे हैं और समाज नई चुनौतियों का सामना कर रहा है, वहाँ न्याय के संरक्षक होने के नाते हमें निरंतर अपने ज्ञान को समृद्ध करना और अपनी न्यायिक क्षमता को धार देना अनिवार्य है। सतत प्रशिक्षण सुनिश्चित करता है कि हम अपने संवैधानिक दायित्वों को दक्षता, ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ निभा सकें। मुख्य न्यायाधीश ने आगे यह भी कहा कि बस्तर क्षेत्र अपने विशिष्ट सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक परिदृश्य के साथ न्यायपालिका के लिए चुनौतियाँ और अवसर दोनों प्रस्तुत करता है।

### जशपुर के पाँच ग्रामों में होम-स्टे की शुरुआत, स्थानीय संस्कृति और परंपराओं को मिलेगा वैश्विक मंच

# मुख्यमंत्री साय ने की सामुदायिक पर्यटन की नई पहल



**रायपुर, 15 सितम्बर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज जशपुर जिले में सामुदायिक पर्यटन की एक नई पहल की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने कैंप कार्यालय से जशपुर के पाँच ग्रामों-देओबोरा, केरे, दनगरी, छिछली और घोघरा में होम-स्टे योजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार पर्यटन क्षेत्र को एक उद्योग के रूप में विकसित करने के लिए कृत संकल्पित है। होम-स्टे नीति न केवल पर्यटन को नई पहचान देगी, बल्कि स्थानीय युवाओं और समुदायों के लिए रोजगार और उद्यमशीलता के अवसर भी प्रदान करेगी। उन्होंने बताया कि आदिवासी संस्कृति, परंपराएँ, खान-पान और जीवन शैली को लेकर अन्य प्रदेशों और देशों के लोगों में गहरी जिज्ञासा रहती है। होम-स्टे के माध्यम से पर्यटकों को सीधे गाँवों में रहकर स्थानीय संस्कृति, पूजन पद्धति और सादगी का अनुभव करने का अवसर मिलेगा, जो उनके लिए अविस्मरणीय साबित होगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यह पहल जशपुर को न केवल पर्यटन के नक्शे पर एक नई पहचान दिलाएगी, बल्कि स्थानीय संस्कृति और समुदाय को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षण प्राप्त पर्यटन मित्रों को प्रमाण पत्र वितरित किए। यह प्रशिक्षण सामुदायिक पर्यटन और होम-स्टे विकास पर आधारित था, जिससे संबंधित ग्रामों को इको-टूरिज्म गंतव्य के रूप में विकसित करने में मदद मिलेगी।

कार्यक्रम में विधायक रायमुनी भगत ने कहा कि जशपुर का मकरभंजा जलप्रपात छत्तीसगढ़ का सबसे ऊँचें जलप्रपात में से एक है, और इसके साथ जिले के अनेक झरने व दर्शनीय स्थल जशपुर को पर्यटन की दृष्टि से अनोखा बनाते हैं। विधायक गोमती साय ने कहा कि जशपुर प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर है और यहाँ आने वाले पर्यटक जीवनभर इस जगह की यादों को संजोए रखते हैं। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, कलेक्टर रोहित व्यास, पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित रहे।

एक नजर



## एशिया कप के बीच आईसीसी ने सिराज को खास अवॉर्ड से नवाजा

**दुबई, 15 सितंबर।** एशिया कप 2025 के बीच भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के लिए बड़ी खुशखबरी आई है। मोहम्मद सिराज ने अपनी दमदार गेंदबाजी के दम पर ICC प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड खिताब जीत लिया है। सिराज फिलहाल एशिया कप 2025 में टीम का हिस्सा नहीं हैं। इंग्लैंड के खिलाफ ओवल टेस्ट में उनके यादगार प्रदर्शन ने उन्हें अगस्त महीने के प्लेयर ऑफ द मंथ का यह सम्मान दिलाया है। सिराज ने न्यूजीलैंड के मैट हेनरी और वेस्टइंडीज के जेडन सील्स को पछाड़ते हुए ये अवॉर्ड जीता।

सिराज ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के निर्णायक पांचवें मुकाबले में आखिरी दिन शानदार गेंदबाजी करते हुए भारत को 6 रन से रोमांचक जीत दिलाई थी। उन्होंने पूरे मैच में 9 विकेट चटकाए, जिसमें पहली पारी में 4 विकेट और दूसरी पारी में 5 विकेट शामिल रहे। उनकी गेंदबाजी से भारतीय टीम सीरीज 2-2 से बराबर करते हुए एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी अपने पास रखने में सफल रही।

अवार्ड जीतने के बाद सिराज ने खुशी जताते हुए कहा कि द्ध प्लेयर ऑफ द मंथ चुना जाना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है।

# टॉस के वक्त ही तय हो गई भारत की जीत

## पाकिस्तान ने की 3 बड़ी गलतियां



**दुबई, 15 सितंबर।** 2011 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में भारत से हारने के बाद एक दुखी पाकिस्तानी फैन ने यह जुमला दिया था। रविवार को दुबई में भारत के खिलाफ एशिया कप के मुकाबले में पाकिस्तान की टीम ने इसे फिर सही साबित कर दिया।

पाकिस्तान ने इस मुकाबले में 3 बड़ी गलतियां कीं और शानदार फॉर्म में चल रही टीम इंडिया ने तीनों का बखूबी फायदा उठाया। इनमें से एक गलती तो मैच की पहली गेंद फेंके जाने से भी पहले हो गई थी और संभवतः उसी वक्त पाकिस्तान की हार भी तय हो गई।

पाकिस्तान की तीनों गलतियों को विस्तार से जानेंगे, उससे पहले बतौर भारतीय फैन गर्व करने लायक एक रिकॉर्ड जान लीजिए। यह इंटरनेशनल क्रिकेट में पाकिस्तान के खिलाफ भारत की लगातार छठी जीत है।

पाकिस्तान के साथ भारत की क्रिकेट राइवलरी 73 साल पुरानी है और इतने सालों में पहली बार भारतीय टीम ने इस प्रतिद्वंद्वी पर जीत का सिक्सर जमाया है। यानी पहली बार पाकिस्तान के ऊपर लगातार 6 मैचों में जीत।

दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट ग्राउंड की पिच पर टारगेट का पीछा करने वाली टीम को बहुत ज्यादा फायदा मिलता है। पिछले 5 साल में दुनिया की टॉप-12 टीमों के बीच यहां खेले गए पिछले 18 टी-20 इंटरनेशनल मैचों में से 16 में टारगेट चेज करने वाली टीम ने जीत हासिल की थी। पाकिस्तान की टीम पिछले 13 साल में भारत को सिर्फ दो टी-20 मैच हरा पाई थी। दोनों जीत भी इसी ग्राउंड पर दूसरी पारी में बैटिंग करते हुए मिली थीं। इसके बावजूद पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला कर लिया। इरफान पठान, अजय अडेजा, संजय मांजरेकर जैसे कमेंटेटर्स ने सलमान के इस फैसले पर हैरानी जताई।

पाकिस्तान ने बैटिंग का फैसला क्यों किया, इसके पीछे सीधे-सीधे कोई लॉजिक समझ नहीं आता। पाकिस्तान अगर भारत के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के पिछले मुकाबले को भी याद रखता तो शायद इस गलती से बच सकता था। दुबई में ही खेले गए उस वनडे मैच में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी थी और भारत ने उसे एकतरफा अंदाज में हराया था।

पाकिस्तान के एशिया कप स्क्वॉड में भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा सात विकेट तेज गेंदबाज हारिस रउफ के नाम था। इसके बावजूद पाकिस्तानी थिंक टैंक ने अपने सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी के सामने अपने सबसे कामयाब गेंदबाज को प्लेइंग-11 से बाहर कर दिया। शाहीन शाह अफरीदी शुरुआत में ही पिट गए और दूसरे छोर से कोई दमदार फास्ट बॉलर न होने का खामियाजा पूरी टीम ने भुगता।

मॉडर्न टी-20 का फलसफा है कि भले ही विकेट गिरें, बैटिंग में अटैक जारी रखो। पाकिस्तान इसे फॉलो करने में पूरी तरह फेल रहा। 6 रन पर पाकिस्तान के दो विकेट गिर गए और इसके बाद उसके बल्लेबाज डिफेंसिव मोड पर उतर आए।

फखर जमान और साहिबजादा फरहान ने तीसरे विकेट के लिए 39 रन की पार्टनरशिप जरूर की लेकिन इसके लिए उन्होंने 38 गेंदें खपा दीं। यानी करीब 6 रन प्रति ओवर की दर से बल्लेबाजी। यह रन रेट आजकल वनडे क्रिकेट में भी धीमा माना जाता है। एक दिन पहले ही इंग्लैंड ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी-20 मैच में 15 के रन रेट से बल्लेबाजी करते हुए 300 पार का स्कोर बनाया था।

बैटिंग के लिए पाकिस्तान की पूरी एकादश क्रीज पर उतरी लेकिन 6 बल्लेबाज 100 का स्ट्राइक रेट भी हासिल नहीं कर पाए। इस रवैये का नतीजा यह रहा कि न तो पाकिस्तान पर्याप्त रन बना पाया और न ही विकेटों का पतझड़ रोक पाया। अगर नंबर 9 बल्लेबाज शाहीन शाह अफरीदी ने 16 गेंदों पर 33 रन न बनाए होते तो पाकिस्तान के लिए 100 का आंकड़ा भी पार करना मुश्किल हो जाता।

ऐसा नहीं है कि सिर्फ पाकिस्तान की गलतियों की वजह से भारत जीता। इस मैच में टीम इंडिया की हर रणनीति सटीक साबित हुई। मैच की पहली से लेकर आखिरी गेंद तक भारतीय टीम ने पाकिस्तान को जकड़ कर रखा और अंत में उसकी उम्मीदों का दम घोंटकर शानदार जीत हासिल की।

ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने मैच की पहली लीगल गेंद पर विकेट ले लिया। इससे पहले एक गेंद वाइड रही थी।

## सूर्या ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों से मैच के बाद नहीं मिलाया हाथ





**दुबई, 15 सितंबर।** भारत ने रविवार को दुबई में खेले गए एशिया कप मुकाबले में पाकिस्तान को सात विकेट से हरा दिया। इस मैच में टॉस के दौरान या जीत के बाद किसी भारतीय खिलाड़ी ने पाकिस्तानी खिलाड़ी से हाथ नहीं मिलाया। इससे निराश पाकिस्तान कप्तान सलमान आगा मैच के बाद प्रेजेंटेशन सेरेमनी में ही शामिल नहीं हुए। अब PCB ने मैच रेफरी को टूर्नामेंट से हटाने की मांग की है।

पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ ना मिलाने के सवाल पर भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा, एशिया कप के मामले में BCCI और सरकार का रुख साफ है। इसी के तहत बतौर टीम मैनेजमेंट हमने फैसला लिया। वहीं, पाकिस्तानी हेड कोच माइक हेसन ने कहा, हमारी टीम मैच के बाद हाथ मिलाने का इंतजार कर रही थी, लेकिन बाद में पता चला कि भारत ने उन्हें नजरअंदाज कर दिया है।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने मैच के कुछ घंटे बाद एक बयान में कहा, हमारे टीम मैनेजर नवीद अकरम चीमा ने मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट के सामने औपचारिक विरोध दर्ज कराया, क्योंकि उन्होंने कप्तानों से टॉस के दौरान हाथ न मिलाने का अनुरोध किया था। फिलहाल मैच रेफरी पाइक्रॉफ्ट की ओर से कोई बयान नहीं आया है।

**हम यहां सिर्फ मैच खेलने आए थे : सूर्या**

इसी साल अप्रैल में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पहली बार दोनों टीमें आमने-सामने थीं। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 127 रन बनाए। भारत ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 15.5 ओवर में 131 रन बनाकर जीत हासिल की। सूर्या ने छक्के के साथ टीम को जीत दिलाई। सूर्या ने यह जीत भारतीय सेना को समर्पित की, जो मई में ऑपरेशन सिंदूर में शामिल थे।

सूर्यकुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- हम सरकार और BCCI के साथ पूरी तरह से एकजुट थे।

# एशिया कप हॉकी : फाइनल में टीम इंडिया को मिली हार

## चीन ने 4-1 से हराकर जीता खिताब

**नई दिल्ली, 15 सितंबर।** एशिया कप 2025 में भारतीय महिला हॉकी टीम को एक गोल से बढ़त बनाने के बाद आखिरी क्वार्टर में लय खोने का खामियाजा भुगतना पड़ा। इस तरह भारतीय टीम को एशिया कप के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ ही भारतीय टीम ने अगले साल होने वाले वर्ल्ड कप के लिये सीधे क्वालीफाई करने का मौका गंवा दिया। वूमेन्स एशिया कप 2025 के फाइनल में भारत को चीन से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। चीन ने भारतीय टीम को 4-1 से मात दी। इस तरह चीन ने बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले वर्ल्ड कप का टिकट हासिल कर लिया।



इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम का चीन से 2 बार सामना हुआ और दोनों ही मैचों में शिकस्त का सामना करना पड़ा। इससे पहले सुपर-4 राउंड में चीन ने भारतीय टीम को 4-1 से हराया था। चीन वूमेन्स हॉकी वर्ल्ड कप 2026 के लिए क्वालीफाई करने वाली आठवीं टीम है। अब तक बेल्जियम और नीदरलैंड (बतौर मेजबान सीधे एंट्री) के अलावा जर्मनी, अर्जेंटीना, संयुक्त राज्य अमेरिका, स्पेन, न्यूजीलैंड और चीन वूमेन्स हॉकी वर्ल्ड कप 2026 में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं। भारत ने आक्रामक शुरूआत करके पहले ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर नवनीत कौर के गोल के दम पर बढ़त बना ली । चीन को इसके बाद लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन गोल नहीं हो सका। दूसरे क्वार्टर में 21वें मिनट में जिशिया यू ने चीन के लिये बराबरी का गोल दागा। वहीं 41वें मिनट में होंग ली ने गोल करके चीन को बढ़त दिलाई। आखिरी क्वार्टर में मेइरोंग जू ने 51वें मिनट में तीसरा और जियाकी झोंग ने 53वें मिनट में चौथा गोल दागा।

# पाकिस्तान के कोच ने बताया कहां हुई गलती

## भारतीय गेंदबाजों के दबाव ने हार की नींव रखी

**दुबई, 15 सितंबर।** एशिया कप 2025 में भारत से मिली करारी शिकस्त के बाद पाकिस्तान के मुख्य कोच माइक हेसन ने टीम की हार के पीछे की वजहों पर खुलकर बात की। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए केवल 127 रन ही बना सकी, जिसके बाद भारत ने यह लक्ष्य मात्र 15.5 ओवर में तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया।

भारत से मिली करारी बाद हेसन ने कहा कि टीम की खराब शुरुआत और बीच के ओवरों में भारतीय गेंदबाजों के दबाव ने हार की नींव रखी। उन्होंने बताया कि शुरुआत में हमारी बल्लेबाजी थोड़ी बेकाबू रही। हमें मालूम था कि पिच पर गेंद रुककर आएगी लेकिन हम उस परिस्थिति से वैसे नहीं निपट पाए, जैसे हमें उम्मीद थी। पहले पावरप्ले तक हम मुकाबले में बने रहे, लेकिन उसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी की और हम दबाव में आ गए।



हेसन ने आगे कहा कि बड़ी टीमों के खिलाफ ज्यादा मैच खेलने से खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा। हमारे पास ऐसे खिलाड़ी हैं जो अभी अपनी लय खोज रहे हैं, लेकिन उनमें जज्बा है। आने वाले दिनों में हम और मजबूती से वापसी करेंगे।

पाकिस्तान ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। इस पर सफाई देते हुए हेसन ने कहा कि यह रणनीति गलत नहीं थी। हाल के कुछ मुकाबलों में लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों ने जीत हासिल की है, लेकिन लंबे समय से देखें तो पहले बल्लेबाजी करना भी फायदेमंद रहा है। यहां ओस का असर भी ज्यादा नहीं है। हां, विकेट इस्तेमाल होने के बाद धीमा हो रहा है, लेकिन असलियत यह है कि हमने पर्याप्त रन नहीं बनाए।

हेसन ने उम्मीद जताई कि उनकी टीम अगले मुकाबले में वापसी करेगी। पाकिस्तान 17 सितंबर को ॥ के खिलाफ अपना अंतिम लीग मैच खेलेगा। कोच ने कहा कि भारत ने हमसे बेहतर खेल दिखाया, लेकिन हाल के समय में हमारी बल्लेबाजी अच्छी रही है। हमारे पास भले ही बड़े नाम न हों, लेकिन जुझारू खिलाड़ी हैं।

गेंदबाजी में भी नए खिलाड़ी सामने आ रहे हैं, जैसे सैम अयूब और सुफियान मुकीम। तो बेहतर रिजल्ट से टीम ज्यादा दूर नहीं हैं। उन्हें यकीन है कि टीम अगले मैच में बेहतर प्रदर्शन करेगी।


**न्यायालय नजूल अधिकारी कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र- 202509201500011/ अ-6/2024-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष भाटिया पिता स्व. जोगेन्दर लाल भाटिया निवासी कोण्डागांव, तहसील व जिला-कोण्डागांव (छ0ग0) के द्वारा नगर-कोण्डागांव के मोहल्ला तहसीलपारा में स्थित भूमि शीट नंबर 02 भूखण्ड क्रमांक 563/3 (शामिल भू-खण्ड क्रमांक 563/5) क्षेत्रफल 5400 वर्गफुट भूमि भू-भाटक 2.40 पैसे कच्चा मकान हाता नजूल संधारण खसरा में 1. जसवंत पिता जोगेन्दर लाल भाटिया 2. संतोष पिता जोगेन्दर लाल भाटिया 3. सुमन पति जोगेन्दर लाल भाटिया सा. देह तहसीलपारा के नाम पर में राजस्व अभिलेख में दर्ज उल्लेख करते हुए आवेदक अपनो माता श्रीमती सुमन भाटिया पति स्व. जोगेन्दर लाल भाटिया की दिनांक 19.06.2013 को मृत्यु होने के कारण छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 110 के तहत् आवेदित भूखण्ड से फौती का नाम खारिज कर शेष खातेदारों का नाम यथावत दर्ज किये जाने हेतु तलवाना, मेन्टीनेन्स खसरा, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज की छायाप्रति सहित इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा या आपत्ति करना हो तो वे दिनांक 25.09.2025 तक अपना दावा आपत्ति मेरे समक्ष कार्यालय समय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11.09.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

नजूल अधिकारी
जिला कोण्डागांव
(छ.ग.)


## व्यापार

### केनस्टार ने उतारे नए 5-स्टार वॉटर हीटर्स

**नई दिल्ली, 12 सितंबर।** भारत के सबसे भरोसेमंद होम अप्लायंसेज़ ब्रांड्स में से एक केनस्टार ने वॉटर हीटर्स की अपनी नई रेंज लॉन्च की है। आधुनिक भारतीय घरों के लिए डिज़ाइन किए गए ये वॉटर हीटर्स न सिर्फ़ पानी को तेज़ी से गरम करते हैं, बल्कि ज़्यादा आउटपुट देते हैं और बिजली की बचत भी सुनिश्चित करते हैं। इस तरह उपभोक्ताओं को सम्पूर्ण स्नान का एक संतोषजनक और अनुभव मिलता है। लॉन्च के साथ ही केनस्टार ने अपना नया कैंपेन बाथ बन जाए पेश किया है। यह कैंपेन उस आम परेशानी पर ध्यान दिलाता है जब पारंपरिक वॉटर हीटर से पानी कम पड़ जाता है और नहाना अधूरा रह जाता है। केनस्टार के नए वॉटर हीटर इस कमी को दूर करते हुए हर स्नान को पूरा और आनंददायक बनाते हैं।

### आईआईएफएल फाईनेंस गोल्ड लोन करेगा आपके सपने पूरे

**नई दिल्ली, 15 सितंबर।** आईआईएफएल का मूल सिद्धांत है, ''सपना आपका, गोल्ड लोन हमारा''। अपने इसी विश्वास के साथ आईआईएफएल फाईनेंस लाखों भारतीयों का भरोसेमंद ग्रोथ पार्टनर है। नए भारत के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली एमएसएमई की महत्वाकांक्षाओं और लोगों के सपनों को पूरा करने के उद्देश्य से आईआईएफएल फाईनेंस उन्हें सुलभ वित्तीय समाधान प्रदान करके विकास की यात्रा में तेजी लाने के लिए प्रतिबद्ध है। आईआईएफएल फाईनेंस गोल्ड लोन एक सरल व पारदर्शी प्रक्रिया द्वारा तुरंत वित्तीय सहायता प्रदान करता है। ग्राहकों को कम से कम दस्तावेजों द्वारा उसी दिन फंड प्राप्त हो जाता है। यह लोन बहुत आकर्षक और किफायती मूल्य पर दिया जाता है। लोन की वापसी भी लोगों की व्यक्तिगत वित्तीय जरूरतों के अनुरूप बहुत सुविधाजनक तरीके से की जा सकती है।

# टैरिफ से आंध्र के झींगा निर्यात को हो सकता है 25000 करोड़ का नुकसान

## सीएम नायडू ने केंद्र से मांगी मदद

**नई दिल्ली, 15 सितंबर।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने अमेरिकी टैरिफ को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने कहा है कि इससे राज्य के झींगा निर्यात को 25,000 करोड़ रुपये का नुकसान हो सकता है। नायडू ने केंद्र से जलीय कृषि उत्पादों के घरेलू उपयोग को बढ़ाने, जीएसटी, वित्त और अन्य में लचीलापन लाने के उपाय करके जलीय कृषि क्षेत्र को बचाने का भी अनुरोध किया।

अमेरिकी टैरिफ से आंध्र प्रदेश के झींगा निर्यात को 25,000 करोड़ रुपये का नुकसान हो सकता है। राज्य के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने इसे लेकर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि 50 प्रतिशत तक निर्यात ऑर्डर रद्द हो गए हैं।

नायडू ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और मत्स्य पालन मंत्री राजीव रंजन सिंह को पत्र लिखा। मुख्यमंत्री ने दक्षिणी राज्य के जलीय कृषि क्षेत्र के समक्ष आ रही कठिनाइयों पर प्रकाश डाला और उनसे सहयोग का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री के अनुसार, 2,000 कंटेनरों के माध्यम से होने वाले निर्यात पर 600 करोड़ रुपये तक का कर लगाया गया है।



**झींगा निर्यात में आंध्र प्रदेश का योगदान 80 प्रतिशत**

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि देश के झींगा निर्यात में आंध्र प्रदेश का योगदान 80 प्रतिशत और समुद्री निर्यात में 34 प्रतिशत है। इसका मूल्य लगभग 21,246 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष है। उन्होंने बताया कि 2.5 लाख परिवार और संबद्ध क्षेत्रों के 30 लाख से अधिक लोग जलीय कृषि क्षेत्र पर निर्भर हैं।

**आंध्र सरकार ने किसानों को समर्थन देने के उपाय किए**

इस संकट के बीच, नायडू ने कहा कि उनकी सरकार ने जलीय कृषि किसानों को समर्थन देने के लिए कदम उठाए हैं। इसके तहत जलीय कृषि चारा निर्माताओं से कीमतों में 9 रुपये प्रति किलोग्राम की कटौती करवाई गई है और सब्सिडी वाले बिजली ट्रांसफार्मर की आपूर्ति पर विचार किया जा रहा है।

**केंद्र से आपूर्ति शृंखला को सहारा देने का किया अनुरोध**

उन्होंने केंद्र से जलीय कृषि उत्पादों के घरेलू उपयोग को बढ़ाने, जीएसटी, वित्त और अन्य में लचीलापन लाने के उपाय करके जलीय कृषि क्षेत्र को बचाने का भी अनुरोध किया। इसके अलावा, उन्होंने 100 करोड़ रुपये का एक कोष स्थापित करने, शीत भण्डारों और स्वच्छ मछली एवं समुद्री खाद्य बाजारों की स्थापना करने का आह्वान किया। साथ ही इस बात पर जोर दिया कि राज्य सरकार किसानों को सीधे बाजार तक आपूर्ति शृंखला की सुविधा प्रदान करने के लिए आंध्र प्रदेश झींगा उत्पादक समन्वय समिति की स्थापना करने के लिए तैयार है।

**समुद्री खाद्य उपभोग को बढ़ावा देने पर जोर**

मुख्यमंत्री ने समुद्री खाद्य उपभोग को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता अभियान की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने बताया कि जलीय कृषि उत्पाद प्रोटीन से भरपूर व अत्यधिक पौष्टिक होते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भारत में प्रति व्यक्ति समुद्री खाद्य उपभोग केवल 12 से 13 किलोग्राम प्रति वर्ष है, जबकि वैश्विक औसत 20-30 किलोग्राम है।

**टॉप-अप ऋण देने की मांग**

परिवहन को बढ़ावा देने के लिए, नायडू ने केंद्र सरकार से दक्षिण भारत से देश के विभिन्न भागों में जलीय कृषि उत्पादों की शिपिंग के लिए समर्पित रेलगाड़ियां चलाने का अनुरोध किया।उन्होंने मछुआरा समुदाय के लिए किसान क्रेडिट कार्ड के तहत एक लाख रुपये का एकमुश्त टॉप-अप ऋण देने की मांग की।

साथ ही नए बाजारों में प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए प्रसंस्करण, पैकेजिंग और कोल्ड-चेन सुविधाओं को मजबूत करने का आह्वान किया। इसके अलावा, उन्होंने केंद्र सरकार से अनुरोध किया कि वह आईसीएआर-सीआईबीए और आईसीएआर-एनबीएफजीआर जैसे प्रमुख अनुसंधान संस्थानों के क्षेत्रीय कार्यालय आंध्र प्रदेश में स्थापित करे।

# आज से यूपीआई पेमेंट लिमिट बढ़ी

## अब इंश्योरेंस-ईएमआई जैसे पेमेंट पर रोजाना 10 लाख रुपये तक ट्रांजेक्शन संभव

**नई दिल्ली, 15 सितंबर ।** भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने यूपीआई के जरिए बड़े लेनदेन करने वालों को बड़ी राहत दी है। आज यानी 15 सितंबर 2025 से यूपीआई की नई लिमिट लागू हो गई है। इसके तहत अब इंश्योरेंस, कैपिटल मार्केट, लोन ईएमआई और ट्रैवल जैसी कैटेगरी में एक दिन में 10 लाख रुपये तक का लेनदेन किया जा सकेगा। एनपीसीआई ने बताया कि नई लिमिट केवल पर्सन-टू-मर्चेंट भुगतान पर लागू होगी। इसका मतलब है कि वेरिफाइड कारोबारियों और संस्थाओं को पेमेंट करते समय यूजर्स अब ज्यादा रकम ट्रांसफर कर पाएंगे। कुछ कैटेगरी में लिमिट 5 लाख रुपये और कुछ कैटेगरी में 10 लाख रुपये तय की गई है। एनपीसीआई ने अपने 24 अगस्त के सर्कुलर में कहा था कि यूपीआई अब देश का सबसे पसंदीदा डिजिटल पेमेंट मोड बन चुका है। हाई वैल्यू पेमेंट्स की बढ़ती डिमांड को देखते हुए यह बदलाव किया गया है। टैक्स भुगतान से जुड़ी कैटेगरी के तहत 5 लाख रुपये तक की नई लिमिट लागू होगी। ध्यान देने वाली बात यह है कि पर्सन-टू-पर्सन यानी एक व्यक्ति से दूसरे को पैसे भेजने की लिमिट में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यह पहले की तरह ही एक लाख रुपये प्रतिदिन बनी रहेगी। नई व्यवस्था से उन ग्राहकों को खास फायदा मिलेगा, जिन्हें पहले हाई वैल्यू पेमेंट करने के लिए कई किस्तों में ट्रांजेक्शन करना पड़ता था या अन्य बैंकिंग चैनल का सहारा लेना पड़ता था। अब वे आसानी से यूपीआई से ही बड़े पेमेंट निपटा पाएंगे।





**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल प्रक्षेत्र, जगदलपुर**

**:: सूचना ::**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छ.ग. गृह निर्माण मंडल प्रक्षेत्र जगदलपुर द्वारा सामान्य आवास योजनांतर्गत हॉटकचोरा में स्थित निर्मित भवनों में LIG FLAT - 12/225 जो कि श्रीमती आई सत्यवेदम पति श्री आई.बी. जय राजा एवं एन्री सुसन पिता श्री आई. बी. जय राजा को मण्डल द्वारा आबंटित है। उक्त भवन को श्रीमती आई सत्यवेदम पति श्री आई.बी. जय राजा एवं एन्री सुसन पिता श्री आई.बी. जय राजा के द्वारा श्रीमती सुचिस्मिता मोहन्ती पिता- श्री संतोष कुमार मोहन्ती को विक्रय करने हेतु विक्रय अनुबंध की छायाप्रति सहित विक्रय अनुमति के संबध में आवेदन प्रस्तुत किया हैं, आवेदन के अनुसार विक्रय अनुमति प्रमाण पत्र दिया जाना प्रस्तावित हैं।

इस संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, शासकीय / अर्धशासकीय संस्था को इस संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित दिनांक पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं होगी ।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल
प्रक्षेत्र-जगदलपुर

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल प्रक्षेत्र, जगदलपुर**

**:: सूचना ::**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छ.ग. गृह निर्माण मंडल प्रक्षेत्र जगदलपुर द्वारा सामान्य आवास योजनांतर्गत पड़ीपानी में स्थित निर्मित भवनों में LIG-238 जो कि श्री सुरेश रावल पिता श्री त्रीनाथ रावल को मण्डल द्वारा आबंटित है। उक्त भवन को श्री सुरेश रावल पिता श्री त्रीनाथ रावल के द्वारा श्रीमती यशोदा चौहान पति-श्री गौकरण सिंह चौहान एवं श्री अमित सिंह चौहान पिता श्री गौकरण सिंह चौहान को विक्रय करने हेतु विक्रय अनुबंध की छायाप्रति जमा किया गया है।

इस संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, शासकीय / अर्धशासकीय संस्था को इस संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित दिनांक पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं होगी ।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल
प्रक्षेत्र-जगदलपुर

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल प्रक्षेत्र, जगदलपुर**

**:: सूचना ::**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छ.ग. गृह निर्माण मंडल प्रक्षेत्र जगदलपुर द्वारा सामान्य आवास योजनांतर्गत हॉटकचोरा में स्थित निर्मित भवनों में LIG FLAT 14/277 जो कि श्रीमती योगिता साव पति श्री राजकुमार साव को मण्डल द्वारा आबंटित है। उक्त भवन को श्रीमती योगिता साव पति श्री राजकुमार साव के द्वारा श्रीमती मोनिका भूरा पति - श्री गौरव भूरा को विक्रय करने हेतु विक्रय अनुबंध की छायाप्रति सहित विक्रय अनुमति के संबध में आवेदन प्रस्तुत किया हैं, आवेदन के अनुसार विक्रय अनुमति प्रमाण पत्र दिया जाना प्रस्तावित हैं।

इस संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, शासकीय / अर्धशासकीय संस्था को इस संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित दिनांक पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं होगी ।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल
प्रक्षेत्र-जगदलपुर

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल प्रक्षेत्र, जगदलपुर**

**:: सूचना ::**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छ.ग. गृह निर्माण मंडल प्रक्षेत्र जगदलपुर द्वारा सामान्य आवास योजनांतर्गत हॉटकचोरा में स्थित निर्मित भवनों में EWS 12 जो कि श्रीमती आशा शील पति श्री रंजीत शील को मण्डल द्वारा आबंटित है। उक्त भवन को श्रीमती आशा शील पति श्री रंजीत शील के द्वारा श्रीमती कुरूमुजू संध्या राव सोनी पति - श्री के.शंकर राव को विक्रय करने हेतु विक्रय अनुबंध की छायाप्रति सहित विक्रय अनुमति के संबध में आवेदन प्रस्तुत किया हैं, आवेदन के अनुसार विक्रय अनुमति प्रमाण पत्र दिया जाना प्रस्तावित हैं।

इस संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, शासकीय / अर्धशासकीय संस्था को इस संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित दिनांक पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं होगी ।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल
प्रक्षेत्र-जगदलपुर

# न्यूड पार्टी के आयोजकों को बचा रही भाजपा सरकार : दीपक बैज



## प्रदेश में बच्चियां तक असुरक्षित, अपराध रोकने में सरकार नाकाम

**रायपुर, 15 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार जनता के मुद्दों को छोड़कर नशा और नग्नता को बढ़ावा देने में लगी है।

बैज ने कहा कि न्यूड पार्टी के पोस्टर को शेयर हुए 72 घंटे से ज्यादा हो गए हैं, लेकिन अभी तक आयोजकों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। जो गिरफ्तार किए गए हैं, वे दूसरी स्ट्रेंजर्स पार्टी के आयोजक हैं। बैज ने कहा कि बिना सरकार के संरक्षण के यह संभव नहीं हैं। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ की संस्कृति को दूषित करने में लगी है। अभी तक मुख्यमंत्री का इस मामले में कोई बयान नहीं आया, पुलिस का मीडिया के सामने अधिकृत बयान नहीं आया ये किसको बचाना चाह रहे है?

**सरकार पूरे छत्तीसगढ़ को शराब के नशे में डुबाना चाह रही:** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि बेहद दुर्भाग्य जनक है कि विपक्ष में रह कर शराब बंदी की दुहाई देने वाली भाजपा की सरकार अब शराब की बिक्री और खपत बढ़ाने में लगी है। आबकारी मंत्री लखनलाल देवांगन ने बयान दिया है कि और प्रीमियम शराब की दुकान खोली जाएगी ताकि अच्छे लोग शराब पीने आगे आए। बैज ने कहा कि मतलब यह सरकार पूरे प्रदेश को शराब खोर बनाना चाहती है। प्रदेश में बिना होलोग्राम की अवैध शराब सरकार बिकवा के शराब की काली कमाई में लगी है। प्रदेश के बाहर से बड़ी संख्या में सरकार के संरक्षण में प्रदेश में अवैध शराब आ रही है।

**प्रदेश में मासूम बच्चियां भी सुरक्षित नहीं:** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि राज्य की कानून व्यवस्था बर्बाद हो गई है। मासूम बच्चियों भी सुरक्षित नहीं है। कल डोंगरगढ़ में 4 साल की एक अबोध बच्ची के साथ दुराचार की घटना हुई। पुलिस इस मामले में एफआईआर तक नहीं लिख रही थी। जब परिजनों और जनता ने थाने का घेराव किया तब कही बच्ची का मुलाहिजा करवाया गया और रिपोर्ट दर्ज हुई। सरकार आपराधिक घटनाएं रोकने में असफल साबित हुई है तो घटनाओं की रिपोर्ट नहीं लिखी जा रही ताकि घटनाएं छुपाई जाय। सरकार लोगो को न सुरक्षा दे पा रही और न न्याय।

## एक नजर

### छग के नये मुख्य सचिव होंगे विकासशील



**रायपुर, 15 सितंबर।** छग के वर्तमान मुख्य सचिव अमिताभ जैन 30 सितंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। ज्ञातव्य है कि उनका रिटायरमेंट 30 जून को था जिसे मुख्यमंत्री ने बढ़ाते हुए तीन माह का एक्सटेंशन देते हुए 30 सितंबर तक बढ़ाया था। तमाम अनुमानों को दरकिनार करते हुए मुख्यमंत्री ने अगला मुख्यसचिव 1994 बैच के विकासशील को बनाया है वे एक अक्टूबर से मुख्य सचिव का पदभार एवं कार्यभार ग्रहण करेंगे। ज्ञात हो कि विकासशील प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली में फिलिपींस की राजधानी मनीला स्थित एशियाई डेवलपमेंट बैंक के कार्यकारी निदेशक थे। वहां से उन्हें छग के लिए रिलीव कर दिया गया है। उनकी पत्नी निधि छिब्बर आईएएस है। उनकी जगह नीति आयोग में नई पोस्टिंग की गई है। वे आयोग से रिलीव हो जाएंगी। राज्य सरकार ने केंद्र सरकार से अनुरोध किया था कि विकासशील की प्रतिनियुक्ति अवधि खत्म कर उन्हें छग में सेवाएं देने हेतु कार्यमुक्त किया जाए। केंद्र ने राज्य की मांग स्वीकार करते हुए विकासशील को डीओपीटी ने छग वापस भेजना स्वीकार किया। विकासशील सोमवार को छग वापस होंगे।

### ज्वेलर्स शॉप से लाखों रुपए का सोना पार

**रायपुर, 15 सितम्बर।** ज्वेलर्स शॉप के पूर्व कर्मचारी 170 ग्राम सोना पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सुमीत जैनप 47 वर्ष आम्रपाली सोसायटी न्यू राजेन्द्र नगर का रहने वाला है। प्रार्थी का सदर बाजार में सहेली ज्वेलर्स नाम से शॉप है। बताया जाता है कि प्रार्थी के दुकान में पूर्व में काम करने वाला कर्मचारी नितेश जैन ने शॉप से 170 ग्राम सोना पार कर दिया। चोरी किए सोने की कीमत करीब 18 लाख रुपए बताया जा रहा है। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### पंचायतों में स्वच्छता पखवाड़ा 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक

**रायपुर, 15 सितंबर।** भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 17 सितंबर को जन्मदिन है। इस अवसर पर प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों द्वारा 17 सितंबर से दो अक्टूबर के मध्य स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। छग स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के संचालक डॉ. अश्वनी देवांगन ने बताया कि ऐसी सभी ग्राम पंचायतों को 14 सितंबर तक चिन्हित किया गया है जहां साफ सफाई व्यापक स्तर पर की जाएगी। उन्होंने कहा कि दो अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्मदिवस है। प्रधानमंत्री एवं गांधी जी का लक्ष्य देश को संपूर्ण रूप से स्वच्छ करने था इसी कड़ी में यह आयोजन बड़े स्तर पर किया जा रहा है।

### विश्व प्राथमिक उपचार दिवसः जीवन बचाने के लिए समुदाय को सशक्त बनाने का आह्वान

**रायपुर, 15 सितम्बर।** विश्व प्राथमिक उपचार दिवस हर साल सितम्बर के दूसरे शनिवार को मनाया जाता है, ताकि लोगों में प्राथमिक उपचार के महत्व और प्रशिक्षण को लेकर जागरूकता फैलाई जा सके। इस अवसर पर रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल, रायपुर ने नागरिकों से अपील की है कि वे बुनियादी प्राथमिक उपचार की तकनीकें सीखें, क्योंकि यह आपातकालीन स्थितियों में जीवन बचाने में अहम भूमिका निभाती हैं। प्राथमिक उपचार वह त्वरित मदद है जो किसी घायल या अचानक बीमार हुए व्यक्ति को दी जाती है, जब तक कि विशेषज्ञ चिकित्सा सहायता उपलब्ध न हो जाए। सड़क दुर्घटनाओं, जलने, हार्ट अटैक, घुटन या हड्डी टूटने जैसी स्थितियों में सही समय पर दिया गया प्राथमिक उपचार न केवल जटिलताओं को रोक सकता है, बल्कि जीवन और मृत्यु के बीच फर्क भी पैदा कर सकता है। आपातकाल हमें कभी समय देकर नहीं आते। हार्ट अटैक, दुर्घटना या घुटन के कुछ 'गोल्डन मिनट्स' में सही प्रतिक्रिया से व्यक्ति की जान बचने की संभावना दोगुनी-तिगुनी हो सकती है। दुर्भाग्य से, भारत में केवल 10 में से 1 व्यक्ति ने ही औपचारिक प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लिया है। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल का मानना है कि प्राथमिक उपचार हर नागरिक के लिए उतना ही जरूरी है जितना साक्षर होना।



## मुख्यमंत्री दूरदर्शन के 66वें स्थापना दिवस समारोह में हुए शामिल

# दूरदर्शन ने समाज को वैचारिक रूप से समृद्ध करने और संस्कारों को संवारने में निभाई महत्वपूर्ण भूमिका : साय

**रायपुर, 16 सितम्बर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर स्थित दूरदर्शन केंद्र में आयोजित दूरदर्शन के 66वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए और दूरदर्शन परिवार, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं दर्शकों को शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने दीप प्रवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और इस ऐतिहासिक यात्रा से जुड़ी अपनी स्मृतियाँ साझा कीं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने दूरदर्शन के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य, गीत तथा शास्त्रीय संगीत और नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों का आनंद लिया। मुख्यमंत्री के समक्ष कलाकारों ने गौर नृत्य, बांस गीत, जवारा नृत्य, सुआ नृत्य और गौरी-गौरा जैसे लोकनृत्य प्रस्तुत किए।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि दूरदर्शन ने मनोरंजन के साथ-साथ हमें वैचारिक रूप से समृद्ध करने और संस्कारित करने में भी बड़ी भूमिका निभाई है। उन्होंने 1982 में एशियाई खेलों के रंगीन प्रसारण, रामायण और महाभारत जैसे धारावाहिकों का उल्लेख करते हुए कहा कि उस दौर में दूरदर्शन का जादू ऐसा था कि प्रसारण के समय सड़कों पर सन्नाटा छा जाता था। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि मिले सुर मेरा तुम्हारा जैसे गीतों के माध्यम से दूरदर्शन ने देश की एकता और सांस्कृतिक एकरूपता का संदेश दिया। समाचारों की गरिमा और भाषा की शुचिता





बनाए रखने में दूरदर्शन की परंपरा सदैव सराहनीय रही है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि दूरदर्शन के प्रादेशिक केंद्रों ने स्थानीय कलाकारों और प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच प्रदान किया है। रायपुर दूरदर्शन ने अपने लोकप्रिय कार्यक्रमों और विशेषकर हमर चिन्हारी के माध्यम से छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर को देश-दुनिया तक पहुँचाया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि कृषि दर्शन, महिलाओं से जुड़े कार्यक्रमों और युवाओं के लिए प्रस्तुत विशेष सामग्री के माध्यम से दूरदर्शन ने समाज के हर वर्ग को जोड़ा है। उन्होंने अपनी मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी सँभालने के बाद अपनी बात कार्यक्रम में दिए गए साक्षात्कार को याद करते हुए कहा कि दूरदर्शन हमेशा स्पष्टता से और विस्तारपूर्वक अपनी बात रखने का पर्याप्त अवसर देता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लाखों हितग्राहियों को मिल रहा है और दूरदर्शन के द्वारा समाज में आने वाले सकारात्मक बदलावों को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब किसी एक व्यक्ति की सफलता की कहानी दूरदर्शन पर प्रसारित होती है, तो वह लाखों लोगों के जीवन को बदलने का सशक्त आधार बनती है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दूरदर्शन परिवार को पुनः स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि दूरदर्शन इसी प्रकार आम जनता का मनोरंजन, संस्कार और जागरूकता का प्रमुख माध्यम बना रहेगा। संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि दूरदर्शन ने छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति और परंपराओं को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंच तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में भी दूरदर्शन प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर को और अधिक सशक्त रूप से दुनिया के सामने प्रस्तुत करेगा। इस अवसर पर रायपुर दूरदर्शन केंद्र के उप महानिदेशक संजय कुमार मिश्र सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# सचिन पायलट कल से 3 दिनी छत्तीसगढ़ दौरे पर



■ वोट चोर-गद्दी छोड़ रैली में होंगे शामिल, रायगढ़-कोरबा-राजानांदगांव-दुर्ग में होने वाली सभी रैली में पहुंचेंगे

**रायपुर, 15 सितम्बर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट 16 सितम्बर से तीन दिन के दौरे पर छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। इस दौरान वे प्रदेशभर में आयोजित होने वाली ÷वोट चोर गद्दी छोड़÷ रैली और विभिन्न बैठकों में हिस्सा लेंगे।

पार्टी ने उनका विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है । गौरतलब है कि बिलासपुर में हुई बड़ी सभा के दौरान पायलट ने सरकार को जमकर घेरा था। पायलट अपने दौरै के दौरान कार्यकर्ताओं के साथ संगठन सृजन को लेकर बैठक करेंगे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि देश भर में मतदाता सूचियों में की गई गडबड़ियों एवं चुनावी निष्पक्षता की मांग को लेकर प्रदेश कांग्रेस रायगढ़ से भिलाई तक 16 सितंबर से 18 सितंबर तक तीन दिवसीय वोट चोर, गद्दी छोड़ कार्यक्रम का आयोजन करने जा रही है।

इस कार्यक्रम में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट भी शामिल होने आ रहे है। इस कार्यक्रम की शुरूआत 16 सितंबर को रायगढ़ में हस्ताक्षर अभियान एवं सभा से होगी तथा इसी दिन कोरबा में मशाल रैली होगी। 17 सितंबर को तखतपुर एवं मुंगेली, बेमेतरा में पदयात्रा और सभा होगी।

बैज ने बताया कि 18 सितंबर को राजनांदगांव, दुर्ग एवं भिलाई में कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में शामिल होने छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट 16 सितंबर को 2.30 बजे झारसुगड़ा हवाई अड्डे पहुंचेंगे, वहां से रायगढ़ आयेंगे। कार्यक्रम में सभी वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल होंगे।

# राजधानी के विकास में अभियंताओं की भूमिका महत्वपूर्ण : महापौर



■ भारत रत्न महान अभियंता मोक्ष गुण्डम विश्वेवैरय्या को 165 वीं जयंती पर दी गई आदरांजलि

**रायपुर, 15 सितम्बर।** रायपुर नगर पालिक निगम संस्कृति विभाग के तत्वावधान में नगर निगम जोन कमांक 4 के सहयोग से संयुक्त अभियंता आयोजन समिति के तत्वावधान में राजधानी शहर रायपुर के सिविल लाईन्स पीडब्ल्यूडी चौक में स्थित भारत रत्न महान अभियंता मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरैय्या की 165वीं जयंती पर रखे गये संक्षिप्त पुष्पांजलि आयोजन में पहुंचकर रायपुर की महापौर मीनल चौबे ने सभी राजधानीवासियो की ओर से भारत रत्न महान अभियंता मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरैय्या को जयंती पर सादर नमन कर आदरांजलि अर्पित की।

महापौर मीनल चौबे ने सभी अभियंताओं को अभियंता दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं दी। महापौर ने कहा कि रायपुर शहर के विकास में सभी विभागो के अभियंताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होने सभी अभियंताओं से रायपुर शहर को राजधानी के अनुरूप सुन्दर स्वच्छ, हरित, स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने सक्रिय सहभागिता दर्ज करवाने की अपील की। संक्षिप्त पुष्पांजलि आयोजन में रायपुर नगर निगम संस्कृति विभाग के अध्यक्ष अमर गिदवानी, छ.ग. विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष हेमंत वर्मा, वरिष्ठ अभियंता चंद्रकांत पिल्लीवार, पीएचई के मुख्य प्रमुख अभियंता ओंकेश चंद्रवंशी, सेवानिवृत्त वरिष्ठ अभियंता पी.एन. सिंह, नगर निगम के सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता सूडा के संविदा मुख्य अभियंता राजेश शर्मा, रविप्रा के सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता डी.एस. परोहा, वास्तुविद मनीष पिल्लीवार, रायपुर नगर निगम अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, वरिष्ठ अभियंता सी.पी शर्मा, मनोज वर्मा, योगेश शर्मा सहित वरिष्ठ अभियंताओ एवं कनिष्ठ अभियंताओं ने मूर्ति स्थल पर पहुंचकर भारत रत्न महान अभियंता मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरैय्या को उनकी 165 वीं जयंती पर नमन करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस अवसर पर संयुक्त अभियंता आयोजन समिति के तत्वावधान में महान अभियंता के मूर्ति स्थल के समीप रक्त दान शिविर का आयोजन रखा गया। जिसमे वरिष्ठ व कनिष्ठ अभियंताओं ने स्वेच्छिक रक्तदान किया।

### तेलीबांधा के फार्म हाउस में छापा हुक्का और विदेशी शराब जब्त

रायपुर, 15 सितम्बर। तेलीबांधा स्थित फर्म हाउस में एक शराब पार्टी के दौरान पुलिस द्वारा मारे गए छापा में हुक्का पाट तथा विदेशी शराब बड़ी मात्रा जब्त की गई है। राजधानी में न्यूड पार्टी के पश्चात आज पुलिस को एक और सफलता मिली है। एक निजी फर्म हाउस में कई सफेद पोश की पार्टी में जमकर विदेशी शराब तथा हुक्का का प्रयोग करने वालों को पकड़ा गया। पहले आबकारी विभाग को इसकी सूचना दी गई, जिसमें आबकारी विभाग ने खानापूर्ति कर सिर्फ शराब की जब्ती दिखाई, लेकिन इसके पश्चात पुलिस को पता लगा तो वे चार दिवारी फांदकर फार्म हाउस पहुंचे जिसके कारण यहां पर भगदड़ मंच गई।

# मुख्यमंत्री साय से ग्रैंडमास्टर प्रवीण महादेव थिप्से ने की सौजन्य भेंट

**रायपुर, 15 सितंबर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से विगत दिवस राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में भारत के अंतर्राष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी एवं ग्रैंडमास्टर प्रवीण महादेव थिप्से ने सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री थिप्से की खेल प्रतिभा और उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनकी प्रशंसा की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के महासचिव श्री विक्रम सिसोदिया सहित संघ के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि प्रवीण



महादेव थिप्से शतरंज में ग्रैंडमास्टर की उपाधि प्राप्त करने वाले खिलाड़ी हैं और राष्ट्रमंडल शतरंज चैंपियनशिप जीतने वाले पहले भारतीय भी हैं। उन्हें अर्जुन पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है।

# चुनाव नहीं होने से सहकारी समितियों में नौकरशाहों का कब्जा

## कांग्रेस शासनकाल में मनोनयन की परम्परा हुई थी शुरू

**रायपुर, 15 सितम्बर।** प्रदेश में सहकारी समितियों की चुनाव ठंडे बस्ते में डाल दिए गए हैं, जिसके चलते शीर्ष सहकारी संस्था मार्कफेड, अपेक्स तथा जिला सहकारी समितियों में अधिकारियों का कब्जा हो गया है, जिससे सहकारिता आंदोलन को धक्का पहुंच रहा है।

मार्कफेड के पूर्व अध्यक्ष शशिकांत द्विवेदी के अनुसार राज्य में कुल 1200 से अधिक सहकारी समितियां है, जिनका परिसिमन भी करा लिया गया है। कांग्रेस शासन काल में मनोनयन की परंपरा शुरू कर दी गई थी, जिसके चलते अपेक्स मार्कफेड तथा जिला सहकारी समितियों में प्राधिकृत अधिकारियों को बैठा दिया गया है, जिसके चलते सहकारिता आंदोलन पर विपरीत असर पड़ रहा है। राज्य में जिला सहकारी बैंक रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, बस्तर एवं अम्बिकापुर में प्राधिकृत अधिकारी बैठे हुए हैं, इन संस्थाओं द्वारा खाद, धान तथा अन्य सहकारी योजनाओं का संचालन किया जाता है, जिसमें इनकी भूमिका अग्रणीय होती है।

### मार्कफेड की आम सभा में भाग लेंगे सिर्फ अधिकारी

शशिकांत द्विवेदी के अनुसार वे मार्कफेड के पूर्व अध्यक्ष पद का कामकाज देख चुके हैं, मार्कफेड एक सहकारी संस्था है, जिसकी आमसभा की बैठक बुलाई गई है, जिसमें सहकारिता विभाग के सचिव, पंजीयक, कलेक्टर तथा अन्य अधिकारी भाग लेंगे। मार्कफेड धान खरीदी के लिए एक नोडल एजेंसी है, जो कि 50 हजार करोड़ से ज्यादा मूल्य का धान खरीदती है। अपेक्स बैंक के माध्यम से जिला सहकारी बैंक के माध्यम से समर्थन मूल्य एवं बोनस का वितरण किया जाता है, जिसके कारण मार्कफेड के आमसभा काफी महत्वपूर्ण है। बैठक में चालू वर्ष और अगले वितिीय वर्ष के वार्षिक बजट को अनुमति प्रदान की जाती है।


**फर्जीवाड़ा** / ट्रैफिक ई-चालान के मैसेज से अकाउंट्स खाली

# बिलासपुर-दुर्ग में पार्षद, रायपुर में कारोबारी से 10 लाख की ठगी

**रायपुर, 15 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ में ई-चालान के नाम पर साइबर ठगों ने पार्षद और कारोबारी से करीब 10 लाख की ठगी की है। ठगों के निशाने में दुर्ग के पार्षद, बिलासपुर के पार्षद और रायपुर कारोबारी आए हैं। ठगों ने ट्रैफिक पुलिस और आरटीओ विभाग के नाम पर नकली ई-चालान लिंक भेजकर खाते से पैसे पार कर दिए। जानकारी के मुताबिक, दुर्ग में पार्षद के मोबाइल में ई-चालान भरने का लिंक आया। जैसे ही लिंक पर क्लिक किया, खाते से पैसे अपने आप कट गए। पीड़ितों ने बताया कि जिस नंबर से वॉट्सऐप में मैसेज आया उसकी प्रोफाइल में छत्तीसगढ़ पुलिस का लोगो भी लगा था।

### दुर्ग के पार्षद से 90 हजार रुपए की ठगी

दुर्ग जिले के मठपारा वार्ड के पार्षद नरेन्द्र कुमार बंजारे को 9 सितंबर को मोबाइल पर एक मैसेज आया। मैसेज में यातायात नियम तोड़ने का हवाला देते हुए ई-चालान भरने कहा गया। बंजारे ने जैसे ही लिंक पर क्लिक कर क्क्षु से भुगतान करना चाहा, दो बार में 49,500 और 40,000 रुपए खाते से कट गए। इसके बाद ठगी का एहसास होते ही नरेन्द्र कुमार बंजारे ने तुरंत थाने में शिकायत दर्ज कराई। फिलहाल दुर्ग कोतवाली पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




### बिलासपुर के पार्षद से 3 लाख की ठगी

वहीं बिलासपुर के दयालबंद वार्ड 36 के पार्षद बंधु मौर्य भी साइबर ठगी का शिकार बन गए। 3 सितंबर की शाम उनके वॉट्सऐप पर छत्तीसगढ़ पुलिस का लोगो लगा आरटीओ ई-चालान लिंक आया।

लिंक पर क्लिक करते ही उनसे आधार, पैन, ड्राइविंग लाइसेंस और बैंक डिटेल्स जैसी गोपनीय जानकारी मांगी गई। पार्षद ने इसे असली समझकर जानकारी भर दी। इसके बाद उनके एचडीएफसी खाते से लगातार ट्रांजेक्शन होते रहे और देखते ही देखते तीन लाख रुपए पार हो गए। ठगों ने राशि को अलग-अलग खातों और वॉलेट्स में ट्रांसफर कर दिया। मामले की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है।

### रायपुर में कारोबारी से 6 लाख की ठगी

रायपुर के 2 अलग-अलग कारोबारियों से 6 लाख की ठगी हुई है। गुढियारी के एक कारोबारी से 4 लाख और पुरानी बस्ती के एक युवक से 2 लाख की ठगी हुई। दोनों ही मामलों में पीड़ितों को पहले फर्जी ई-चालान का मैसेज भेजा गया। लिंक पर क्लिक करते ही खाते पैसे कट गए।

# बदली से धान की फसलों पर भूरा माहो का प्रकोप, आगामी दिनों में वर्षा की संभावना

**रायपुर, 15 सितम्बर।** प्रदेश में पिछले कई दिनों से बदली छाई रहने एवं अनवरत वर्षा के कारण भूरा एवं सफेद माहो बढ़ता जा रहा है। इसमें भूरा माहू सबसे ज्यादा खतरनाक है, किसानों ने अधिकारियों से अपील की है कि वे तत्काल दवाई का छिड़काव करें। किसान नेताओं एवं कृषि विभाग के अधिकारियो के अनुसार इस वर्ष पानी विलंब से गिरा, जिसके कारण जल्द पकने वाली फसलों की बालियां आने में देर हो रही है। इधर बदली छाने से सफेद एवं भूरा माहो का प्रकोप होने से सफसल चौपट होने की संभावना है। आरंग धरसींवा ब्लाक तथा अन्य स्थानों पर भूरा माहो फैलने की शिकायत मिली है।

**वर्षा होने के पूर्वानुमान :** मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार एक ऊपरी चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी बिहार और उसके आसपास स्थित है तथा या 3.1 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। दूसरा ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी बिहार और



उसके आसपास 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने की भी संभावना है। वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है।

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26